वाराणसी, गुरुवार 27 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 14, अंक 22, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

अन्दर : शमी की जगह शामिल किये जा सकते हैं अर्शदीप सहित तीन खिलाड़ी



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने फहराई सनातन की धर्म ध्वजा



# संगम पर महाभीड़

## महाशिवरात्रि पर दो करोड़ से अधिक ने किया स्नान



दुनिया के 60 प्रतिशत सनातन धर्मावलंबियों ने संगम स्नान कर बनाया ऐतिहासिक कीर्तिमान

**महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 65 करोड़ का आंकड़ा पारकर इतिहास रच दिया। महाकुंभ का बुधवार को आखिरी दिन था। देर शाम तक दो करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर चुके थे। पिछले 44 दिन में 65 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी (करीब 34 करोड़) से दोगुना है। महाशिवरात्रि पर्व स्नान के साथ ही 45 दिनों तक चले महाकुंभ का समापन हो गया।

कुंभ ही नहीं, दुनिया के किसी भी आयोजन में आज तक एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं जुटे हैं, जितने 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुट गए। यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित इस महाकुम्भ में संख्या के लिहाज से

### महाकुंभ

**अमेरिका की दोगुनी से ज्यादा और पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक आबादी ने लगाई पावन डुबकी**

भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो इसके अनुसार भी लगभग 50 प्रतिशत भारत ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा ली है। वहीं अगर सनातन धर्मावलंबियों की बात करें तो देश के 60 प्रतिशत से ज्यादा और दुनिया के करीब 55 प्रतिशत सनातनी श्रद्धालुओं ने पावन स्नान कर लिया है। 45 दिन तक चले इस आयोजन में श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए दुनिया भर से श्रद्धालु जुटे हैं। 73 देशों के राजनयिकों के साथ भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुम्भ के साक्षी बन चुके हैं। इसके अलावा इटली, फ्रांस, यूके, पुर्तगाल, अमेरिका, इजराइल, ईरान, मॉरीसस समेत दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। महाशिवरात्रि अमृत स्नान के साथ ही बुधवार को महाकुम्भ 2025 का समापन हो गया। ऐसे में मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। गोरखपुर में वह सुबह से ही गोरखनाथ मंदिर स्थित कंट्रोल रूम में पहुंच गए और टीवी पर स्नान पर्व की लाइव फीड पर मॉनीटरिंग करते रहे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं।

## संक्षेप

### छात्राओं के नोटबुक से मिले 4 लाख डॉलर

पुणे। कस्टम विभाग ने दुबई जा रही तीन छात्राओं से 4 लाख डॉलर यानी करीब 3.47 करोड़ रुपए बरामद किए हैं। इन छात्राओं ने इतनी बड़ी रकम नोटबुक के पन्नों के बीच छिपा रखी थी। कस्टम अधिकारियों को शक है कि यह विदेशी मुद्रा हवाला के जरिये दुबई भेजी जा रही थी। हवाला रैकेट ने विदेशी मुद्रा की तस्करी के लिए 20 साल की छात्रों का इस्तेमाल किया है। इस मामले में पुणे की एक ट्रैवल एजेंट खुशबू अग्रवाल और मुंबई के एक फॉरेक्स ट्रेडर को गिरफ्तार किया है। ट्रैवल एजेंट ने ही इन छात्राओं की दुबई यात्रा बुक की थी।

### नदी में नहाने गए 12 युवक डूबे, पांच की मौत

अमरावती। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार सुबह नहाने गए 12 लोगों के एक समूह में से पांच लोग गोदावरी नदी में डूब गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे ताड़ीपुड़ी गांव के तल्लापुडी मंडल में हुआ।

### कबाड़ियों के खिलाफ चला देवेंद्र भाऊ का बुलडोजर

मुंबई। महाराष्ट्र के मालवण में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद भारत विरोधी नारे लगाने वाले कबाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज करा दिया है। नारेबाजी करने वालों के खिलाफ हिंदू समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर जय छत्रपति शिवाजी महाराज, जय भवानी, जय शिवाजी, हर हर महादेव जैसे नारे लगाए। बीजेपी विधायक नीलेश राणे ने मामले में आक्रामक रुख दिखाकर नगर पालिका प्रशासन को पत्र सौंपकर भारत विरोधी नारे लगाने वाले व्यक्ति के अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया था।

### मणिपुर में 7 जिलों के लोगों ने सरेंडर किए हथियार

इंफाल। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद से ही हथियारों का सरेंडर जारी है। बुधवार को पुलिस ने बताया कि 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अलग-अलग सामान लोग स्वेच्छा से सरेंडर कर रहे हैं। इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं।

### रामलला के दर्शन करने पहुंचे लाखों श्रद्धालु

अयोध्या। अयोध्या में महाशिवरात्रि के मौके पर यहां आस्था का सैलाब उमड़ गया है। सुबह से ही श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। महाकुंभ से पहुंचे करीब 12 लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए यहां पहुंचे हैं। अयोध्या के नागेश्वरनाथ, क्षीरेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ है। राम मंदिर के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। शहर के कई मार्गों पर डायवर्जन प्लान लागू किया गया था। बड़े और छोटे वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई गई है।

# महाशिवरात्रि पर पथराव-आगजनी के बाद तनाव

## हजारीबाग में उपद्रवियों ने वाहनों को किया आग के हवाले

**रांची।** झारखंड के हजारीबाग जिले के डुमरौन गांव में महाशिवरात्रि पर लाउडस्पीकर का चोंगा बांधने को लेकर भारी बवाल हो गया है। बताया जाता है कि इचाक क्षेत्र अंतर्गत डुमरौन गांव के पीपर टोला में यह बवाल न्यू सनातनी हिंदुस्तान चौक पर लगे लोहे के स्तंभ में लाउडस्पीकर का चोंगा बांधने को लेकर हुआ। बवाल ऐसा बढ़ा कि दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों पक्षों के लोगों के बीच हुई पत्थरबाजी में आधा दर्जन लोग चोटिल हो गए हैं। इस दौरान उपद्रवियों ने एक कार, छह बाइक, एक स्कूटी और साइकिल को आग के हवाले कर दिया। उपद्रवियों ने सड़क पर खड़े एक ऑटो को पलट दिया। एक बाइक को कुएं में धकेल दिया। घटना में साइकिल समेत कुल आठ वाहन जला दिए गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने

### आक्रोश

**भारी संख्या में फोर्स तैनात, गली मोहल्लों में पसरा सन्नाटा**

शांति बनाए रखने की अपील करते हुए उपद्रवियों की धड़पकड़ के लिए सर्च अभियान चलाया। घटना के बाद से पूरे डुमरौन गांव के गली मुहल्लों में सन्नाटा परसा है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह आठ बजे लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। उस समय विवाद को सुलझाने के लिए थानाप्रभारी संतोष कुमार घटनास्थल पर ही थे। थानाप्रभारी संतोष कुमार के साथ पंचायत प्रतिनिधि और दोनों पक्ष के दर्जनों लोग मौजूद थे। दोनो पक्षों को सुनने के बाद पुलिस अधिकारी के



सामने ग्रामीणों के बीच सहमति बनी कि शिवरात्रि को देखते हुए दो दिन के बाद चोंगा खोल दिया जाएगा।

मौके पर सहायक एसपी श्रुति, एसडीपीओ अमित कुमार, एसडीओ लोकेश बारंगे, सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, बीडीओ संतोष कुमार, इंस्पेक्टर विनोद कुमार समेत कई थानों के पुलिस अधिकारी और जवानों ने मिलकर हालात को संभाला। समाचार लिखे जाने तक भारी संख्या में पुलिस फोर्स डुमरौन के हिंदुस्तान चौक पर कैंप कर रही थी। स्थिति नियंत्रित में लेकिन तनाव पूर्ण बताई जाती है। वहीं उपद्रवी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। यह समझौता एक पक्ष के लोगों को नागवार गुजरा और उन्होंने घरों की छत और स्कूल के परिसर से पत्थरबाजी शुरू कर दी। अचानक इस पत्थरबाजी से वहां मौजूद लोग हक्का-बक्का रह गए। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही दूसरे पक्ष के लोगों ने जवाबी पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों ओर से पत्थर चलने लगे। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई।

# बिहार में चुनाव से 7 महीने पहले मंत्रिमंडल विस्तार

### नए मंत्रियों को शपथ

**भाजपा के 7 विधायक मंत्री बने इनमें 4 मिथिलांचल से**

**पटना।** बिहार में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले बुधवार को नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। 7 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं।बुधवार को मंत्री बनाए गए सभी विधायक भाजपा के हैं। इनमें 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से हैं। राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार है। नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री हैं। इनमें भाजपा के 21, जेडीयू के 13, बाकी एक हम से और एक निर्दलीय हैं। दरभंगा से भाजपा



विधायक संजय सरावगी ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद सुनील कुमार (बिहार शरीफ), जीवेश मिश्रा (जाले), राजू सिंह (साहेबगंज), मोतिलाल प्रसाद (रीगा), कृष्ण कुमार उर्फ मंटू (अमनौर), विजय मंडल (सिकटी) मंत्री बने। बिहार में कुल 243 सीटें हैं। एनडीए के पास 131 सीटें हैं। इनमें से 40 सीटें मिथिलांचल से हैं। इसलिए मिथिलांचल को ठऊअ का गढ़ कहा जाता है। मिथिलांचल के 6 जिलों (सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली) में 60 सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां से एनडीए को 40 सीटें मिली थीं। आगामी चुनाव को देखते हुए यहां से 4 विधायक मंत्री बनाए गए हैं। दो पहले से मंत्री हैं।

### पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ जवानों ने किया ढेर

चंडीगढ़। पंजाब के पठानकोट में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बुधवार सुबह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के जवानों ने सीमावर्ती चौकी के ताशपतन क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि देखी, जिससे सुरक्षा सतर्कता बढ़ा दी गई। जवानों ने घुसपैठिए को रोकने के लिए चेतावनी दी, लेकिन उसने इसे अनसुना कर भारत में प्रवेश करने की कोशिश जारी रखी। बढ़ते खतरे को देखते हुए बीएसएफ ने उस पर गोलीबारी की, जिसमें उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए घुसपैठिए की पहचान स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है। इस घटना के बाद बीएसएफ ने पाकिस्तान की सीमा सुरक्षा एजेंसी पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। सीमाओं की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता बरत रही हैं।

# दो से तीन मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी

### विस्तार

**यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट : ब्राह्मण हो सकता है अगला पार्टी अध्यक्ष**

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले आठ से 10 दिन के बीच मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। नए मंत्रिमंडल में तीन से चार नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। वहीं, खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर दो से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे और 75 पार हो चुके नेताओं को आराम दिया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्यस्तर से फीडबैक लेने के बाद अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। मंत्रिमंडल में पश्चिमी यूपी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को मौका देने का उद्देश्य कार्यकताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देना भी है कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने प्रतिष्ठित मिल्कीपुर सीट सहित 10 में से आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज से हो सकता है जिसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से पहले हो सकती है। बता दें कि पहले भी इस तरह के अनुमान लगाए जा रहे थे कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के नये अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद वापसी की है। अब सबकी नजरे भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हैं। वहीं, यूपी प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी चौंका सकता है।

### जल्द जारी होगी जिलाध्यक्षों की सूची

भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी इस पर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से प्रक्रिया कुछ धीमी हुई। जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूची जारी होने में जो भी बिंदु सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

# हैदराबाद की इंटरनेट फार्मेसी की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद की एक अवैध इंटरनेट फार्मेसी के खिलाफ ड्रग्स तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है। ईडी ने बुधवार को बताया कि जांच के तहत उसने मध्य प्रदेश में जमीन और करीब 8 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि कुर्क की है। ईडी ने बताया कि जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ईडी के अनुसार, हैदराबाद कार्यालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत फामेर्सी, उसके प्रमोटर आशीष जैन और परिवार के सदस्यों की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क करने का आदेश जारी किया है। बता दें कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मई 2022 में शिकायत दर्ज की थी। फर्म पर अवैध इंटरनेट फामेर्सी चलाने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद मामले की ईडी ने जांच शुरू की। जांच के दौरान संघीय एजेंसी को अवैध इंटरनेट फामेर्सी चलाने की शिकायत सही मिली। ईडी ने बताया जेआर इनफिनिटी द्वारा अल्प्राजोलम, जोलपिडेम, लोराजेपम, क्लोनाजेपम, हाइड्रोकोडोन और ऑक्सीकोडोन जैसे साइकोट्रोपिक पदार्थों को टैबलेट के रूप में निर्यात किया जा रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि फर्म ने टेलीमार्केटिंग कॉल सेंटर सेवाएं और 'सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन' सेवाएं प्रदान करने की आड़ में ऐसा किया।

# भूस्वामी को अनिश्चितकाल तक जमीन के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता

नई दिल्ली। किसी भूस्वामी को अनिश्चित काल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा, भूमि मालिक को वर्षों तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता। एक बार जब किसी भूमि मालिक पर किसी विशेष तरीके से भूमि का उपयोग न करने का प्रतिबंध लगा दिया जाता है, तो उक्त प्रतिबंध को अनिश्चितकाल तक खुला नहीं रखा जा सकता।

पीठ ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**भूखंड को आरक्षित रखना कोई मतलब नहीं**

127 का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 33 वर्षों से विकास योजना में भूखंड को आरक्षित रखना कोई मतलब नहीं रखता।

अदालत ने कहा कि प्राधिकरण ने न केवल मूल मालिकों को भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी, बल्कि अब खरीदारों को भी भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पीठ ने कहा, महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 126 के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए कानून में दस वर्ष की अवधि प्रदान की गई है। महाराष्ट्र अधिनियम 42/2015 द्वारा संशोधन से पहले भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस देने के लिए भूमि मालिक को एक अतिरिक्त वर्ष दिया गया है। ऐसी समयसीमा पवित्र है और राज्य या राज्य के अधीन प्राधिकारियों द्वारा इसका पालन किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें एक खाली भूखंड के मालिकों ने 2.47 हेक्टेयर के विकास के लिए भूमि विकास योजना प्रस्तुत की थी। योजना को मंजूरी दे दी गई और शेष क्षेत्र को 1993 में अधिनियम के तहत संशोधित विकास योजना में निजी स्कूल के लिए आरक्षित दिखाया गया। हालांकि, 1993 से 2006 तक महाराष्ट्र के प्राधिकारियों द्वारा निजी स्कूल के लिए संपत्ति अधिग्रहित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।



# गवाह की कोई उम्र नहीं होती

## बच्चों की गवाही भी मान्य

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट किया कि गवाह के लिए कोई न्यूनतम उम्र नहीं होती और बच्ची के बयान को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह 7 साल की है। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या का दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। यह मामला खास इसलिए है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 7 साल की बच्ची की गवाही को आधार बनाया, जिसने अपनी मां की हत्या होते देखी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एमपी हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। हाईकोर्ट ने बच्ची के बयान को खारिज कर दिया था और आरोपी को बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एविडेंस एक्ट में गवाह की न्यूनतम उम्र तय नहीं है। इसलिए, बच्ची की गवाही को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर बच्चा गवाही देने के लिए सक्षम है, तो उसकी गवाही किसी अन्य गवाह की तरह ही मानी जाएगी। लेकिन, अदालत को बच्चे के बयान की जांच बहुत ध्यान से करनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चे जल्दी बहकावे में आ सकते हैं।सर्वोच्च कोर्ट ने आगे कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि छोटी-सी गलती पर बच्चे की गवाही को खारिज कर दिया जाए। बल्कि, बच्चे के बयान को बहुत सावधानी से परखा जाना चाहिए। इस मामले में, सर्वोच्च कोर्ट ने बच्ची की गवाही को विश्वसनीय मानते हुए उसके पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई।यह फैसला भविष्य में ऐसे मामलों में एक मिसाल का काम करेगा। ये निर्णय बच्चों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सिक्योरिटी गार्ड ने पत्नी को मारी गोली, मौत

**हड़कंप**

**दो नाली बंदूक के साथ पति घटना स्थल से भागा, जांच में जुटी पुलिस**


मृतका (फाइल फोटो)

**वाराणसी।** मंडुआडीह थानाक्षेत्र के चांदपुर में बुधवार को सिक्योरिटी गार्ड ने गोली मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इस घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची मंडुआडीह पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर स्थित बजरंग नगर कॉलोनी में किराए पर रहने वाले रानीगंज हुसैनपुर प्रतापगढ़ के मूल निवासी संगीता सिंह(45) के कमरे से गोली चलने की आवाज आई। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे तो संगीता अपने बिस्तर पर लहूलुहान पड़ी थी। सिक्योरिटी गार्ड का काम करने वाला मृतका का पति चंद्रमोहन अपनी दो नाली बंदूक लेकर भाग रहा था। पड़ोसियों ने दौड़ाया तो उनपर ही अपनी बंदूक लहराते हुए धमकी देते हुए बाहर भाग गया। इतना ही नहीं आरोपी एक बाइक सवार को असलहा दिखाते हुए रोका और बैठकर फरार हो गया। आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि किसी बात से छुब्ध होकर पति चंद्रमोहन ने पत्नी संगीता को गोली मार दी। सूचना पर घटना स्थल पहुंचे एडीसीपी सुशील कुमार, एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा, इंस्पेक्टर मडुवाडीह, फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल पड़ोसियों से पूछताछ भी की। पत्नी की हत्या की घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ लग गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया व अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया। घटना के बाद मृतक संगीता सिंह का पुत्र 25 वर्षीय दिव्यांशु सिंह घटना स्थल पहुंचा। घटना देखकर वह बदहवास सा हो गया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि चंद्रमोहन सिंह एटीएम में गार्ड की नौकरी करता था और मिलिट्री से रिटायर्ड था। फिलहाल पुलिस हत्या या दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

## काशी में भीड़ को देखते हुए 20 बेड आरक्षित

**वाराणसी।** काशी में महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर आने वाले भक्तों के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहा, मंडलीय अस्पताल में किसी भी आपात स्थिति से निबटने के लिए 20 बेड को आरक्षित किया गया था। कबीरचौरा अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ एसपी सिंह की गैरमौजूदगी में अस्पताल का चार्ज संभाल रहे टर डॉ मुकुंद श्रीवास्तव ने बताया- महाशिवरात्रि को देखते हुए हमारा अस्पताल अलर्ट मोड में है। धाम से सबसे करीब में होने की वजह से यहां सबसे पहले मरीजों को लाया जा रहा है। ऐसे में यहां 20 से अधिक बेड रिजर्व किए गए हैं। एमएस ने बताया- अस्पताल इमरजेंसी में स्ट्रेचर और बेड की संख्या बढ़ा दी गई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अस्पताल तैयार है। अस्पताल 316 बेड का है। एमएस ने बताया- सभी बीमारियों के डॉक्टर्स को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जो डॉक्टर ड्यूटी पर रहेंगे उसके अलावा सभी डॉक्टर्स को ऑनकॉल ड्यूटी पर अलर्ट रहने को कहा गया है। किसी भी तरह की ऐसी बिमारी के लिए उनसे तुरंत संपर्क किया जाएगा।

## अनाधिकृत कार्यालय खाली करने की मियाद हुई खत्म

**नगर निगम ऐक्शन मोड में**

**नये भवन में बैठेंगे 300 लोग, निर्माण कार्य अब होगा शुरू**



**वाराणसी।** अनाधिकृत कार्यालय को खाली करने की मियाद खत्म हो जाने के बाद नगर निगम अब ऐक्शन मोड में है। नगर निगम के नये भवन निर्माण में आ रही बाधाएं गुरुवार तक निस्तारित होने के आसार हैं। विभाग ने नगर आयुक्त के निर्देश पर जहां हर-हाल में अनाधिकृत कार्यालयों से सामान हटवा कर रास्ता साफ करने का मूड बना लिया है। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने शुक्रवार को ऐसे अनाधिकृत कार्यालय को तीन दिन में खाली कराने हेतु निर्देश जारी किया था और मियाद समाप्त हो जाने के बाद सामान बाहर करने की चेतावनी भी दिए थे। नगर निगम के उत्तरी छोर में में 70000 वर्ग फीट भूमि में सात मंजिला आधुनिक सुविधाओं से लैस बनने वाले इस बेहतरीन भवन में 300 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। नये भवन में हाईटेक कन्ट्रोल रूम बनाया जाएगा। जहां से पूरे शहर की निगरानी होगी और व्यवस्थाओं पर अधिकारियों की नजर होगी। इस भवन में महापौर और पार्षदो के बैठने की बेहतर सुविधा रहेगी। इस नये भवन में अडरग्राउन्ड पार्किंग बनेगा और कैंटीन, बैंक तथा पोस्ट आफिस खोला जाएगा। यहां पुलिस चौकी का निर्माण होगा, जबकि प्रसाशनिक भवन के साथ ही इंजीनियरिंग और पशुपालन विभाग का दप्तर भी स्थापित होगा।

### संक्षेप

**महाशिवरात्रि पर आस्थावानों में ठंडई वितरित**



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के महापर्व पर काशी में आने वाले शिवभक्तों के लिए बुधवार को ठंडई का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने ठंडई का प्रसाद ग्रहण किया। प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है जो इस बार भी किया गया। सुबह से चेतगंज में लगाये गये शिविर को देर रात्रि तक संचालित किया गया। शिव मंदिर में भगवान शिव को प्रसाद अर्पण कर लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कौशिक अग्रवाल, आशुतोष सेठ, आदित्य सर्राफ, हर्षवर्धन, उत्कर्ष, आनंद आदि ने सहयोग किया।

**मंडुआडीह में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, 10 घायल**

**वाराणसी।** मंडुआडीह क्षेत्र में बुधवार को एक स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में हैदराबाद के10 श्रद्धालु सवार थे। बताया जा रहा है कि चालक को नींद आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और पलट गया। दुर्घटना में गाड़ी सवार सभी श्रद्धालुओं को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत वाहन से बाहर निकाला गया और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हादसे में स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने



क्रेन की सहायता से वाहन को हटाकर लहरतारा पुलिस चौकी में खड़ा करवा दिया। सौभाग्य से इस दुर्घटना में कोई गंभीर घायल नहीं हुआ।

**युवक ने फांसी लगाकर दी जान**

**लोहता।** थाना क्षेत्र के चुरावनपुर में मंगलवार की रात निलेश चौहान 27 वर्ष ने किराये के कमरे में रोशनदान के सहारे गले में कपड़ा बांधकर लटक गया। बताया जाता है कि निलेश अपने चार साथियों के साथ अनिल पटेल के मकान में रहता था। वह घरों में टाइल्स लगाने का कार्य करता था। मृतक निलेश चौहान मऊ जिले के ग्राम सादी सराय थाना घोसी का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति का पता चलेगा।

## डम्पर की चपेट में आये टेम्पो सवार की मौत

**दु:खद**

**हादसे में घायल चार लोग दीनदयाल अस्पताल में भर्ती**

**वाराणसी।** लालपुर थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर डंपर की चपेट में आने से टैम्पों सवार एक युवक की चिकित्सा के दौरान मौत हो गई जबकि अन्य चार घायल हो गए। सभी को दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि हरहुआ से सारनाथ की तरफ जा रही डंपर ने पहले एक टेंपो को धक्का मारा उसके बाद रेलिंग क्रोस करके दूसरी साइड रेलिंग में सवारी ले कर जा रहे एक ऑटो को चपेट में ले लिया।डंपर की टक्कर से ऑटो में सवार अज्ञात 27 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान दीनदयाल में मौत हो गई जबकि रमेश ठाकुर (26) कोनिया निवासी, उमेश यादव गौरा सादात गाजीपुर निवासी, विशाल कोनिया निवासी व चालक रामदुलार (40) लोहता निवासी घायल हो गए। सभी घायलों में विशाल व रमेश ठाकुर यह लोग पंचकोश के लिए टेंपो से हरहुआ से सलारपुर के लिए जा रहे थे जब यह घटना घटी।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से दीनदयाल अस्पताल के ट्रामा सेंटर भेजा जहां 27 वर्षीय अज्ञात की मौत हो गई । डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है जबकि चालक फरार हो गया है डंपर के नंबर की मदद से उसके मालिक का पता लगाया जा रहा है फिलहाल अज्ञात शव को दीनदयाल अस्पताल के मर्चरी में रखवा दिया गया है। इस मामले में घायल टैम्पो चालक राज कुमार के बड़े भाई बहादुर यादव निवासी इंद्र पुर रसूल पुर बड़ागांव ने डंपर चालक के खिलाफ लालपुर थाने मुकदमा दर्ज कराया।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी आज

**आयोजन**

**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य डॉ. सुधांशु त्रिवेदी होंगे मुख्य अतिथि**

**बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने की बैठक**




**वाराणसी।** 'वन नेशन-वन इलेक्शन' विषयक संगोष्ठी का आयोजन 27 फरवरी को तीसरे पहर तीन बजे से बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में किया गया है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्य सभा सदस्य डा. सुधांशु त्रिवेदी भाग लेंगे। अध्यक्षता बिहार व मेघालय के पूर्व राज्यपाल फागू चौहान करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप देने के उद्देश्य से बुधवार को आयोजन समिति की बैठक बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनुप गुप्ता ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर उत्तर प्रदेश में यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह मानना है कि राष्ट्रहित में होने वाले कार्यक्रम में जन सहभागिता आवश्यक है। इसी परिप्रेक्ष्य में यह कार्यक्रम बीएचयू में आयोजित किया जा रहा है ताकि कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षार्थियों, प्रबुद्धजनों एवं सामिजिक संस्थाओं के प्रमुख लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का विधेयक सदन में पारित हो चुका है। सदन में इसके पक्ष में 269 व विरोध में 198 मत पड़े थे। अब ये विधेयक संयुक्त समिति के पास है। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां जनहित एवं राष्ट्रहित को प्राथमिकता देती है, वहीं कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल परिवार को प्राथमिकता देते हैं। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम को लेकर जिनको दायित्व सौंपा गया है, वे जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें।

बैठक का संचालन संयोजक अशोक चौरसिया ने, स्वागत जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने व धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने किया। इस दौरान मयंक नारायण सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, डा. विरेंद्र प्रताप सिंह, जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, अनिल श्रीवास्तव, सुरेंद्र पटेल, सुरेश सिंह, प्रवीण सिंह गौतम, डा अशोक राय, मधुकर चित्रांश, अशोक पटेल, मधुकर पांडेय, संजय चौरसिया, शैलेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# कैंट स्टेशन को महाकुंभ में 102 करोड़ की आमदनी

**बोले डीआरएम**

**उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की ओर से की गयी सभी तैयारियों को यात्रियों ने सराहा**

**महाकुम्भ के समापन पर लखनऊ मंडल के डीआरएम ने कहा-अगली बार और ज्यादा होगी तैयारी**



प्रेस को संबोधित करते लखनऊ मंडल के डीआरएम व अन्य

**वाराणसी।** 45 दिनों तक चले महाकुम्भ की सफलता के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने लखनऊ मंडल के तहत पड़ने वाले प्रयाग, वाराणसी व अयोध्या के रेल कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामना दी, और कहा कि आने वाले कुम्भ में इससे भी ज्यादा तैयारी की जायेगी।

वाराणसी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित निदेशक कक्ष में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि लखनऊ मंडल की ओर से जो तैयारियां की गयी थी वह मानक पर पूरी तरह से खरा उतरा, प्रयाग, वाराणसी व अयोध्या उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के तहत आने वाले स्टेशन हैं, इन तीनों स्टेशनों पर त्रिकोणीय यात्रियों के आगमन को देखते हुए हर प्रयास सफल रहा। बताया कि अगले कुंभ में 100 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को सोच तैयारी की जायेगी। बताया कि इस महाकुंभ में उत्तर रेलवे ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है ।

डीआरएम एसएम शर्मा ने बताया कि महाकुंभ मेले में इस बार फाफामऊ रेल स्टेशन का बड़ा रोल था। जो इस बार शुरू हुआ था। बताया कि पीछे से आने वाली भीड़ में चलने वाले बेटिकट यात्रियों के बाद भी वाराणसी जंक्शन को इस महाकुम्भ के दौरान कुल 102 करोड़ की आमदनी हुई जो रेल का राजस्व है। बताया कि इसके लिए सभी कर्मचारी भी बधाई के पात्र हैं। इस दौरान वराणसी के अपर मंडल रेल अधिकारी लालजी चौधरी, स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता, सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी और सीनियर डीएससी देवाशं शुक्ला आदि रहे।

**स्पेशल ट्रेनों ने यात्री दबाव को किया कम**

बताया कि महाकुम्भ में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल से 1020 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया, जिसमें 186 ट्रेनें सिर्फ वाराणसी कैंट से संचालित हुई। प्रयागराज की ओर से 606 स्पेशल ट्रेनें और 450 स्पेशल ट्रेनें अयोध्या से संचालित की गईं। रिकॉर्ड व्यवस्थाएं हुईं। भीड़ को नियंत्रित किया गया। होल्डिंग एरिया, एटीवीएम, यूटीएस आदि व्यवस्थाएं कराई गईं।

**वाहन की चपेट में आये युवक की मौत**

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग द्वितीय मार्ग पर पिकअप वाहन की चपेट में आने से परमाजीतपुर चितईपुर निवासी युवक कुलदीप यादव उम्र 19 की मौत हो गई तथा उसके साथ परमाजीतपुर चितईपुर. निवासी राहुल यादव घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया तथा राहुल का उपचार चल रहा है । मृतक के शव को रोहनिया पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार अखरी की ओर जा रहे थे कि अचानक पिकअप से आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें दोनों घायल हो गये।

**युवती की शिनाख्त को थानों में पोस्टर लगा**

**चोलापुर।** थाना क्षेत्र के तारापुर गांव में रविवार को सड़क किनारे अज्ञात शव बरामद हुआ था जिसकी चोलापुर पुलिस द्वारा सिनाख्त न होने पर क्षेत्र के सभी भीड़ भाड इलाकों सहित सभी थानों और आस पास जनपद के थानों में हुलिया सहित फोटो चस्पा किया गया जिसकी लंबाई लगभग 5 फीट रंग गहरा सांवला चेहरा चपटा चौकोर सामान्य बाल गुलाबी रंग का सूट सफेद लैगी पीला कंगन मांग में सिंदूर गले में मंगलसूत्र इस संबंध में लोगों से जानकारी भी ली गई।




**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जात है कि मेरा हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड वर्ष 2023-2024 अनुक्रमांक 23111218 अंकपत्र में पिता का नाम आजाद खान अंकित हो गया है जोकि गलत है। सही नाम मोहम्मद अमजद है। अनस खान पुत्र मोहम्मद अमजद, ग्राम-खुन्दनपुर पोस्ट-भोपालपुर, आजमगढ़।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

गोपाल जी महाविद्यालय रेवती, बलिया में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत डी0एल0एड0 पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य-01, गणित-01, कम्प्यूटर-01, सामाजिक अध्ययन-01, हिन्दी-01, अंग्रेजी-01 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यतानुसार सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति व दो फोटो सहित 15 दिनों के अन्दर आवेदन करें।

**ट्रेन से कटकर एक की मौत**

**रोहनिया।** राजातालाब स्थानीय थाना क्षेत्र के कचनार स्थित रेलवे लाइन को पार करते समय शंकर चौहान नामक व्यक्ति उम्र 50 वर्ष की ट्रेन से कटकर मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**करंट की चपेट में आने से युवक घायल**

**रोहनिया।** बलरामपुर स्थित शिव मंदिर से शिव बारात निकालते समय 11 हजार वोल्ट के करेंट की चपेट में आने से एक बलरामपुर निवासी शांतनु नामक युवक उम्र 11 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया व दो चार लोग हल्की चोटें जिसे स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

**ठंडई पीकर कई लोग पहुंचे अस्पताल**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि त्यौहार पर मान्यता के अनुसार बाबा भोलेनाथ को ठंडई का भोग लगाया जाता है। बुधवार को काशी दर्शन को आए एक महिला समेत छह लोग अचेत हो गए। परिवार के लोगों ने उन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें मुंबई निवासी अजय कुमार पाटिल 52 वर्ष, मुंबई के पालघर निवासी आकाश 31 वर्ष, चंद्रकांत राजगुरू 63 वर्ष उन्हीं के परिवार की मेघना 34 वर्ष समेत छह दर्शनार्थी शामिल है।

## बदलते मौसम में लापरवाही पड़ सकती है भारी

**बोले चिकित्सक**

**बार-बार बुखार और सर्दी खांसी को न करें नजरअंदाज**


डॉ. अनिल गुप्ता

**वाराणसी।** सर्दियों का मौसम खत्म हो रहा है और धीरे-धीरे गर्मी शुरू हो रही है, इन दिनों तेज हवाएं चल रही है जिससे बहुत से लोगों को सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में किसी भी तरह की लापरवाही शरीर के लिए नुकसानदाय हो सकती है। सर्दी जुकाम होने पर चिकित्सक से सलाह जरूर लें।

भेलूपुर स्थित राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ.अनिल गुप्ता ने बताया कि सर्दियां जाते-जाते और गर्मी आने से पहले मौसम में बदलाव सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। इन दिनों दिन में गर्मी और रात में ठंडक बढ़ने से लोग तेजी से वायरल और फ्लू की चपेट में आ रहे हैं। सर्दी-खांसी के मामले भी बढ़ रहे हैं, जिससे लोगों को गले में खराश, बंद नाक और सिरदर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

अगर बार-बार बुखार आ रहा है, तो इसे हल्के में न लें। खासकर अगर बुखार लंबे समय तक बना रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जरूरी टेस्ट करवाएं। बताया कि अगर किसी को तीन दिन से ज्यादा बुखार बना रहता है, ठंड लगती है, जोड़ों में दर्द होता है या सिरदर्द और कमजोरी महसूस होती है, तो तुरंत दवा लेना चाहिए।

बताया कि ऐसे मौसम में होम्योपैथ की दवा कारगर है। बताया कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियां जैसे मलेरिया और डेंगू इस मौसम में भी लोगों को बीमार बना रही हैं। मलेरिया में तेज बुखार, ठंड लगना, पसीना आना और कमजोरी महसूस होती है। जबकि डेंगू में बुखार के साथ सिरदर्द, बदन दर्द और त्वचा पर लाल चकत्ते दिखने लगते हैं। सर्दी-खांसी के मामलों में भी इजाफा हो रहा है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत, गले में खराश और थकान जैसी समस्याएं हो रही हैं। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी या किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की शुरूआत में भी बुखार आ सकता है। ऐसे में सेल्फ-मेडिकेशन से बचें और डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, अहरौला, आजमगढ़**

पत्रांकः 2651/लेखा/वि0आ0/टेण्डर प्रकाशन/2024-25 दिनांक 24.02.2025

**अल्पकालीन निविदा**

परियोजना निदेशक महोदया आजमगढ़ के कार्यालय पत्रांक 2749/अभि0/वि0म0क्षे0वि0नि0/2024-25 दिनांक 29.01.2025 के अनुपालन में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मा0 सदस्य विधान परिषद श्री राम सूरत राजभर जी के विधायक निधि से मुख्य विकास अधिकारी महोदय आजमगढ़ द्वारा स्वीकृत दिनांक 25.01.2025 के अनुपालन में प्रस्तावित/अनुमोदित निम्न परियोजनाओ हेतु निविदा बन्द लिफाफे में दिनांक 10.03.2025 को सायं 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी तिथि को सायं 04:00 बजे खोली जायेगी। धरोहर की धनराशि सामग्री की धनराशि का 02 प्रतिशत स्वीकृत फर्म को जमा करना अनिवार्य होगा। फर्म जो टेण्डर डालेगी उसका जी0एस0टी0/टिन/टेन नम्बर आवश्यक होगा।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अहरौला | ग्राम पंचायत गनवारा में बाले राजभर के घर से काली माता चौरा तक इण्टरलाकिंग कार्य।99/2.04 मी0 | 5.00 |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. फर्मदाता पंजीकृत हो तथा जी.एस.टी. नम्बर पैन नम्बर धारक हो (प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा)।
2. फर्मदाता नियमित इनकम टैक्स/जी.एस.टी. पेयी हो (रसीद संलग्न करना होगा)।
3. फर्मदाता द्वारा देय दर जी.एस.टी. जोड़कर प्रस्तुत करें।
4. परियोनजा लागत का 2 प्रतिशत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक कराकर दर/निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
5. प्राक्कलन में दर्शायी गयी धनराशि/कार्यस्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।
6. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
7. निविदा को निरस्त/स्वीकृति पर कोई आपत्ति/विवाद न्यायालय में दाखिल नहीं करेंगे।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**अहरौला, आजमगढ़**

# वाराणसी भारत



**वाराणसी सर्राफा भाव**


सोना (RTGS 999.0)
89300/inc.GST


चांदी (99.50)
98500/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# उमंग और अलग अंदाज में निकली शिव बारात

**उत्साह**

### शिव के गणों ने सभी को अपनी ओर किया आकर्षित

### शिव बारात को देखने के लिए सड़कों पर उमड़ी रही भारी भीड़





**वाराणसी।** शिव बारात पर हर कोई बाबा का बराती बनने को इच्छुक था। बारात हर बार शिवरात्रि के ही दिन निकलती है लेकिन इस बार क्या हुआ कि बनारस में भारी भीड़ के मद्देनजर इस शिव बारात को एक दिन बाद निकालने का निर्णय लिया था। यह आदेश प्रशासन ने दिया था। पहले यह तय हो गया था कि शिव बारात महाशिवरात्रि के एक दिन बाद निकलेगी।

इसको लेकर हर कोई चिंतित था कि शिव बारात एक दिन बाद क्यों निकलेगी। आखिरकार वहीं हुआ शिव बारात को लेकर कोई मानने को तैयार नहीं था। मैदागिन से गाजे-बाजे संग शिव बारात निकली। प्रशासन शिव बारात के सामने नतमस्तक हो गया। प्रशासन ने शिव बारात निकालने की पहले अनुमति नहीं दी। लेकिन बाद में प्रशासन के आदेश को दरकिनार कर शिवबारात की शोभायात्रा निकाली गई। इस मेले की खासियत यह थी कि इसमें हर कोई बाराती बनने को लालायित था। शिवबारात में प्रयागराज महाकुम्भ पर केंद्रित झांकी जहां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं मथुरा वृंदावन की होली के उत्सव की झलक भी दिखाई पड़ी। प्रयागराज से मंगाए गए त्रिवेणी के एक टैंकर जल का छिड़काव रास्ते भर भक्तों पर किया जाता रहा। मैदागिन से निकाली गई शिव बरात में परम्परागत रूप से देवी देवता, किन्नर, जादूगर, सपेरा, भूत पिशाच बाराती बने तो मटका फोड़ होली, बरसाने की लट्ठमार होली, काशी की मसाने की होली काशी फागुन के अलग-अलग चेहरे दिखा रही थी। बारात में प्रतीक दूल्हा कवि सुदामा प्रसाद तिवारी ह्यसांड़ बनारसी बने तो व्यापरी नेता हाजी बदरुद्दीन दुल्हन बनकर रथ पर बैठे। वहीं 81 साल के डा. अमरनाथ शर्मा डैडी सहब्बला बने। यूक्रेन, जर्मनी और यूके से आईं बालाएं भी शिव का गण बनकर बारात में शामिल हुईं। जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं की ओर से बारातियों के लिए फलाहारी, ठंडई,पान आदि का प्रबंध किया गया। बुलानाला, चौक, ज्ञानवापी, गोदौलिया होते हुए चितरंजन पार्क पहुंचने पर शिव-पार्वती विवाह की लीला हुई। कई विदेशी टीवी चैनलों की टीमें शिव बरात को अपने अपने हिसाब से फिल्माने में व्यस्त दिखीं।

### छह घंटे में पूरी हुई तिलभांडेश्वर से निकली शिव बारात की परिक्रमा

तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई अद्भुत शिव बरात ने केदार खंड में छह घंटे से अधिक समय तक परिक्रमा की। पूर्वाह्न करीब एक बजे आरंभ हुई शिव बरात पांडेय घाट, मानसरोवर, चौकीघाट, केदार घाट, चिंतामणि गणेश मंदिर होते हुए सोनारपुरा चौराहे पर पहुंची। गलियों में बमुश्किल एक किमी. का दायरा तय करने में छह घंटे से अधिक लगे। इसके बाद बारात भेलूपुर चौराहा होते हुए पुनः तिलभांडेश्वर मंदिर पहुंची। भगवान शिव की लीलाओं पर केंद्रित सजीव झांकियां इस बार खास आकर्षण रहीं।

# हजारों भक्तों ने किया बाबा सारंगनाथ महादेव का जलाभिषेक

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर्व बुधवार को हजारों भक्तो ने सारनाथ स्थित सारंगनाथ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किये। शाम तक भक्तो की भीड़ रही। भक्त हाथों में पवित्र जल लेकर कतार में खड़े रहे।

मंदिर में भोर में 3 बजे गर्भगृह में आरती के बाद से भक्तो का दर्शन करने का तांता शुरू हो गया। भक्त हाथों में बेलपत्र, जल, माला फूल लेकर कतार बध होकर जलाभिषेक किये। जबकि सारंगनाथ महादेव का पूजन अर्चन कर शिवभक्तों के दर्शन पूजन के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया। इस दौरान शिवभक्तों को लंबी कतार मंदिर के मुख्य द्वार से सड़क तक लग गई। शिवभक्त मदार का फूल, बेलपत्र, धतूरा व फुल माला लेकर कतारबद्ध खड़े थे। गर्भगृह से लेकर सड़क तक कतार में खड़े थे। भक्तों की सुरक्षा में स्थानीय पुलिस तैनात रही। दर्शन पूजन रात 9 बजे तक चला।

### निकली शिव बारात

महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को सारनाथ तिलमापुर ब्रह्मा चतुरानन्द कुटी से शिवम पूजा समिति के तत्वावधान में शिव बारात निकाली। जो आशापुर, हवेलिया सग्रहालय होते सारंगनाथ महादेव मंदिर से होकर वापस तिलमापुर पहुची।इस दौरान नागेश्वर मिश्रा, सचिन,बागेश्वर मिश्रा, प्रमोद, धीरज अन्य लोग शामिल रहे।

# महाशिवरात्रि : बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने उमड़ा सैलाब

## गेट नंबर चार से लगी रही लंबी कतारें, सुबह से ही चलता रहा दर्शन का सिलसिला

**आस्था**

### होटल और क्रूज की बुकिंग 12 मार्च तक फुल, ऑनलाइन बुकिंग ज्यादा





**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर बाबा का दर्शन पाने को लेकर लाखों की भीड़ उमड़ी रही। बाबा का दर्शन करने को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। सुबह से ही बाबा का दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया था। बाबा का दर्शन करने को लेकर लोगों की लंबी कतारें लगी रही। महाकुंभ की भीड़ का असर ऐसा कि होटल और क्रूज की बुकिंग 12 मार्च तक फुल है। महाकुंभ के चलते काशी के पर्यटन व्यवसाय में काफी तेजी आई है।

महाकुंभ के चलते होटलों और क्रूज की बुकिंग 12 मार्च तक फुल हो गई है। सर्वाधिक बुकिंग महानगरों और कॉरपोरेट घरानों के अलावा महिला ग्रुप ने कराई है। इसमें ज्यादातर बुकिंग ऑनलाइन हुई हैं।पर्यटकों की बुकिंग से काशी के पर्यटन व्यवसाय में तेजी आई है। मुंहमांगी कीमत के बावजूद भी बुकिंग नहीं हो पा रही है। गंगा किनारे होटलों में कमरे नहीं मिल रहे हैं। साथ ही काशी आकर गंगा में नौका विहार करने के लिए नाव और बजड़े बुक करने में भी लोगों को बेहद मुश्किल हो रही है। घाट किनारे के सभी होटल भी 20 मार्च तक फुल हैं। शंभु मांझी ने बताया कि महानगरों के व्यवसायियों के अलावा दक्षिण भारतीय पर्यटक भी यहां समूह में बुकिंग करा रहे हैं। बुकिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से हो रही है। वाराणसी में पंजीकृत नावें 1500 के करीब हैं जबकि यहां 3000 के करीब नावों का संचालन हो रहा है।संजीव साहनी ने बताया कि 35 से 50 व्यक्तियों के समूह को सर्वाधिक बुकिंग मिल रही है। होटल मार्केटिंग से संबंधित अधिकारी ने बताया कि होली के आसपास छोड़ दें तो इसके एक सप्ताह बाद तक होटलों की बुकिंग फुल है। टूरिस्ट प्रबंधक अनिल त्रिपाठी ने बताया कि महाकुंभ के चलते सभी होटल फुल हैं। टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि ज्यादातर पर्यटक पांच दिन की बुकिंग करा रहे हैं। टूर ऑपरेटर अभिषेक सिंह के मुताबिक, मांग को पूरा करने के लिए आसपास के जिलों से छोटे चार पहिया वाहन मंगाने पड़ रहे हैं। टूर ऑपरेटर पैकेज में होटल के कमरों की बुकिंग के अलावा ट्रांसपोर्टेशन और नावों की बुकिंग भी करा रहे हैं।

### रवीना टंडन ने बाबा की पूजा कर किया दर्शन

**वाराणसी।** शिवरात्रि का त्यौहार पूरे भारत मे हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शिवरात्रि मे महादेव का दर्शन करने के लिए भारी संख्या मे लोगों ने दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन करने के लिए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और जानी मानी अभिनेत्री रवीना टंडन ने वाराणसी स्थित गौरी केदारनाथश्वर मंदिर में बाबा की पूजा और आरती की। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन अपने परिवार के साथ काशी पहुंचीं। बुधवार तड़के उन्होंने अपनी बेटी राशा थडानी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती में भाग लिया और बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।भोर के समय किए गए इस पावन पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तों की आस्था से सराबोर था। आरती के बाद रवीना टंडन ने मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।



### पंचमुखी व भारदेश्वर महादेव में श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर प्रह्लादघाट चौराहे स्थित मंदिर में पंचमुखी महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को जहां रंग-बिरंगे कपड़ो से सजाया गया, वही बाबा का फूल-मालाओं से भव्य झाकी सजाई गई। भोर से ही महिलाओं ने लम्बी कतार लगाकर बाबा का दर्शन किया और बेल-पत्र माला के साथ भोग प्रसाद चढाकर परिवार के सुख- समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बाहर से काशी आने वाले श्रद्धालुओं ने काशी के प्रवेश द्वार स्थित मंदिर में मत्था टेका और मनोकामना पूर्ण हेतु कामना की। इसी क्रम में भारद्धाजी टोला स्थित मंदिर में भारदेश्वर महादेव को श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओ ने बाबा को मदार की माला और धतुरा चढाकर जहां विधिवत पूजन-अर्चन किया।

# शिवालयों में भगवान शिव की सजी झांकी











**धर्म कर्म**

### दर्शन करने को लेकर उमड़ी रही भीड़

### लोगों ने दर्शन पूजन कर मांगा वरदान

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर शहर के अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने हर शिवालयों में भगवान शिव को विल्वपत्र, धतूरा, पुष्प, नीलकंठ, मदार, भस्म आदि अर्पित कर अपने परिवार के मंगल की कामना की। महाशिवरात्रि पर महामृत्युंजय महादेव में सर्वाधिक भीड़ लगी रही। भोर में 4 बजे मंगला आरती के बाद मंदिर का पट खोल दिया गया था। बाबा का दर्शन करने के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लग गई थी। मंदिर में दर्शन का सिलसिला सुबह से लेकर रात्रि तक चलता रहा। इसी तरह तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही बाबा का दर्शन करने के लिए लंबी कतारें लगी थी। लोगों ने तिलभांडेश्वर महादेव को पुष्प, भस्म, विल्वपत्र, धतूरा, मदार आदि अर्पित कर अपने परिवार के मंगल की कामना की। इसी तरह त्रिलोचन महादेव मंदिर में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। हर किसी ने बाबा को विल्वपत्र, धतूरा, मदार आदि अर्पित कर अपने परिवार के मंगल की कामना की। मच्छोदरी स्थित मनकामेश्वर महादेव में विशेष श्रृंगार किया गया था। दुर्वासारेश्वर महादेव की भी सभी ने पूजन किया। मंदिर में दर्शन भोर से लेकर रात्रि तक जारी था। मंदिर के पुजारी राजेश गिरि ने सभी को सहयोग दिया। उधर, जंगमबाड़ी स्थित जंगमबाड़ी मठ में महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में लोग शामिल थे। जंगमबाड़ी मठ में हर साल शिवरात्रि पर विशेष आयोजन किया जाता है।

# मार्कण्डेय महादेव में 5 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## गाजीपुर, जौनपुर,आजमगढ़, बलिया, चंदौली सहित पूर्वांचल के तमाम जिलों के श्रद्धालु पहुंचे

**महाशिवरात्रि**

### सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से घाटों पर रही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था

### महाशिवरात्रि पर दूसरे दिन भी महिलाएं करेंगी जलाभिषेक

### दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए घाट पर एनडीआरएफ टीम रही तैनात

**जनसंदेश न्यूज**








**चौबेपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर गंगा-गोमती के पावन संगम तट पर अवस्थित मार्कण्डेय महादेव मंदिर में बुधवार को बाबा के दर्शन के लिए अर्धरात्रि से ही शिव भक्तों का हुजूम उमड़ने लगा। भक्तों ने पहले गंगा-गोमती संगम में स्नान किया फिर कतारबद्ध हो कर बाबा के दरबार में पहुंच कर जलाभिषेक किया। दोपहर बाद तक यहां लगभग 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। महाशिवरात्रि के अवसर पर गंगा गोमती संगम तट पर स्थित मार्कण्डेय महादेव धाम में मंगलवार की रात से ही भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा था। रात से ही कतारबद्ध भक्त अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। मार्कण्डेय धाम पूरी तरह से मेले में तब्दील हो गया था। रह-रह कर हर-हर महादेव के उद् घेष से गूंजता रहा। हालांकि यह माना जा रहा है कि इस बार दो दिन महाशिवरात्रि का मान होने से श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा लगी रही। वैसे पहले दिन भोर से ही दर्शन के लिए भक्तों का मार्कण्डेय धाम पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मेले में गाजीपुर, जौनपुर,आजमगढ़, बलिया, चंदौली सहित पूर्वांचल के तमाम जिलों से लोग पहुंचे थे। मार्कण्डेय महादेव घाट और गंगा गोमती संगम घाट पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ जमा थी। उनकी सुरक्षा के लिए घाटों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था थी। मनचलों व पाकेटमारो की वजह से असुविधा भी हुई। स्थानीय पुजारी समाज, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा व्यवस्था में सहायता प्रदान की जा रही थी। वहीं पुराने स्टेट बैंक कैथी के पास मेले की व्यवस्था में प्रशासन के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग और कैथी के युवा मेले लगातार लगे हुए थे। युवकों द्वारा दर्शन कर के लौट रहे लोगों के लिए गांव में दो स्थान पर सहायता शिविर का संचालन किया गया। मेला क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की दैनिक जरूरतों के सामानों की दुकानें सजी रहीं जिन पर दर्शन-पूजन के बाद लोगों ने जम कर खरीदारी की। चाकी, सील लोढ़ा, गोड़ा , पाटी, मोट, चाकी, ओखली और अचार वाले मिर्च की दुकानों पर लोग जमे रहे। चरखी, झूला आदि बच्चों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मेले की व्यवस्था में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं थाना प्रभारी राजेश जगदीश कुशवाहा लगातार लगे थे। स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत, जल निगम की तरफ से भी व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया। चौबेपुर थाना प्रभारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर 8 लाख लोगों के जलाभिषेक करने का अनुमान है।

### शिवभक्तों पर हेलीकाप्टर से हुई पुष्प वर्षा

**चौबेपुर।** महाशिवरात्रि के पहले दिन क्षेत्र के कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव धाम देवों के देव महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में भक्तो का गंगा घाट से मंदिर तक रेला लगा रहा। इस दौरान लाइन में लगे शिवभक्तों पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। शिवभक्ति के सागर में हिलोरे ले रहे भक्तों का उत्साह उस समय और बढ़ गया जब आसामान में उड़ते हेलीकाप्टर से उन पर पुष्प वर्षा हुई। ऐसा होते ही समूचा क्षेत्र हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए घाट पर एनडीआरएफ टीम तैनात रही। इसके अलावा मंदिर के गर्भगृह से लेकर घाट और आसपास में पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। सीसीटीवी कैमरे से भीड़ पर नजर रखी जा रही थी।

### गांव के युवकों ने श्रद्धालुओं को निःशुल्क चाय पिलायी

**चौबेपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर मार्कण्डेय महादेव धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गांव के युवकों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चाय का निःशुल्क वितरण किया। यह कार्यक्रम मंगलवार की रात्रि से ही शुरू है। मालूम हो कि यहां महाशिवरात्रि का मेला दो दिन रहता है। इस दौरान पूर्वांचल सहित महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु भी बाबा का दर्शन करने आ रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से राजन, सौरभ, संदीप, विवेक, निशांत, शक्ति प्रताप, शुभम, अजितेश,बाबू, प्रवीण, बचाऊं, मोंटी, विनय, देव,चंदन, रामू,अजीत, श्लोक, विभूति, रवि, संतोष, सत्यवान, अमन, आयुष, नमन, पवन, समर्थ, शिशिर कांत, मोनू, शिवम, वैभव, बिट्टू, पुलचुल, अखंड, महीप, आशु, रमेश, विश्वास, गोलू, अमरेंद्र आदि लोगों ने भक्तों को निःशुल्क चाय का वितरण किया।



# आईआईटी बीएचयू में हिंदी में भी शोध का सारांश

**उपलब्धि**

### यह देश का पहला संस्थान होगा, जहां पीएचडी शोध का हिंदी में होगा सारांश



**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में अब पीएचडी थीसिस का सारांश (एब्सट्रैक्ट) हिंदी में भी प्रस्तुत किया जा सकेगा। ऐसी व्यवस्था लाने वाला आईआईटी बीएचयू देश का पहला तकनीकी संस्थान बन गया है। छात्रों को विकल्प दिया गया है कि वे चाहें तो हिंदी या अंग्रेजी दोनों में से किसी भी भाषा में अपने शोध का सारांश प्रस्तुत कर सकते हैं। ये व्यवस्था इसी सत्र से लागू हो गई है।

आईआईटी बीएचयू के कई विभागों के पीएचडी धारकों ने हिंदी में शोध सार लिखने में रुचि दिखाई है। इंजीनियरिंग और तकनीक की भाषा अंग्रेजी ही होती है, ये अनिवार्यता अब नहीं होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी किसी रिसर्च का सार प्रस्तुत करने की बात कही गई है। ऐसे में आईआईटी बीएचयू ने देश में इसकी पहल की है। वहीं, आईआईटी बीएचयू एकमात्र ऐसा संस्थान भी है जहां पर कार्यालय का 80 फीसदी काम हिंदी में किया जा रहा है।

सितंबर 2024 में आईआईटी बीएचयू के डायरेक्टर प्रो. अमित पात्रा के निर्देशन में हुई सीनेट की बैठक में राजभाषा प्रकोष्ठ के इस प्रस्ताव को पारित किया गया था। सभी सदस्यों ने इस पर पूर्ण सहमति जताई थी और अब विभागों को भी सर्कुलर जारी कर दिया गया है। पत्र में इसका उल्लेख किया गया है कि जो छात्र हिंदी में सारांश लिखने के इच्छुक हों, वे आगे आ सकते हैं।

**आम आदमी भी समझ सकेगा कठिन शोध**

पीएचडी के एक छात्र का कहना है कि पिछले तीन से पांच साल तक यहां पर एआई, क्वांटम और गैलेक्सी समेत कई टॉपिक पर शोध किए गए हैं। हिंदी में इनका सारांश लिखना बड़ी चुनौती होगी, लेकिन अगर ऐसा हुआ तो ये काफी सहज होगा। इंजीनियरिंग के कठिन से कठिन शब्दावलियों और परिभाषाओं को आम आदमी भी समझ सकेगा।

**हिंदी में भी चलती हैं बीटेक पहले साल की कक्षाएं**

वर्ष 2021 में शिक्षा मंत्रालय की ओर से आईआईटी बीएचयू में बीटेक पाठ्यक्रम के हिंदी में पठन-पाठन कराने की व्यवस्था लागू की गई थी। बीटेक पहले साल में हिंदी के लेक्चर लेने का फैसला करने वाला आईआईटी बीएचयू देश का पहला संस्थान बना था। कई विभागों के लैब मैनुअल अंग्रेजी के साथ ही हिंदी में बनाए गए हैं। मंत्रालय स्तर पर इंजीनियरिंग की किताबों का अनुवाद चल रहा है। एआईसीटीई और एनसीईआरटी की ओर से हिंदी सिलेबस तैयार किया जा रहा है। इसके बाद ये सिलेबस संस्थानों को भेजे जाएंगे।

## केंद्रों पर ड्यूटी न देने वाले कक्ष निरीक्षकों की बन रही सूची

**यूपी बोर्ड**

### शिक्षा विभाग ने तलब की ऐसे कक्ष निरीक्षकों की सूची, अब कार्रवाई की तैयारी



**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में केंद्रों पर ड्यूटी न करने वाले कक्ष निरीक्षकों की सूची शिक्षा विभाग ने तलब की है। पहले दिन केंद्रों पर न पहुंचने वालों की नए सिरे से सूची तैयार कराई जा रही है। इन पर अब कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

केंद्राध्यक्षों को हर दिन परीक्षा खत्म होने के बाद माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति, अनुपस्थिति से जुड़ी जानकारी अपलोड करनी होगी। जिले में 125 केंद्रों पर हो रही परीक्षा में इस बार 92563 परीक्षार्थी शामिल हैं। एक कमरे में दो कक्ष निरीक्षकों की तैनाती का आदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी किया गया है। 24 मार्च को हिंदी विषय की परीक्षा में 4000 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई थी। 10 केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की संख्या कम रही। इस वजह से कमरों में एक कक्ष निरीक्षक ही ड्यूटी पर रहे, जबकि 28 फरवरी को परीक्षा होनी है, ऐसे में इस तरह की समस्या न हो, स्थानीय स्तर पर नए सिरे से शिक्षा विभाग में केंद्रवार कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी की जांच की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। केंद्राध्यक्षों को केंद्रों पर परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति, अनुपस्थिति की पूरी रिपोर्ट परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करनी है। इसकी जानकारी सभी को भेजी गई है।

## संक्षेप

### आज से खुलेंगे कक्षा एक से आठ तक के स्कूल

**वाराणसी।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के पलट प्रवाह के बाद पिछले कई दिनों से बंद चल रहे शहरी क्षेत्र के कक्षा एक से आठ तक के स्कूल 27 फरवरी से खुल जाएंगे। बीएसए अरविंद पाठक ने बताया कि परिषदीय विद्यालय में सुबह नौ से अपराह्न तीन बजे तक कक्षाएं संचालित होंगी। निजी स्कूलों में कक्षाओं का संचालन स्कूल प्रबंधन के निर्णयानुसार होगा।

### मलिन बस्ती में चलाया स्वच्छता अभियान




**वाराणसी।** जगतपुर पीजी कॉलेज जगतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन सभी स्वयं सेवकों ने ग्राम प्रधान शीला राजभर के निर्देशन में दरेखु गांव की मलिन बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया। सभी सेवकों ने मलिन बस्ती में स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक किया। भोजन के उपरांत सभी सेवकों ने बौद्धिक परिचर्चा में भाग लिया। प्रोफेसर संगीता गुप्ता ने व्याख्यान के माध्यम से स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्तव्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल प्रताप सिंह, डा. उपेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह एवं डा. अमिता श्रीवास्तव समेत सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## रविदास मंदिर परिसर में किया पौधरोपण



**पहल**

### राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में पर्यावरण संरक्षण व सेवा के लिए किया प्रेरित

**वाराणसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट जी द्वारा एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत बुधवार को सीर गोवर्धन स्थित संत रविदास मंदिर प्रांगण में स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं ताल से हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनीषा सिंह ने युवाओं को राष्ट्र, समाज एवं पर्यावरण के हित में पौधारोपण करने एवं निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के शोध छात्र अभिषेक कुमार सिंह, सत्यम कुमार एवं अभय सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य से नव पंजीकृत छात्रों को परिचित कराया। साथ ही अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम के अंतर्गत नीम, अमरूद, आंवला, बेल, नींबू, इमली आदि जैसे फलदार पौधों का रोपण किया गया एवं पानी से सिंचित किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने पर्यावरण को संरक्षित करने के उपाय एवं प्रयास पर अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनीषा सिंह ने सभी छात्रों से कम से कम एक फलदार पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ हुआ।

## छात्रों ने सीखी वैदिक यज्ञ की बारीकियां



**संगोष्ठी**

### डीएवी के संस्कृत विभाग के छात्रों ने ज्ञान प्रवाह में आयोजित संगोष्ठी में किया प्रतिभाग

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के संस्कृत विभाग के छात्र-छात्राओं का दल बुधवार को कालेज के प्राध्यापकों के साथ सामने घाट स्थित ज्ञान प्रवाह में आयोजित अखिल भारतीय वेद संगोष्ठी में लोक कल्याणार्थ मित्रविंदा इष्टि के अवलोकन के लिए पहुंचा। यहां छात्रों ने वेदों में वर्णित यज्ञ के क्रियात्मक पक्ष को गंभीरता से समझा।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. युगल किशोर मिश्र ने बताया कि वैदिक यज्ञ के द्वारा स्वयं का कल्याण ही नहीं, अपितु संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना की जाती है। इन यज्ञों को करने के लिए संपूर्ण जीवन अग्निहोत्र करना होता है तथा अग्नि को धारण करना होता है। हमारा देश कृषि प्रधान तथा ऋषि प्रधान है। आज की युवा पीढ़ी को भी इन यज्ञों को जानकर इन्हें करना चाहिए।

लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली के प्रो. गोपाल प्रसाद शर्मा ने यज्ञ को धर्म साक्षात स्वरूप बताया तथा उन्होंने मीमांसा भाष्य का संदर्भ देते हुए बताया कि यज्ञ करने वाला ही धार्मिक होता है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के पूर्व सचिव प्रो. श्रीकिशोर मिश्र ने भी छात्रों को यज्ञ के महत्व से परिचित करवाया। कार्यक्रम मे संस्कृत विभाग से डा. दीपक कुमार शर्मा, डा. त्रिपुर सुंदरी, डा. रंगनाथ मिश्र, डा. शिवप्रसाद पांडेय के साथ अनेक छात्र उपस्थित रहे।

## बीएचयू व संबद्ध महाविद्यालयों में आठ हजार सीटों पर होगा प्रवेश

**तैयारी**

### बीएचयू प्रशासन ने एनटीए को उपलब्ध कराया पाठ्यक्रमों का डाटा

**वाराणसी।** बीएचयू का यूजी बुलेटिन अगले सप्ताह आ सकता है। बीएचयू ने 20 फरवरी के पहले 250 से ज्यादा यूजी कोर्स का पूरा डाटा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को उपलब्ध करा दिया है। हालांकि, एनटीए इसी माह के अंत तक आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। अभी कोई स्पष्ट तारीख की घोषणा नहीं की गई है। जैसे ही आवेदन जारी होगा, वैसे ही बीएचयू समेत सभी 44 विश्वविद्यालय के यूजी कोर्स की सूची एनटीए की वेबसाइट पर अपलोड हो जाएगी। बीएचयू भी अपनी वेबसाइट पर यूजी बुलेटिन जारी कर देगा। एनटीए ने सभी विश्वविद्यालयों से 20 फरवरी तक यूजी कोर्स की डिटेल मांगी थी।

लिहाजा बीएचयू की सेंट्रल एडमिशन कमेटी (सीएसी) ने सीटों का ब्योरा भेज दिया है, लेकिन सीएसी अब एडमिशन प्रक्रिया की डिटेल जानकारी देने के लिए यूजी बुलेटिन को अंतिम रूप देने में जुटी है। सभी फैकल्टी ने अभी तक कई तरह के डाटा सेंट्रल एडमिशन कमेटी को नहीं भेजा है। उसका भी इंतजार हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस बार थोड़े-बहुत बदलाव के साथ पिछले सत्र की जितनी सीटें ही आएंगी। नई शिक्षा नीति के तहत कई पाठ्यक्रमों को मेजर और माइनर में डिजाइन किया गया है। इस सत्र में सात कोर्स और 60 सीटें बढ़ सकती हैं। जिन कोर्स में सीटें खाली रह गईं थीं, उन्हें हटा दिया गया है। बीएचयू समेत सभी कॉलेजों डीएवी, वीकेएम राजघाट, वसंत कन्या महाविद्यालय कमच्छा और आर्य महिला कॉलेज को मिलाकर 8000 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। बीएचयू के स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को सीयूईटी में आवेदन करने से पहले एनटीए की वेबसाइट पर पार्टिसिपेटिंग यूनिवर्सिटी का डाटा चेक करना होगा।

## ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दर्शन पूजन के लिए उमड़ी भारी भीड़

**रोहनिया।** स्थानीय क्षेत्र के माधोपुर गंगाघाट किनारे स्थित शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर सहित रोहनिया के ग्रामीण क्षेत्रों के मोहन सराय चौराहा स्थित प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर ,केसरीपुर भास्कर तालाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर, नरउर स्थित बाणासुर मंदिर तथा अन्य शिवालयों में बुधवार को व्रत रहकर दर्शनार्थियों ने धतूरा, बेलपत्र, बैर,गेहूं की बाली, ईख व विभिन्न प्रकार के फल फूल के साथ शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक कर दर्शन पूजन किया। जिसके दौरान बुढ़वा महादेव मंदिर का भव्य श्रृंगार, अखंड रामचरित पाठ व विशाल भंडारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रोहनिया बलिराम से दरेखू स्थित शिव मंदिर से होकर केसरीपुर भास्कर तालाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक शिवलिला समिति द्वारा मनमोहक झांकियों के साथ शिव बारात भी निकाली गई। शिव बारात में ढोल नगाड़े बैंड बाजा सहित डीजे पर शिव भक्त नाचते गाते निकले व हाथी घोड़ा ऊंट बंदर सहित भूत बेताल संग देवी देवता रूपी बारात निकाली गई तथा उक्त स्थान पर मेले में लगे झूले जंपिंग स्पीड मोटर बोट बाइक रेसिंग का मेला प्रेमियों ने खूब लुफ्त उठाया। साथ ही श्रद्धालुओं ने भांग की बनी ठंढ़ई व बूंदी के लड्डू का प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा राजातालाब , बीरभानपुर, भैरवतालाब , भीमचंडी, पयागपुर, मातलदेई, बढईनी, काशीपुर , कोईली, जख्खिनी, मरुई, शाहंशाहपुर, पनियरा,भवानीपुर, जगदेवपुर , काशीपुर, मिल्कीचक सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में गांव के दर्शनार्थियों ने धतूरा बेलपत्र व दुग्धाभिषेक किया।

**मार्कण्डेय महादेव में विशाल भंडारे का आयोजन**

**चौबेपुर।** महाशिवरात्रि पर मार्कण्डेय महादेव मंदिर प्रांगण में चिरईगांव के पूर्व ब्लाक प्रमुख रश्मि पाठक व उनके पति समाजसेवी वरिष्ठ सपा नेता अवधेश पाठक के द्वारा यहां पूर्वांचल से आये हजारों श्रध्दालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा को जलाभिषेक कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने अपने घरों की ओर रवाना होते रहे। इस मौके अखिलेश पाठक के साथ कई युवाओं ने पूरे दिन श्रध्दालुओं को प्रसाद ग्रहण कराते रहे।

# महाशिवरात्रि पर रामनगर में धूमधाम से निकली शिव बारात



**रामनगर।** महाशिवरात्रि के पर्व पर बुधवार की शाम महादेव शंकर की बारात धूमधाम से निकाली गई। देव दीपावली एवं शिव बारात पूजा ट्रस्ट की ओर से बुधवार शाम बलुआघाट धर्मशाला से धूमधम से शिवबारात की झांकी निकली।

महादेव दूल्हे के रूप घोड़े पर सवार थे तो आगे पीछे बाराती बने उनके गण ढोल नगाड़े और डीजे की धून पर नाचते झूमते और हर हर महादेव का गगनभेदी उद्घोष करते चल रहे थे। बारात के पीछे पीछे देवताओं की टोली झांकी भी चल रही थी। बारात जब रामनगर चौराहे पर पहुंची तो यहां व्यापार मंडल की ओर से राकेश जायसवाल राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में महाआरती का आयोजन करने के बाद लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद शिवबारात बटाऊबीर साहित्य प्रभु नारायण राजकीय इंटर कालेज से पुनः रामनगर चौक पहुंचा यहां शिव बारात पूजा ट्रस्ट की ओर से भव्य महाआरती का आयोजन किया गया इसके बाद लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में ट्रस्ट के अध्यक्ष गणेश प्रसाद विश्वकर्मा,महामंत्री पारस नाथ गुप्ता,रघुराज सिंह, विनोद गुप्ता,रंजीत सिंह चौहान,देवेश गुप्ता,अवधेश, विकास रावत,मनोज केशरी,आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं गोलाघाट में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजन के बाद लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। यहां भाजपा नेता संतोष द्विवेदी रवि गुप्ता,अमित गुप्ता,दीपक गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।,शंकर नगर कालोनी टेंगरा मोड़ में भी शिव बारात का आयोजन किया गया। मनोहर लाल कसेरा राहुल कसेरा,और मुकेश कसेरा,वहीं कविटोला हनुमान मंदिर के समीप में पुनवासी जायसवाल,संतोष शर्मा मोलू,के नेतृत्व में शिव बारात की आरती उतारने के बाद बारातियों का ठंडई स्वागत किया गया। यहां पंकज जायसवाल, विशाल जायसवाल, दिलीप शर्मा,राजेश जायसवाल, रमेश जायसवाल, शिवचरण केशरी आदि लोग मौजूद थे।

### चोलापुर से निकली शिव बारात

**चोलापुर।** थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार मे बुधवार की शाम महाशिवरात्रि के पर्व पर धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। जिसमें घोड़े बग्गी पर सवार भोले बाबा के स्वरूप के साथ बाराती लाग, विमान, झांकी और डीजे बजाते हुए भांग ठंडई अबीर गुलाल उड़ाते हुए चोलापुर से चलकर निकट बाजार धरसौना होते हुए मोहाव चौराहे के पास शिव मंदिर पर बारात का समापन हुआ। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बाराती बनकर निकले वहीं सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर राकेश कुमार गौतम फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्तों की लगी लंबी कतार

**पिंडरा।** महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के शिवालयों में अलसुबह से लेकर देर शाम भक्तों द्वारा जल चढ़ाने व दर्शन पूजन करने की होड़ लगी रही। कही भंडारा व कही जागरण का कार्यक्रम हुए। कई जगह महाशिवरात्रि पर मेले का भी आयोजन के साथ झांकी भी निकाली गई। क्षेत्र के पिंडरा, फूलपुर, मंगारी, सिंधोरा व कुआर में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव बारात निकाली गई। क्षेत्र के मीराशाह स्थित शिव मंदिर, विविर्छा रामपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, नकटेश्वरी स्थित पिपलेश्वर महादेव व सिंधोरा स्थित महादेव मंदिर तथा नेवादा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से लेकर शाम तक मंदिर पर भीड़ लगी रही और मेला भी लगा। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने भी सक्रिय रहा। वही सिंधोरा स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा हुआ। राजू बाबा ने बताया कि भंडारा सायँ 4 बजे से आरंभ होकर देर रात तक चला वही उजाला दुर्गा पूजा समिति के तरफ से भव्य शिव बारात भी निकाली गई।

### शिवालयों में भक्तों की भीड़, शिव बारात निकली



**वाराणसी।** महाशिव रात्रि पर बुधवार को भोर में तीन बजे से मंगला आरती के बाद गौरी केदारेश्वर और तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर का कपाट भक्तों के दर्शन पूजन के लिए खोल दिया। भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। मंदिर के भीतर से लेकर बाहर तक कतारें लग गई। सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स तैनात रही है।इसके साथ ही बैजनत्था स्थित वैद्यनाथ घृष्णशवेष महादेव अस्सी स्थित सिदेश्वर महादेव सामनेघाट स्थित महामृत्युंजय महादेव मंदिर बीएचयू विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ रही है। महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकला गया। घोड़े रथ पर सवार होकर शिव स्वरूप में चल रहे थे। गौरीकेदारेश्वर मंदिर से शिव बारात से निकला। दुगार्कुंड से शिव बारात निकलकर गौरीकेदारेश्वर मंदिर गया।

## महापौर ने नरिया में किया विकास कार्यों का शिलान्यास



**वाराणसी।** महापौर ने नरिया में दो स्थानों पर विकास कार्यों का बुधवार को शिलान्यास किया। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल रहे। वार्ड के गांधीनगर कालोनी में डॉ. पीयूष चौरसिया के आवास से सिद्धेश्वरी भट्टाचार्य के मकान तक 33 लाख 28 हजार की लागत से नाली बनाया जाएगा। वहीं पटरी और रोड का निर्माण कार्य होगा। इसी क्रम में नरिया वार्ड के साकेत नगर में नंदू चाय की दुकान से गांधीनगर रोड की तरफ तक 8 लााख 44 हजार से बनाए जाने वाले फुटपाथ के मरम्मत हेतु शिलान्यास किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजीव पटेल, पार्षद विनित सिंह, मदन मोहन तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष राजेंदर पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीएचयू विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की लंबी कतार

**आस्था**

### महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया भगवान भोलेनाथ का दर्शन



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित विश्वनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन-पूजन व जलाभिषेक किया। भक्तों ने बाबा भोलेनाथ को मदार की माला, भांग, धतूरा व बिल्वपत्र अर्पित कर सर्वमंगल की कामना की।

मंदिर में भोर से भक्तों की कतार लग गई थी। दिन चढ़ने के साथ ही भीड़ इस कदर बढ़ गई की लाइन लगभग एक किलोमीटर तक पहुंच गई। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तैनात सुरक्षा कर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए भक्तों को दर्शन-पूजन कराने में मदद करते रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. संजय कुमार तथा विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने भी श्री विश्वनाथ मंदिर में विधिविधान से भगवान शिव की पूजा की। मंदिर में देर रात तक दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

## रामेश्वर महादेव मंदिर में लाखों शिवभक्तों ने टेका मत्था, किया दर्शन पूजन

### हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण हुआ शिवमय

**सेवापुरी ।** पंचकोशी यात्रा के तीसरे तीर्थ पड़ाव रामेश्वर महादेव मंदिर में आज बुधवार को भोर से तीन लाख से ऊपर शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन करअन्य विग्रहों, मंदिरों में मत्था टेका और दर्शन पूजन किया। डमरू दल, डीजे व झांकी संग युवाओं की भीड़ ने हर हर महादेव के जयघोष से पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। स्थानीय ग्रामीण शिवभक्तों ने वरुणा नदी में डुबकी लगाकर मन्दिर में राधा-कृष्ण मंदिर, माँ तुलजा -दुर्गा भवानी, राम लक्ष्मण जानकी, गणेश, हनुमान ,कालभैरव, नरसिंह ,साक्षी विनायक, नहुशेश्वर, अग्निनेश्वर , पंच पालेश्वर ,झाड़ी महादेव का दर्शन किया। मेले में सुरक्षा की कमान एडीसीपी गोमती जोन, एसीपी राजातालाब ,एसडीएम राजातालाब शिवानी सिंह,एसएचओ जनसा दुर्गा सिंह,बड़ागाँव अतुल कुमार सिंह,राजातालाब एके वर्मा, चौकी प्रभारी रामेश्वर जगदम्बा सिंह सहित महिला-पुरुष पुलिस बल की तैनाती के साथ क्षेत्रीय समाजसेवी जगापट्टी के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव, प्रधान प्रतिनिधि डॉ राम प्रसाद का विशेष सहयोग रहा। ब्लाक सेवापुरी , राजस्व विभाग,स्वास्थ्य विभाग सेवापुरी,जिला पंचायत , पुरुष-महिला पुलिस, पीएसी समेत ग्राम पंचायतो व जायसवाल महाशिवरात्रि सेवा समिति हरहुआ ,जय भोले बफार्नी सेवा समिति हरहुआ, नव युवा समिति रामेश्वर समेत कई संस्थाओं ने सेवा भाव से भक्तों की सेवा की। हरहुआ में शिवबारात की झांकी निकाली गई।

शिवभक्तों ने आरती उतारी।रामेश्वर मन्दिर के पुजारी अन्नू तिवारी के अनुसार तीन लाख से ऊपर शिवभक्तों ने पंचक्रोशी पदयात्रा कर दर्शन किया। हरहुआ -रामेश्वर ग्रामीण क्षेत्र के शिवमंदिरों में भी भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजन दर्शन किया। मेले में एडीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल ,एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव ,एसडीएम राजातालाब शिवानी सिंह मय विभागों व पुलिस बल के साथ सतर्कता व सुरक्षा में लगे रहे।

# शिवरात्रि: शिवालयों की ओर बढ़ते रहे बाबा के दीवाने



## मां काली की झांकी ने मोहा नगरवासियों का मन

**मनियर।** महाशिवरात्रि पर परशुराम मंदिर से भगवान शिवजी की बारात निकाली गयी। इसमें भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शिव बारात पशुराम मंदिर से प्रारंभ होकर चांदूपकड़, बस स्टैंड होते हुए देवापुर के रास्ते अपने गंतव्य पर पहुंच कर संपन्न हुई। देवरिया जिले से आए कलाकारों ने मां काली का रूप धारण कर नगरवासियों का मन मोह लिया। मां काली ने भगवान शिव एवं माता पार्वती की बारात में झूम कर नृत्य किया, जिसे देखकर मौजूद लोग उस पल को अपने-अपने मोबाइल कैमरों में कैद करने लगे।

बोल बम-बम बोल... जय शिव-जय शिव... ऊं नमः शिवाय... हर-हर महादेव... के इत्यादि उच्चारण संग महाशिवरात्रि पर बुधवार को भगवान भोले के भक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। बाबा के दीवानें शिवालयों की ओर बढ़ते रहे। भक्तों की उमड़ी भीड़ को देखने से ऐसा लगा रहा था मानों शिवालयों पर 'जनसमुन्द्र' उमड़ पड़ा हो। औघड़दानी की बारात के स्वागत को नगर के विभिन्न मार्गो पर नाश्ता-पानी का भरपूर इंतजाम किया गया था। कहीं लोग ठंडई का मजा ले रहे थे तो कहीं चाय-नाश्ते से बारातियों का स्वागत किया जाता रहा।

## जलाभिषेक के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब














**बलिया।** महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर के शिवालयों में बुधवार को तीन बजे भोर से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। शिवालयों का फाटक खुलते ही शिवभक्तों के जयकारे से पूरा मंदिर गूंज उठा। बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए एलआईसी रोड से लेकर मंदिर तक महिलाओं-पुरूषों की लंबी लाइन लगी रही। पुरूषों की संख्या महिलाओं से कम रही। सुबह पांच बजे बाबा की आरती हुई। आरती दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। आरती के समय जलाभिषेक का कार्य कुछ देर तक रोक दिया गया। इसके चलते भक्तों की लाइन और लंबी हो गई। मिट्टी के वर्तन में जल, बेलपत्र, फल-फूल, दही, पेड़ा, शम्मी का पत्ता, भांग, धतूरा आदि लेकर लोग बाबा का पूजन-अर्चन करने के लिए लाइन में लगे रहे। भक्तों की भीड़ को देखकर मंदिर कमेटी महिला-पुरूष की अलग-अलग लाइन लगाने में लगा रहा। एक तरफ से पुरूष तो दूसरी तरफ से महिलाओं की लाइन श्रृंखलाबद्ध तरीके से मंदिर में पूजन के लिए प्रवेश करती रही। भीड़ के चलते जल चढ़ाने के लिए भक्तों में धक्का-मुक्की भी होती रही। पुलिस कर्मी भक्तों की लाइन लगाने में जुटे रहे। वहीं, नगर के कैलाश धाम रोड स्थित कैलाश धाम मंदिर पर भी दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इसके अलावा मिड्ढ़ी स्थित शिव मंदिर, अमृतपाली स्थित शिव मंदिर, टैगोरनगर स्थित शिव मंदिर आदि में जलाभिषेक होता रहा। इधर, आनंदनगर स्थित कंकणेश्वर नाथ शिव मंदिर में पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## बाबा की विभिन्न मुद्राओं ने श्रद्धालुओं को लुभाया
















**बलिया।** ऐतिहासिक परम्पराओं के अनुरूप महाशिवरात्रि के पर्व पर विभिन्न मुद्राओं में भगवान शिव की बारात निकली। बाबा की नकल उतारते हुए उनके भक्त भी तरह-तरह की वेष-भूसा धारण कर बारात में शामिल हुए। इसमें हाथी, घोड़ा, ऊंट, बैण्ड-बाजा, शहनाई एवं रथ पर सवार विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी बाबा के भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती रही। इस दौरान शिव बारात को जगह-जगह रोककर महिलाओं ने परछावन भी किया। शिव बारात के स्वागत को जगह-जगह ठंडई एवं मिष्ठान की व्यवस्था भी किया गया था। बारात के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठा। इस दौरान भृगुनगरी पूरी तरह से शिवमय हो गया था। बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर से धूमधाम के साथ शिव बारात निकाली गई। शिव बारात जापलिनगंज, एलआईसी रोड, मालगोदाम रोड, चौक स्टेशन रोड, लोहापट्टी, चमन सिंह बाग रोड, गुदरी बाजार होते हुए सिनेमा रोड पहुंची। फिर यहां से बारात मंदिर पर पहुंची। यहां शिव भक्तों द्वारा द्वारपूजा का आयोजन किया गया था। इस दौरान बारातियों को भोजन कराते हुए खातिरदारी की व्यवस्था भी किया गया था। इसके अलावा जगह-जगह अबीर-गुलाल भी उड़ाया गया। बारात में नाचते हुए चल रहे शिवभक्तों के उत्साह को देखकर लोग पैसा लूटाते रहे। मिड्ढ़ी शिव मंदिर से भी शिव बारात निकाली गई। विभिन्न झांकियों के साथ निकले बारात को देखने के लिए लोगों की भीड़ जगह-जगह उमड़ पड़ी थी। इसके अलावा महिलाएं अपने घरों के सामने खड़ी होकर शिव बारात का दीदार कर रही थी। कैलाश धाम मंदिर से भी शिव बारात निकली। यह विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम को पुनः मंदिर पर पहुंची। यहां रात्रि में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए।

### कैलाश धाम मंदिर से निकली शिव बारात






**बलिया।** महाशिवरात्रि पर नगर के कैलाश धाम रोड स्थित कैलाश धाम (ठाकुर जी) मंदिर में बुधवार की सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धालु हाथों में फल-फूल, दूध, गंगाजल, चंदन, अक्षत, बेलपत्र, शहद, भांग, धतूरा आदि पूजन सामग्री लेकर कतार में लगे हुए थे। अपराह्न में पारंपरिक एवं सांस्कृतिक रीति से शिव बारात निकली, जिसमें हाथी, घोड़ा, ऊंट, शहनाई, बैंड-बाजा, पखाउज तथा आकर्षक झांकियां शामिल हुई। नगर भ्रमण के पश्चात शिव बारात पुनः मंदिर परिसर में पहुंची, जहां विधि-विधान से देर रात तक शिव विवाह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाता रहा। मंदिर प्रबंध समिति के शंभू सिंह, भगवान बाबा, अनूप चौबे, पारस ठाकुर, संतोष कुमार शुक्ल, अरूण कुमार सिंह बबलू, राजेन्द्र पांडेय, कन्हैया, मनोज आदि श्रद्धालुओं के सहयोग में लगे रहे।

### दीपों से नहाया बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर

बलिया। महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के साथ-साथ भक्तों द्वारा दीपक भी जलाया गया। सुबह से लेकर देर रात तक बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर के एक कोने में दीपक जगमगाते रहे। भक्तों के हाथों में जलता हुआ दीपक देख अन्य भक्तों में भी दीपक जलाने की इच्छा जग उठी। बाबा बालेश्वर नाथ को दीप दिखाने के बाद मंदिर के पीछे स्थित दीप स्टैण्ड पर दीप रखा जाता रहा। दूर-दराज से आयी महिलाएं दीपक के सामने बैठकर शिव गीत गाती रही। नगरवासी भी जलते हुए दीपक के सामने बैठकर भगवान शंकर की भक्ति करने में पूरी तरह से लीन रहे।

### बम-बम भोले के जयकारे से गूंज उठा गांव

सिकन्दरपुर। कोथेश्वर नाथ धाम कोथ के प्रांगण से पुजारी सरयू दास जी महाराज के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाला गया। शिव बारात सिविल लाइन, डीह बाबा का स्थान, कोथ चौराहा, फलपुरा होते हुए पुनः मंदिर पर पहुंचा। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। पूरा गांव बम-बम भोले के जयकारे से गूंज उठा। शिव बारात में धर्मेन्द्र तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, बिक्कु तिवारी, अभय शंकर तिवारी, सोहन राजभर, शिवलाल, मोहन, रामजी, विजय शंकर, लक्ष्मी शंकर तिवारी, कविंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए किया परछावन



**बांसडीह।** लुगरी बाबा सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर बाबा भूतेश्वर नाथ महादेव का विवाहोत्सव का आयोजन किया गया। इससे पहले बड़ी बाजार स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ महादेव मंदिर से भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। भगवान शिव की प्रतिमा को रथ पर सवार कर महिलाओं द्वारा मंगल गीत एवं परछावन किया गया। शिव बारात में भूत-पिशाच, ऋषि-मुनि, देवी-देवता के रूप में सजे बच्चे लोगो को आकर्षित करते रहे। व्यापारियों ने जगह-जगह बारात को रोक कर नाश्ता एवं जलपान कराया गया। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल संजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। छोटक मिस्त्री, निखिलेश पाण्डेय, कन्हैया, कृष्णा, गोपाल जी गुप्ता, प्रतुल, श्रीप्रकाश तिवारी, मदन सोनी, धनजी वर्मा, संतोष पटेल, हरिकृष्ण वर्मा, शंभूनाथ वर्मा, शंभूनाथ सोनी आदि श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे।

### धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात

**सिकंदरपुर।** महाशिवरात्रि पर पूरा इलाका शिव-पार्वती की भक्ति में लीन है। किला के पोखरा स्थित अवेधनाथ मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकली। यह नगर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर में पहुंची। चतुर्भुज नाथ मंदिर एवं किला के पोखरा स्थित भोलेनाथ परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। क्षेत्र के मंदिरों में शिवभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई। शिव बारात से पूरा शहर शिवमय हो गया है। नाचते-गाते बारात किला के पोखरा स्थित भोलेनाथ मंदिर से निकलकर जलालीपुर, पुलिस चौकी रोड होते हुए शहर के विभिन्न स्थानों में भ्रमण की। बारात जलपा स्थान, भिखपुरा, गंधी, डोमनपुरा, चतुर्भज नाथ मंदिर, पुरानी पानी टंकी, नगरा मोड़, हास्पिटल मोड़, सोनार गली, बस स्टैंड होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंची, जहां बारातियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में महाभंडारा का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार, थानाध्यक्ष विकास चंद पाण्डेय, चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश तिवारी सदल-बल चक्रमण करते रहे।

### मिष्ठान के साथ किया गया बारातियों का आदर सत्कार



**रसड़ा।** नगर समेत ग्रामीण अंचलों में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनायी गई। श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। श्रीनाथ बाबा मठ से हाथी, घोड़ा, ऊंट के साथ शिव बारात निकली। यह नगर भ्रमण करते हुए अमली बाबा मंदिर छितौनी पर पहुंचा, जहां मिष्ठान के साथ बारातियों का आदर सत्कार किया गया। साथ मां पार्वती के साथ विवाह की रस्म अदायगी की गई। महिलाएं मंगल गीत गाती रही। वहीं, बारातियों के लिए जगह-जगह नाश्ते का भी प्रबंध किया गया था। इधर, नफरेपुर स्थित प्राचीन श्रीश्री 1008 बाबा बटेश्वर महादेव मंदिर से पंडित राजेश तिवारी की अगुवायी में भव्य शिव बारात निकाली गई। शिव बारात गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम को पुनः मंदिर पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा की पालकी निकाली। इससे पूरा गांव शिवमय हो गया। बारात मंदिर से निकलकर नफरेपुर मठिया, कलना, नागपुरा, टीकादेवरी, महेंद्र सिंह चौराहा होते हुए पुनः बटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा।

### बाबू गोपी राम के शिवाला में उमड़ी भीड़



**रसड़ा।** बाबू गोपीराम का शिवाला एक प्रसिद्ध शिव मंदिर है। हर साल मंदिर और भगवान अपने अलग-अलग रंग में रहते हैं। महाशिवरात्रि को सुबह से ही मंदिर पर महिलाओं के साथ पुरुष एवं बच्चे पूजा करते हैं। मंदिर की सजावट कोलकाता के कारीगरों द्वारा किया गया। मंदिर की देखरेख बाबू गोपी राम के नाती स्व. हनुमान प्रसाद के पुत्र रामजी स्टेट करते हैं। पूजा एवं आरती के बाद लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि में भव्य भंडारा हुआ। हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा नगर भक्तिमय हो गया।

### शिव मंदिरों में उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

**सिकन्दरपुर।** महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मंदिरों के कपाट सुबह चार बजे ही खुल गए। इससे पहले ही श्रद्धालु मंदिरों के बाहर कतारबद्ध हो गए थे। सिकंदरपुर स्थित चतुर्भुज नाथ मंदिर, बाबा अदभुत नाथ मंदिर, वनखंडी नाथ मंदिर डूहा समेत सभी प्रमुख मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद और घी से अभिषेक किया। भक्तों ने भगवान शिव को उनके प्रिय भांग, धतूरा और बेलपत्र अर्पित किए। मंदिरों में धूप-दीप से आरती की गई। विशेष रूप से रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया गया। डोमनपुरा स्थित चतुर्भुज नाथ मंदिर में तीन बजे भोर से ही भक्तों की कतार लग गई। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भीड़ को देखते हुए पुलिस की विशेष तैनाती की गई। मंदिरों के बाहर बेलपत्र विक्रेताओं की दुकानें भी सजी रहीं। पूरे दिन मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया।

### विवाहोत्सव में भक्तों ने दिया नेवता

**बलिया।** नगर के प्रमुख शिवालयों से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात निकालने के बाद देर रात तक विवाहोत्सव का कार्यक्रम चलता रहा। इसमें शामिल भक्तगण अलग-अलग बनाये गये काउण्टरों पर नेवता देने के बाद अपना नाम रजिस्टर पर अंकित कराते रहे। नेवता काउण्टर पर लोग पीली धोती एवां शिव पार्वती के वस्त्र भी नेवता में देते रहे। नेवता के साथ-साथ लोगों में प्रसाद वितरण भी किया जा रहा था।

### आकर्षण का केन्द्र बने रहे लकड़ी के सामान

**रतसर।** क्षेत्र के धनौती गांव स्थित अति प्राचीन धनेश्वर नाथ धाम शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर एक दिवसीय मेला में लोगों की जबरदस्त भीड़ रही। मंदिर प्रांगण में भोर से ही भगवान शिव को जलाभिषेक, दर्शन-पूजन हेतु तांता लगा रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के बाद मेला का लुत्फ उठाया। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी भी धनेश्वर नाथ धाम पहुंचे। मेला में लकड़ी के बने सामान मेलार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे। लकड़ी से निर्मित बच्चों के खिलौने सहित चौकी तक की अच्छी खासी बिक्री रही। सौन्दर्य प्रसाधन, मिठाई, पूड़ी-सब्जी की खूब बिक्री हुई। मन्दिर प्रबंधन की तरफ से मेलार्थियों की सुविधा के लिए जगह-जगह पंडाल एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

### शिव बारात में आकर्षण का केन्द्र रहीं झांकियां

**रेवती।** महाशिवरात्रि पर रेवती बड़ी बाजार स्थित चंद्रमौली महादेव मंदिर परिसर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। यह गुदरी बाजार, थाना, बस स्टैंड, रामलीला मैदान, डाकघर, उत्तर टोला, बुढ़वा शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर होते हुए पुनः मंदिर में आकर संपन्न हुई। शिव बारात में शिवभक्त नाचते-गाते हुए चल रहे थे। शिव बारात में आकर्षक झांकियां सजाई गई थी। इससे पहले नगर के बुढ़वा शिव मंदिर, दुर्गा स्थान शिव मंदिर, चन्द्रमौली महादेव मंदिर, महादेव स्थान स्थित शिव मंदिर, ठाकुरबाड़ी स्थान के शिव मंदिर, बड़कागढ़ स्थित शिवालय सहित अन्य शिवालयों एवं देवालयों में सूर्य की किरण फूटने से पूर्व से ही भक्तों के आने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया। इस दौरान लोगों ने रूद्राभिषेक करने के साथ ही अपने अभिष्ट कामना के साथ अखंड दीप जलाया।

### बारातियों में वितरित किया प्रसाद

**बलिया।** महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के कदमतर, सिनेमा रोड, चौक, एलआईसी रोड, जापलिनगंज, बालेश्वर घाट रोड, बिशुनीपुर, ओक्डेनगंज, कासिम बाजार, गुरूद्वारा रोड, आर्य समाज रोड, लोहापट्टी, गुदरी बाजार, मिड्ढ़ी, चौक स्टेशन रोड आदि स्थानों पर स्टाल लगाकर बारातियों को पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, हलुवा, रसबुनिया, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंग, लड्डू, पेड़ा, पोलाव, छोला, फल, ठंडई, खीर, शुद्ध पेयजल प्रसाद स्वरूप खिलाया गया। यहां लोगों की भीड़ लगी रही।

### कामेश्वर धाम में जलाभिषेक को लगी रही लाइन

**चितबड़ागांव।** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के कामेश्वर धाम मंदिर कारो और चितेश्वर धाम मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों एवं देवालयों में भारी भीड़ लगी रही। भक्तों का रेला भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिरों की तरफ निकल पड़ा। शिव मंदिरों में जहां जलाभिषेक करने वालों की भारी भीड़ रही, वहीं रुद्राभिषेक, हवन पूजन करने वाले भक्तों को इंतजार करना पड़ा। कामेश्वर धाम कारो में महाशिवरात्रि पर लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीददारी की। मन्दिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। लोगों ने अखंड दीप भी जलाया।

### शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बेल्थरारोड।** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मानस मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, बिचला पोखरा स्थित शिव मंदिर, बस स्टेशन, मठिया गुलौरा स्थित शिव मंदिर, खैराडीह, तुर्तीपार, बेल्थरा बाजार, हल्दीरामपुर आदि मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। भोर से ही श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया, जो पूरे दिन जारी रहा। मंदिरों पर शिव स्तुति तथा भजन कीर्तन के साथ हर-हर महादेव के उद्घोष से वायु मंडल गूंज उठा। एसडीएम निशांत उपाध्याय, तहसीलदार संतोष शुक्ला, नायब तहसीलदार अनिल कुमार यादव, नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार चक्रमण करते रहे। वहीं, प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह तथा चौकी प्रभारी बांक बहादुर सिंह सुरक्षा व्यवस्था में सदल बल सक्रिय दिखे। वहीं, आर्य समाज की ओर से ऋषि बोधोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। आर्य समाज मंदिर पर हवन, यज्ञ, भजन एवं उपदेश से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बन गया। लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जोरावर सिंह आर्य, अखिलेश गुप्ता, कमलेश फौजी आदि मौजूद रहे।

### जयकारों से शिवमय हो गया पूरा इलाका



**सहतवार।** नगर के महतपालेश्वर नाथ (शिव मंदिर) से महतपालेश्वर नाथ सेवा समिति की ओर से शिव बारात निकाली गई। भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। पूर्व नगर की महिलाओं द्वारा भगवान शिव का परीछावन किया गया। शिव बारात मंदिर से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर, सिनेमा रोड, झुमक सिह के बरतर, कुंवर सिंह मोहल्ला होते हुए अध्यक्ष सरिता सिंह के दरवाजे पर पहुंचा, जहां अध्यक्ष सरिता सिंह ने विधिवत भगवान शंकर की पूजन अर्चन किया। इसके बाद बारात पुनः डफली मोहल्ला, पूर्वी कुंआ, नगर पंचायत कार्यालय होते हुए पुनः महतपालेश्वर नाथ मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। सपा नेता नीरज सिंह गुड्डू, पुजारी उमाशंकर दुबे, अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज सिंह राजू, भाजपा नेता राजकुमार वर्मा, सभासद रंजीत वर्मा, सुभाष सिंह, सभासद आनंद सिंह, विनय गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, हृदयानंद गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, सुभाष सिंह, अश्वनी मिश्रा, ध्रुव सिंह, वीरेंद्र सोनी, राजेश प्रसाद, बजरंगी सिंह, रूद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### गाजे-बाजे के साथ पालकी में निकली शिव बारात

**मझौवां।** मधुबनी-दया छपरा मार्ग स्थित जालंधर बाबा शिव मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धालु अपने हाथों में गंगाजल, दूध, दही, बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। गाजे-बाजे के साथ पालकी में शिव बारात निकाली गई। दया छपरा मठिया पर महंत बालक बाबा ने सभी बारातियों को प्रसाद खिलाकर सत्कार किया। इस मौके पर प्रीतम पांडेय, अतुल पांडेय, सुरेश यादव, झाबुआ सिंह, विनय पांडे आदि मौजूद रहे।

# पूर्व डीआईओएस समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

## 179 शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति पत्रावली गायब करने का मामला

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जनपद के 44 स्कूलों के 179 शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति पत्रावली गायब करने के मामले में पूर्व डीआईओएस सहित पांच पर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन डीआईओएस रमेश सिंह, संजय कुमार कुंवर लिपिक, लिपिक अजय सिंह, उर्दू अनुवादक मैनुद्दीन, प्रधान लिपिक शिवानन्द तिवारी पर मुकदमा दर्ज किया है।




डीआईओएस ने आरोप लगाया कि तत्कालीन डीआईओएस रमेश सिंह के जिले में दो वर्ष के कार्यकाल में 32 इंटर कालेज एवं 12 माध्यमिक तथा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में चार प्रवक्ता, 80 सहायक अध्यापक, चार लिपिक, 10 सहायक लिपिक और 81 परिचारक की फर्जी एवं अनियमित नियुक्ति कर राजकोष से करोड़ों भुगतान किया जा रहा था। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी इसकी रिपोर्ट प्रेषित थी। उक्त की पत्रावली के संबंध में पूछताछ करने पर संबंधित पटल सहायकों द्वारा कार्यालय में मूल पत्रावली उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी। वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा बलिया एवं लेखाकारों से उक्त भुगतान से संबंध में पूछताछ करने पर वेतन अनुमन्यता आदेश अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया गया। प्राप्त अनुमन्यता आदेश के परीक्षण में यह पाया गया कि रमेश सिंह के साथ उक्त पटल सहायकों द्वारा आदेशों पर अपना लघु हस्ताक्षर किया गया है। इन्हें बार-बार नोटिस देने पर मात्र 15 पत्रवालियां ही उपलब्ध कराई गईं। शेष अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। तत्कालीन डीआईएसओ रमेश सिंह एवं उक्त कर्मचारियों ने विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य की मिलीभगत कर वेतन भुगतान का आदेश जारी कर कोषागार से करोड़ों रुपये का भुगतान कराया है। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उक्त पत्रावलियां गायब की गईं। इस स्कैंडल में रमेश सिंह के साथ उक्त सभी सम्मिलित हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मण्डल द्वारा मूल पत्रावली उपलब्ध नहीं होने की दशा में दोषी अधिकारी और कर्मचारी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया है। कोतवाल योगेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिकायत पर अधिकारी व कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# ट्रेन पलटने की साजिश का कब होगा खुलासा

**बैरिया।** छपरा-बलिया रेल खण्ड पर बकुल्हा-सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के बीच मांझी रेल पुल से 300 मीटर पश्चिम रेलवे ट्रैक पर बोल्डर रखकर लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस को पलटने के असफल प्रयास के पांच माह बीतने के बाद भी इस मामले में चांददियर पुलिस का हाथ खाली है। अभी तक इस घटना के संदर्भ में कुछ भी पता लगाने में पुलिस पूरी तरह से असफल रही है। बता दे कि 28 सितंबर 2024 को सुबह 10.25 बजे लखनऊसे चलकर छपरा जाने वाली लखनऊछपरा एक्सप्रेस पूरी स्पीड के साथ छपरा की तरफ जा रही थी। तभी चालक को कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पर पत्थर का बोल्डर रखा दिखा। ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया। ट्रेन तो बच गई, किंतु इंजन के सेफ्टी गार्ड से टकराने के कारण बोल्डर के कई टुकड़े हो गए और ट्रेन डिरेल होने से बच गई। ट्रेन या यात्रियों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रेलवे के उच्चाधिकारी, रेलवे सुरक्षा बल के बड़े अफसर, जीआरपी के बड़े अधिकारी घटना स्थल का निरीक्षण किये और मामले की जांच की। 24 घंटे तक सीमा विवाद में मामला उलझा रहा। अंतत एसपी के आदेश पर बैरिया थाने में अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह घटना फाइलों में सिमट कर रह गई। पुलिस ने घटना की तह में जाने की जहमत नहीं उठाई। क्योंकि उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लिया ही नहीं। इस तरह की कोई घटना दोबारा ना हो, इसके लिए पुलिस को सख्त कार्रवाई करना चाहिए था। लोगों से पूछने पर उन्होंने बताया कि हम लोग घटना के विषय में तो जानते हैं, किंतु पुलिस इस संदर्भ में क्या कर रही है? यह पता नहीं है।

> *छपरा-बलिया रेल खण्ड पर 28 सितंबर 2024 को रेलवे ट्रैक पर पत्थर का बोल्डर रखने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी जांच चल रही है। उप्र और बिहार के कई गांवों में जाकर घटना का पता लगाने का प्रयास किया गया है। मुखवीरों को भी सक्रिय किया गया है, किंतु अभी तक कुछ ठोस हाथ नहीं लगा है। इस मामले में विवेचना प्रचलित है। जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।*
>
> **परमात्मा नंद मिश्र, चौकी इंचार्ज, चांददियर**

## संक्षेप

### सीएमओ की कार्रवाई पर उठने लगे सवाल

**बलिया।** स्वास्थ्य केंद्रों पर फर्जी तरीके से नौकरी करने वाली 15 स्टाफ नर्सों पर मुकदमा से विभागीय गलियारे में खलबली मची हुई है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्यो 17 माह बाद बलिया के सीएमओ को एक्शन लेना पड़ा। हनुमानगंज ब्लाक के बसंतपुर निवासी विजयानंद पांडेय ने सवाल खड़ा किया है कि नियुक्ति पदाधिकारी के ऊपर भी मुकदमा दर्ज होना चाहिए। क्योंकि नियुक्ति के समय ही सारे कागजातों एवं प्रमाणपत्रों की जांच होती है और इंटरव्यू होता है। उसके बाद नियुक्ति पत्र मिलता है। इसलिए नियुक्ति के समय जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने कागजातों एवं प्रमाण पत्रों की जांच किए और इंटरव्यू भी लिए तो इतनी बड़ी चूक कहां से हुई? इसकी भी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। आरोप यह भी लगाया है कि नियुक्ति मामले में लाखों रूपये की रिश्वत की पोल खुलेगी। यह आश्चर्यजनक घटना है कि 17 महीनें बाद सीएमओ को ये सभी नियुक्ति फर्जी नजर आ रही है।

### एसपी ने किया अंतर्राज्यीय सीमा का औचक निरीक्षण

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत एवं महाकुम्भ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के अबाध आवागमन हेतु अंतर्राज्यीय सीमा भरौली पुल का रात्रिकालीन निरीक्षण किया गया। साथ ही अपने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। मंगलवार की देर रात पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह अंतर्राज्यीय सीमा भरौली पुल पहुंचे और वहां का जायजा लिया। साथ ही महाकुम्भ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की अबाध आवागन हेतु प्रभारी निरीक्षक नरही को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए यातायात व्यवस्था को सूचारू रुप से बनाये रखने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर, प्रभारी निरीक्षक नदीम अहमद फरीदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### मछली मारते समय नदी में डूबने से मछुआरे की मौत

बैरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के नौरंगा घाट पर मछली मारते समय छोटकी फुलवरिया, थाना मांझी, जनपद सारण, बिहार निवासी अशोक साहनी (53) पुत्र विश्वनाथ साहनी गंगा में डूब गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, किंतु उसे बचाया नहीं जा सका। स्थानीय नाविकों एवं कुछ उत्साही युवाओं द्वारा गंगा में खोजबीन करने पर दोपहर बाद नौरंगा तट से कुछ दूरी पर उसका शव मिला। उसे गंगा से निकालकर बाहर लाया गया और इसकी सूचना बैरिया पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक पन्ना लाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त मछुआरा के डूबकर मरने से परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। वह बिहार के सारण जनपद से आकर नौरंगा घाट पर मछली मारने का काम करता था। इससे उसके परिवार का जीविकोपार्जन होता था।

### 25 बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

**रतसर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर, झंगही, सिकरिया एवं टाउन में अवर अभियंता कैलाश राव के नेतृत्व में विद्युत चेकिंग एवं राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान 25 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए और 45 बकायेदारों से 50 हजार रुपये का बिजली बिल जमा कराया गया। अवर अभियंता ने बताया कि 28 फरवरी तक ओटीएस योजना के तहत छूट मिल रही है। जिनका बिल बकाया है, वह जमा कर दें। 10 हजार से ज्यादा बिल बकाया होने पर उनके खिलाफ 138बी के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसएसओ राजेश यादव, चंद्र प्रकाश , धर्मेन्द्र, हृदयानंद, जितेन्द्र, ब्रजेश, दद्दन, विवेक मौजूद रहे।

### इलाज के दौरान घायल अधेड़ की मौत

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर सड़क दुर्घटना में पांच दिन पूर्व घायल नागेश्वर यादव (57) निवासी मठ योगेंद्र गिरी का इलाज के दौरान वाराणसी के ट्रामा सेंटर में सोमवार की रात मौत हो गई। इस प्रकरण में पुलिस ने रितेश सोनी निवासी रानीगंज के खिलाफ मंगलवार को गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। बता दे कि राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मठ योगेंद्र गिरी के निकट 21 फरवरी को उस समय तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें धक्का मार दिया था, जब वह चट्टी पर दुकान से कुछ खरीदने जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने घायल को सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया था, जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया था। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर किया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी कोतवाल सुशील कुमार दुबे ने बताया कि धारा 281,106 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश जारी है।

### अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण

**बेल्थरारोड।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश कुमार गुप्त ने रामलीला मैदान के समीप स्थित बिचला पोखरा के चल रहे निर्माण और सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पोखरा के चारों तरफ घूम-घूम कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री गुप्त ने बताया कि 1.17 करोड़ की लागत से पोखरा का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। पोखरा के घाट एवं सीढ़ियों का निर्माण चल रहा है। इसके स्लैब की ढलाई का कार्य पूर्ण हो गया है। पोखरा को रमणीय बनाने के लिए चारों तरफ सीढ़ी बनाने के साथ सुंदर घाट बनेंगे। बीच में आकर्षक फौव्वारा लगेगा। इसके अलावा उन्होंने ठाकुर मंदिर, दुर्गा काली मंदिर के सीसी रोड का निरीक्षण किया।

### अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य संगम का आयोजन 27 व 28 फरवरी को

**मऊ।** देवश्री न्यास मऊ के तत्वावधान में 27 व 28 फरवरी 2025 को सायं 04 से अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य संगम का आयोजन डीसीएसके पीजी कालेज मऊ में होने जा रहा है। प्रेसवार्ता में कार्यक्रम के संयोजक प्रो. शर्वेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन 27 फरवरी को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें राष्ट्रीय स्तर अपनी पहचान कायम करने वाले प्रसिद्ध कवि प्रो. वशिष्ठ अनूप, प्रो. प्रकाश उदय, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, भालचंद त्रिपाठी, बादशाह तिवारी, रश्मि शाक्य, मिथिलेश गहमरी, सुशांत शर्मा, विभा सिंह, फजीहत गहमरी तथा मुन्ना मवाली का आगमन हो रहा है। दूसरे दिन 28 फरवरी को लोक रंगोत्सव के अन्तर्गत जीवनलाल एवं साथी द्वारा धोबिया लोक नृत्य, आनंद चैहान व साथी द्वारा गोड़ऊ लोक नृत्य तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। पहले दिन के मुख्य अतिथि हिन्दुस्तानी एकेडमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. उदय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. ब्रजभूषण मिश्र रहेंगे। दूसरे दिन जननायक चन्द्रशेखर वि.वि. बलिया के कुलपति प्रो. संजीत गुप्ता मुख्य अतिथि एवं एलएस कालेज मुजफ्फरपुर, बिहार के भोजपुरी विभाग के अध्यक्ष प्रो. जयकांत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### आज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में की जाएगी राज्य महिला आयोग द्वारा जनसुनवाई

**मऊ।** जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ० श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि सुनीता श्रीवास्तव, सदस्य, राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस (निकट रेलवे फाटक) में जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे महिला जनसुनवाई की जानी है एवं तत्पश्चात महिला बन्दी गृह, बालिका/महिला गृह आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया भी किया जाएगा।

# कार से अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया अभियुक्त एवं पुलिस टीम

**बलिया।** एसओजी एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक ब्रेजा कार से 292 बोतल अंग्रेजी शराब सहित एक मोबाइल एवं 520 रूपये नकद बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को निरीक्षक विश्वनाथ यादव प्रभारी सर्विलांस मय टीम, उपनिरीक्षक हितेश कुमार प्रभारी स्वाट टीम मय टीम तथा थाना कोतवाली पुलिस टीम के उपनिरीक्षक गिरीजेश सिंह मय फोर्स संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रेजा कार में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब छुपाकर बिहार ले जा रहे हैं और उनकी गाड़ी माल्देपुर मोड़ के पास खराब हो गयी है। यह सडक के किनारे खडी है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस टीम माल्देपुर मोड़ पर सड़क के किनारे खड़ी ब्रेजा कार के पास पहुंची तो पुलिस टीम को एकाएक सामने देखकर गाड़ी में बैठा चालक सकपका गया और गाड़ी का गेट खोलकर भागना चाहा, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम सनी कुमार पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी कंकडबाग, थाना कंकडबाग, जिला पटना, बिहार बताया। उसने पुलिस को बताया कि मेरी गाड़ी के आगे-पीछे डिग्गी में अंग्रेजी शराब की बोतलें भरी हुई हैं, जिन्हे मैं हरियाणा, गुड़गाव से लेकर आ रहा हूं और पटना जा रहा था कि होली के त्यौहार में ऊंचे दाम पर बेचकर काफी मुनाफा कमाऊंगा, लेकिन मेरा दुर्भाग्य है कि मेरी गाड़ी खराब हो गयी और मैं पकडा गया।

## बदमाशों ने चाकू व ईंट से हमला कर युवक को किया घायल

**रेवती।** स्थानीय नगर पंचायत में बुधवार को बदमाशों ने एक युवक पर चाकू व ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को आनन-फानन में सीएचसी रेवती पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। हमले में गंभीर रूप से घायल रेवती नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात निवासी शुभम उर्फ सिब्बू चौबे ने बताया कि कुछ सामान लेने के लिए बाइक से बाजार जा रहा था। इसी बीच पहले से ही रास्ते में घात लगाए रोहित तिवारी एवं सत्यम तिवारी ने मुझ पर चाकू और ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। इससे मेरे सिर, पीठ तथा हाथ में गंभीर चोटें आई है। बताया कि दो वर्ष पूर्व भी उक्त लोगों द्वारा मुझ पर चाकू एवं लाठी-डंडा से हमला किया गया था। पुलिस ने घायल के पिता हरिकेश्वर उर्फ रिंकू चौबे की तहरीर पर सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

# आभूषण की दुकानों में चोरी का नहीं खुला राज

**बैरिया।** भोजापुर स्थित डाक बंगला मार्ग पर पुलिस चौकी से महज सौ मीटर की दूरी पर दो आभूषण की दुकानों से लगभग 60 लाख रुपए की सोने-चांदी के जेवर चोरी होने के मामले में लगभग सात महीने बाद भी पुलिस का हाथ खाली है। पुलिस घटना का राजफास करने में पूरी तरह से असफल है। इसको लेकर बैरिया बाजार में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।बता दे कि नौ अगस्त 2024 की रात में सोने-चांदी के दो दुकानों का शटर तोड़ने के बाद गैस कटर से तिजोरी का लॉक काटकर चोरों ने लगभग 60 लाख रुपए का सोने-चांदी का ज्वेलर्स चुरा लिया था। शुरू में घटना के राजफाश करने में पुलिस ने तत्परता दिखाई। व्यापारी संगठन भी आंदोलन की तैयारी कर रहे थे। लेकिन समय बीतने के साथ सबकुछ ठंडे बस्ता में चला गया है। अब पुलिस इस घटना के राजफास की चर्चा भी नहीं करती है। वही, चर्चा है कि दोनों आभूषण व्यवसाईयों को पुलिस ने धमका कर चुप करा दिया है। हालांकि आभूषण व्यवसाई इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। बावजूद इसके चोरी की घटना के बाबत दोनों स्वर्णकारों से बात करने पर केवल रोते हैं। कहते हैं कि हम लोग बर्बाद हो गए।

उनके आंसुओं के पीछे उनका दर्द छिपा दिख रहा है, जो शायद पुलिस को नहीं दिख रहा है। स्वर्णकारों का आरोप है कि आज तक जितने भी आभूषण की दुकानों में चोरी हुई है, किसी का राजफास पुलिस ने नहीं किया है और ना हीं माल बरामद किया है। पुलिस की तत्परता देख ऐसा लगा था कि दोनों चोरी की घटनाओं की पुलिस राजफास करेगी, किंतु अब सबकुछ ठंडे बस्ते में चला गया है। इस बाबत पूछने पर चौकी इंचार्ज अरुण सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जल्द ही मामले का राजफास होगा।

# जहां यज्ञ होता है, वह स्थान पवित्र हो जाता है



**सिकन्दरपुर।** चित्रकूट से पधारे यज्ञाचार्य जयनारायण शास्त्री महाराज ने कहा कि जहां यज्ञ होता है, वह स्थान हमेशा के लिए पवित्र हो जाता है। वहां उद्घोषित समस्त देवी-देवताओं का वास हो जाता है। जहां तक यज्ञ की ध्वनि सुनाई देती है, वहां तक वायु मण्डल पवित्र हो जाता है। कहा कि विश्व कल्याण और आपसी कल्याण के लिए यज्ञ का काफी महत्व है। वह सिकन्दरपुर तहसील क्षेत्र के लीलकर गांव में स्थित श्री शास्त्री जी के आश्रम प्रांगण में पिछले 16 फरवरी से चल रहे नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर धर्म प्रेमियों से रूबरू थे। यज्ञ की पुर्णाहुति भंडारा के साथ हुआ। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य समझा। महायज्ञ के व्यवस्थापक पंकज राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। बताया कि श्री लक्ष्मी महायज्ञ और प्रवचन का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। यज्ञ सभी के सहयोग और शास्त्री जी की कृपा से सफल हुआ। कहा कि इस प्रकार के आयोजन से वातावरण शुद्ध होता है। दर्शकों एवं श्रोताओं का मन निर्मल होने के साथ ही उन्हें असीम शांति मिलती है। वहीं, सन्त महात्माओं का सानिध्य प्राप्त होता है। मौके पर अयोध्या नाथ, व्यासदेव राय, पवन, विनय, मार्कण्डेय, विमलेश, अरविन्द राय, राजेश, अजय, धनन्जय, कन्हैया वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी के लिए जमीन चिह्नित कर भेजी रिपोर्ट

**सिकन्दरपुर।** क्षेत्र के खरीद गांव में पुलिस चौकी के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। हाल ही में हुए दोहरे हत्याकांड के बाद प्रशासन ने इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी के प्रयास से 2023 में ही शासन ने यहां पुलिस चौकी को मंजूरी दी थी। खरीद कांटा से खरीद घाट मार्ग पर पुलिस चौकी भवन का काम शुरू होना था। लेकिन यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। दोहरे हत्याकांड के बाद विधायक ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अगर समय पर चौकी बन गई होती तो शायद यह घटना न होती। लेखपाल एवं कानूनगो के साथ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी खरीद गांव पहुंचे। उन्होंने तीन जगहों पर जमीन चिह्नित की। खरीद में 20 डिसमिल एवं 17 डिसमिल तथा मौजा शेखपुर में 10 डिसमिल जमीन चिन्हित की गई है। शासन की मंजूरी के बाद ही तय होगा कि पुलिस चौकी कहां बनेगी? इस मौके पर उप जिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार, नायब तहसीलदार सीपी यादव, इंस्पेक्टर विकास चंद्र पांडेय, कानूनगो हरेराम यादव, लेखपाल धर्मेंद्र, पंचदेव यादव, प्रधान अवधेश यादव मौजूद रहे।

# किसानों और मजदूरों की बहुत बड़ी आवाज थे स्वामी सहजानंद सरस्वती



**मऊ।** स्वामी सहजानंद सरस्वती ने आजीवन किसान और मजदूरों के लिए राष्ट्रव्यापी आवाज उठाई, उनकी बेहतरी और खुशहाली के लिए उन्होंने संगठित किसान आंदोलन के द्वारा जन संघर्ष किया वह इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों से अंकित है। वे किसानों और मजदूरों की बहुत बड़ी आवाज थे। उक्त बातें प्रोफेसर चन्द्रप्रकाश राय ने स्वामी सहजानंद जनमंच द्वारा अस्तुपुरा में आयोजित जननायक और युगपुरुष स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136 वीं जयंती समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। इसी क्रम में उन्होंने आगे कहा कि स्वाधीनता सेनानी के रूप में उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ मिलकर काम किया। देश की स्वतंत्रता और एशिया के संगठित किसान आंदोलन के जनक के रूप में यह देश उन्हें सदैव याद रखेगा। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी सहजानंद जन मंच के संस्थापक अध्यक्ष समीर राय ने कहा कि स्वामी सहजानंद का समूचा आध्यात्मिक और राजनीतिक जीवन पीड़ित मानवता के लिए समर्पित था। वह आजीवन राष्ट्रीय स्तर पर किसान और मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़े इसलिए उन्हें सामाजिक न्याय का प्रथम अग्रदूत कहा जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र राजभर ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती भले ही भूमिहार जाति में जन्मे हो लेकिन उनका कार्य और जीवन संघर्ष संपूर्ण राष्ट्र की भलाई और कल्याण के लिए समर्पित था। सामाजिक और राजनीतिक सुधारो में उल्लेखनीय भूमिका के कारण उन्हें भारतीय पुनर्जागरण का शलाका पुरुष कहा जाता है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में लालचंद राजभर ने उन्हें जनता का सच्चा रहनुमा बताते हुए अपने संगठन की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस कार्यक्रम को प्रमुख रूप से रामाश्रय राय, अवधेश राय, मास्टर इजहार, अवध नारायण राय, कामेश्वर राय, अरविंद राय विद्यापति राय, माखनलाल प्रजापति, मिथिलेश राय, बृजेश राय सोनू राय शर्मा, आशुतोष राय, रविंद्र नाथ राय, हाजी इश्तियाक आब्दी, राकेश सिंह, रामस्नेही राय, डा अलका राय, प्रमोद राय ने संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रोफेसर चन्द्र प्रकाश राय और हाजी इश्तियाक आब्दी को स्वामी सहजानंद स्मृति सम्मान 2025 देकर सम्मानित किया गया। संचालन विद्यापति राय एडवोकेट ने किया।

# आर्य समाज में भव्य रूप से मनाया जा रहा 121 वां ऋषि बोधोत्सव व वार्षिकोत्सव

**मऊ।** आर्य समाज मऊ द्वारा आयोजित 121वें ऋषिबोधोत्सव एवं वार्षिकोत्सव का शुभारंभ वैदिक यज्ञ से किया गया। इस पावन अवसर पर डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवभास्कर तिवारी सपत्नीक यजमान बने, जबकि ब्रह्मा का उत्तरदायित्व प्रहलाद वर्मा ने निभाया। यज्ञ में आर्य समाज के प्रधान बृजेश सिंह, मंत्री प्रशांत रत्नम सिंह, उदय प्रताप आर्य, हरिशंकर मिश्रा, सुमित राय, बब्बन प्रसाद, संतोष बरनवाल, राजेश वर्मा, अशोक राय, मदन गोपाल, वीरेंद्र नाथ श्रीवास्तव, सर्वेश राय, राहुल उपाध्याय, शनि प्रकाश, अरविंद आर्य, अथर्व सिंह,अर्नव सिंह,राहुल सिंह, विवेक सिंह, अरविंद तिवारी,ऋषिकेश पाण्डेय, बृजेश राय, मुनेन्द्र सिंह,सहित नगर के गणमान्य नागरिकों, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुरली और अध्यापकगण, अध्यापिका बहनों एवं विद्यार्थियों ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। अपराह्न 01 बजे से आर्य समाज के प्रांगण से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए रेलवे फाटक तक पहुंची। इस शोभायात्रा में दयानंद बाल विद्या मंदिर रामपुर चकिया, दयानंद बाल विद्या मंदिर मऊ, डीएवी इंटर कॉलेज मऊ एवं डीएवी बालिका इंटर कॉलेज




मऊ के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकगणों ने भाग लिया। विद्यार्थी ओउम् ध्वज थामे हुए पंक्तिबद्ध होकर वैदिक भजनों एवं जयघोषों के साथ नगरवासियों को वैदिक संस्कृति की झलक दिखा रहे थे। शोभायात्रा के दौरान स्वामी दयानंद सरस्वती के अमर विचारों की गूंज नगर में सुनाई दी, जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बन गया। यह भव्य वार्षिकोत्सव 26 फरवरी से 1 मार्च तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। समापन दिवस 1 मार्च को अपराह्न 01 बजे से 04 बजे तक मातृ सम्मेलन का आयोजन होगा। इस अवसर पर आर्य समाज द्वारा संचालित समस्त शिक्षण संस्थानों के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, उनकी माताओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। वार्षिकोत्सव के दौरान प्रत्येक दिन प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक यज्ञ, भजन एवं प्रवचन, तथा सायं 07 बजे से 9:30 बजे तक भजन एवं प्रवचन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में आर्य जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जी, आचार्य सुश्रुत सामश्रमी जी एवं बहन यशोदा आर्य जी के प्रेरणादायक प्रवचन एवं सुमधुर भजन श्रवण करने का सौभाग्य मिलेगा। अंत में, आर्य समाज मऊ के मंत्री प्रशांत रत्नम सिंह ने नगरवासियों से अनुरोध किया कि वे इस सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रीय जागरण के पावन कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और आत्मोन्नति के इस महायज्ञ में आहुति देकर सुदृढ़ समाज निर्माण में योगदान दें।

## आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे का कराया दिल में छेद का निःशुल्क ऑपरेशन

**मऊ।** जिले की आरबीएसके टीमों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत मिलने वाले बीमारी से पीड़ित बच्चों के लिए आरबीएसके कार्यक्रम वरदान साबित हो रहा है। कोपागंज ब्लॉक की आरबीएसके टीम बीके प्रभारी चिकित्साधिकारी डा शैलजा कांत पांडेय के नेतृत्व में डा ऋतु रंजिता राय, इस्तियाक, शशि प्रभा की संयुक्त टीम ने आमिर 10 वर्ष पुत्र जमशेद अहमद, निवासी हुसैनाबाद, कोपागंज जनपद मऊ का जन्मजात हृदय रोग (दिल में छेद) को चिन्हित कर डीईआईसी अरविंद वर्मा एवं नोडल अधिकारी डा. बीके यादव के सौजन्य से निःशुल्क ऑपरेशन आरबीएसके कार्यक्रम के माध्यम से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ में हुआ। जहां निशक्त मरीजों को दिल में छेद के ऑपरेशन के लिए लाखों का खर्च सुन कर ही उम्मीद खो देते हैं वहीं आरबीएसके ऐसे मरीजों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। ऑपरेशन के बाद परिजनों ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की बहुत सराहना की और आभार प्रकट किया।



# धूमधाम से निकाली गई शिव बारात व शोभायात्रा



**दोहरिघाट, मऊ।** महाशिवरात्रि पर कस्बे में बाबा मेलाराम मन्दिर के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर से निकलने वाली भव्य शिवबारात बड़ी धूमधाम से निकाली गई। शिव बारात में ब्रह्मा विष्णु नारद भूत बैताल पिशाच नर नारी सभी गाजे बाजे संग नचाते गाते हुए पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। मनमोहक झांकियो को देख लोग मंत्रमुग्ध हो उठे।डीजे की धुन पर लोग झूमते रहे। शिवबारात को देखने व पूजन करने के लिए सभी वर्गों के लोगो का हुजूम उमड़ा रहा। हर हर महादेव के जयकारो से पूरा नगर गुंजायमान रहा। प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण से शिवबारात निकल कर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए थाना परिसर में स्थित शिवमंदिर में पूजन आरती कर चैहान चैक से वापस आते हुए आजमगढ़ रोड होते हुए मुक्तिधाम रोड पर स्थित भगवान राम व परशुराम द्वारा स्थापित अद्भुत शिवलिंग मंदिर प्रागण में भगवान शिव माता पार्वती के विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न करा कर पुनः प्राचीन शिवमंदिर में आकर सम्पन्न हुआ जहाँ पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक व पूजन का कार्यक्रम आचार्य श्याम जी पांडेय द्वारा देर रात तक चलता रहा सभी शिवभक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आचार्य श्याम जी, संदीप, सनोज साहनी वृजेश साहनी, हरिकेश, गौतम साहनी मोनू साहनी सुजीत समेत आदि लोग रहे।

## शिव मंदिरों में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों पर सुबह से ही शिव भक्तों का रेला उमड़ा रहा शिव भक्त भगवान शिव को बेलपत्र दूध भांग धतूरा फल-फूल आदि चढ़ाकर पूजन करते रहे। कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर रजतेश्वर महादेव शिवालयों पर मंदिरों के घंटों घड़ियाल के मधुर स्वर से पूरा नगर गुंजायमान रहा पूरा नगर शिवमय में हो गया।

# सुबह से शाम तक शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## हर तरफ हर हर महादेव की होती रही गूंज, आधी रात से ही गूंजने लगे बोल बम के नारे


दिलदारनगर में शिव विवाह की शोभायात्रा में श्रद्धालु।


सोमेश्वरनाथ मंदिर पर शिवभक्तों की कतार।


शिवरात्रि पर्व को लेकर लगी भक्तों भीड़।

**शिवरात्रि पर उपवास रख किया रुद्राभिषेक, चढ़ाए बेलपत्र और धतूरे, मांगी मन्नतें**

**शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला, गांवों में भी उत्सव का माहौल, कई जगह मेले का हुआ आयोजन**

**गाजीपुर।** मन में आस्था, चेहरे पर भक्ति और लबों पर जयकारे। हाथ में जलाभिषेक का कलश लिए भक्त बाबा की डगर पर दौड़ लगाते नजर आए। अपनी श्रद्धा के पुष्पों को समर्पित करने और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए बुधवार को हर कोई शिव भक्ति में डूबा नजर आया। महाशिवरात्रि पर्व पर जिले में आस्था का ज्वार उमड़ा। शिवालयों में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही, लेकिन प्रसिद्ध महाहर धाम मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर में आधी रात से ही जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया। सुबह होते होते यहां लंबी लाइनें लगीं थीं। महाशिवरात्रि पर भोर से ही शहर सहित ग्रामीण इलाके के प्रमुख शिवालयों में आस्था का जलसैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार को गंगा स्नान के बाद भोर से ही पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हुआ, वह देर शाम तक चलता रहा। महाहर धाम में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने त्रिनेत्रधारी का जलाभिषेक और दूधाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस बीच भक्तों द्वारा भगवान शंकर का जयघोष किया गया। जिससे आसपास का वातावरण शिवमय बन गया। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सूर्योदय के साथ ही शिवभक्तों के पांव जब शिवालय की ओर बढ़े तो भीड़ और अधिक हो गई। सुबह से शाम तक शिवालय श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। शहर के गोराबाजार स्थित बुढा महादेव मंदिर, लालदरवाजा स्थित शिव मंदिर, मिश्रबाजार स्थित अतिप्राचीन शिव मंदिर, लालदरवाजा स्थित शिव मंदिर, रायगंज स्थित अमरनाथ, -चीतनाथ, नवाबगंज स्थित शिव मंदिर अन्य शिव मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने शिव के चरणों में फूल-माला अर्पित करने के साथ ही जलाभिषेक कर उनकी आराधना की। बाराचवर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के नागेश्वर महादेव मंदिर, ऊंचाडीह, बुढ़वा महादेव, झारखंडे महादेव तथा लखेश्वरडीह और कामेश्वर नाथ धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। देवकली प्रतिनिधि के अनुसार गंगा के तटवर्ती क्षेत्र चकेरी धाम पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। भक्तों ने जलाधिभेक के साथ ही औघड़दानी को भांग, धतूरा आदि चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुहम्मदाबाद प्रतिनिधि के मुताबिक महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में बुधवार को सैकड़ों शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रूद्राभिषेक किया। महादेवा स्थित प्राचीन शिवमंदिर पर भोर से ही भक्तों की कतार लग गई थी जो पूरे दिन लगी रही। महिलाओं ने मंदिर परिसर में अखंड दीप जलाया। मंदिर के बाहर मेले में बच्चों एवं महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा जखनिया, दिलदारनगर, दुल्लहपुर, सेवराई, बिरनो, जंगीपुर, चहरियाचाद, शादियाबाद, मनिहारी, सुहवल, सैदपुर, औड़िहार, खानपुर, सादात, भीमापार, जखनिया, करंडा कासिमाबाद, नंदगंज, गहमर, बहादुरगंज सहित जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में महा शिवरात्रि पर्व की धूम रही। लोगों ने दर्शन-पूजन कर शिव से अपने और परिवार के मंगल की कामना की।

### डीएम और एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को महाशिवरात्रि महापर्व के दृष्टिगत थाना मरदह क्षेत्रांतर्गत महाहर धाम मंदिर परिसर, गोराबाजार बड़ा महदेवा मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान मंदिर/मेला परिसर में लगे पुलिस बल को त्यौहार/मेला को सकुशल संपन्न कराने हेतु दिशानिर्देश किया गया। तत्पश्चात अधिकारियों ने खोया पाया केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, पार्किंग स्थल और बैरिकेड्स आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, एसडीएम कासिमाबाद, सीओ कासिमाबाद, सीओ भुड़कुडा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### देवाधिदेव भूतनाथ पर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर देवाधिदेव भूत भावन भगवान शंकर के जलाभिषेक के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित शिव मंदिरों में आज तड़के सुबह से ही शिवभक्तों की लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गयी और शिवालय हर हर महादेव और घंटे घड़ियालों की ध्वनि से गूंजायमान हो उठे। ऐसे तो क्षेत्र का कोई ऐसा शिवमन्दिर नही था जहां शिवभक्तों की भीड़ न रही हो। क्षेत्र के सबसे प्राचीन शिवमन्दिर बाबा भद्रेश्वर नाथ भदौरा मे जहां देर दोपहर तक जलाभिपेक का अनुष्ठान चलता रहा और पारंपरिक लगने वाला एक दिवसीय मेला देर रात लगा रहा। महेशपुर द्वितीय के अति प्राचीन नर्वदेश्वर मंदिर, पंडित पुरा के झारखंडी महादेव मंदिरों के अलावा अन्य गांवों लोचाईन, सुखडेहरा, अनुदान, दहिनवर, टोडरपुर, मिजार्बाद, लोहारपुर, पलिया, शेरपुर, वीरपुर, सोनवानी, अवथहीं, खरडियाआदि स्तिथ शिव मंदिरों मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। अधिकांध मंदिर में इससे पूर्व एक दिवसीय अखंड हरि कीर्तन व रामायण पाठ का आयोजन किया गमा था। शिवालयों को दुल्हन की तरह फूलों व इलेक्ट्रॉनिक झालरों से सजया गया था जो सभी को मोझित कर रह था।

### मंदिरों में की गई थी भव्य सजावट

महाशिवरात्रि के मौके पर प्रायः सभी शिवालयों पर भक्तों की चहल-पहल बनी रही। इस मौके पर पूजा कमेटियों द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार कराने के साथ ही मंदिरों को फूल-माला और बिजली के झालरों से सजवाया गया था। छोटा हो या बड़ा, सभी शिवालयों फूल-माला, झालरों के साथ ही गुब्बारा आदि से सजावट की गई थी, जो बरबस ही भक्तों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी। रात में कई मंदिरों पर कीर्तन भजन का आयोजन किया गया था। किसी मंदिर पर प्रसाद के रूप में भक्तों को गाजर का हलवा उपलब्ध कराया गया तो किसी पर बुनिया, फल आदि का प्रसाद दिया गया।

### महाशिवरात्रि पर कुश्ती दंगल का आयोजन पहलवानों ने दिखाया दमखम

**गहमर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को देवकली गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में भव्य मेला व कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पड़ोसी राज्य बिहार व आसपास से आए पहलवानों ने अखाड़े में दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंदी पहलवानों को पटखनी दी। वहीं कुछ जोड़ियों की कुश्तियां बराबरी पर छूटी। कुश्ती प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जमानियां विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह व विशिष्ट अतिथि सपा नेता हेराम सिंह रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेल व विधाएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। कहा कि पहलवान सुविधाओं के अभाव के चलते धीरे-धीरे इस प्राचीन व पारंपरिक खेल से दूर होते चले जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि हेतराम सिंह ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस जरुरत है तो उन्हें उचित मार्ग दर्शन व सुविधाओं की। प्रतियोगिता में कुल 31 जोड़ी पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर प्रतिद्वंदी पहलवानों से दो-दो हाथ किये। जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह ने पहलवानों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान रामप्रवेश मौर्या, पिंटू उपाध्याय, विपुल सिंह, कृष्णा कुशवाहा, फिरोज खां, भोलू, रामाशंकर यादव, सतीश गुप्ता, जनार्दन राय, अरुण गुप्ता,अशोक सिंह, लालबहादुर, दयाशंकर, कमलेश, सूर्य नारायण, हरिकेश मौर्या आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता मनोज देवीनिर्णायक की भूमिका हलधर यादव व योगेश्वर सिंह रहे। संचालन जयकरन ने किया।

### हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

**गहमर।** महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार की अल सुबह क्षेत्र के शिव मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। मंदिरों में सुबह से ही श्रधालुओं का तांता लगा हुआ था। जहां, घंटे-घडियालों व शंख की ध्वनियों के बीच भगवान शंकर का जलाभिषेक भक्तों द्वारा किया गया। वहीं, वैदिक मंत्रोचार के साथ बैर, बिल्व-पत्र, पुष्प, व दूध से उनकी श्रद्धा से लोगों ने आराधना भी किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने देवों के देव महादेव के प्रति आस्था व श्रद्धा देखते ही बन रही थी। देवकली शिव मंदिर, मनभद्र बाबा मनिहार वन गहमर शिव मंदिर, बुढ़वा महादेव गहमर शिव मंदिर, पंचमुखी गंगा घाट गहमर स्थित शिव मंदिर, सगरा पोखरा व यूनियन बैंक करहिया शिव मंदिर, कामाख्या धाम स्थित शिव मंदिर, देवल, अमौरा, लहना, बरेंजी, सायर, रायसेनपुर बारा, हरिकरनापुर, भतौरा, कुतुबपुर व मगरखाई गांव के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूरी निष्ठा के साथ पूजा-अर्चना की।इस दौरान क्षेत्र के देवकली शिव मंदिर, बुढ़वा महादेव शिव मंदिर गहमर में तो अल सुबह से ही भक्तों की जलाभिषेक को लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई थी।

### शिव बारात में जमकर नाचे भूत-प्रेत

**दिलदारनगर।** शिव रात्रि के अवसर पर भव्य और धार्मिक शिव बारात पूरे नगर में निकाली गई। यह आयोजन रेलवे क्रासिंग स्थित शिव मंदिर से शुरू हुआ और रामलीला मैदान, हुसैनाबाद, सरैला छुट्टी होते हुए दिलदारनगर गांव के मा काली मंदिर तक पहुंचा। इसके बाद, शिव बारात वापस शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस आयोजन में डीजे बैंड बाजा की धुनें बजाई गईं, जिसने लोगों को आकर्षित किया। इसके अलावा, वाराणसी से आए शिव कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उनके प्रदर्शन में शिव की भक्ति और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों और सुरक्षा अधिकारियों ने मिलकर काम किया। आयोजन में शामिल लोगों ने भी इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोगों को एकता और धार्मिक भावना के साथ जोड़ने में मदद की। इस दौरान जिधर से शिव बारात निकल रही थी उधर की बिजली की कटौती की जा रही थी आयोजन के आयोजकों और सुरक्षा अधिकारियों ने मिलकर इस समस्या का समाधान निकाला और आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। शिव बारात में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें नगर पंचायत अध्यक्ष अविनाश जायसवाल, जयप्रकाश गुप्ता, पवन जायसवाल और सुरक्षा व्यवस्था में उपजिलाधिकारी सेवराई रूपेश कुमार, सीओ जमानिया रामकृष्ण और थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्र शामिल थे।

## संक्षेप

### तमंचा-कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराचवर।** बरेसर पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बीते मंगलवार को को उ.नि रामबाबू सिंह मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व रात्रि गस्त करते हुए दहेन्दू अण्डरपास पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे से एक संदिग्ध व्यक्ति गोविन्द कुमार पुत्र अवधेश राम नि० ग्राम धामूपुर धरवा थाना नन्दगंज उम्र 23 वर्ष को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में नंदगंज पुलिस ने बुधवार को उ.नि श्याम सिंह मय हमराह द्वारा रामपुर बन्तरा ओवर ब्रीज के पास देखभाल क्षेत्र रोकथाम जुर्म जरायम एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर खास कि सूचना पर अभियुक्त अभिजीत यादव उर्फ गोलू यादव पुत्र रामभजन यादव निवासी ग्राम बासाबाँध थाना नन्दगंज उम्र करीब 19 वर्ष को जियो पेट्रोल पम्प के आगे स्थित पुलिया बहद ग्राम सिहोरी के पास से तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### पूर्वाचल एक्स्प्रेस-वे पर पलटी श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो

**मरदह।** पूर्वांचल एक्स्प्रेसवे के 291 किमी पर मरदह थाना के हरिकरनपुर गांव के पास प्रयागराज महाकुंभ से लौटते वक्त अयोध्या दर्शन कर गया बिहार लौट रहे श्रद्धालुओ से भरी स्कार्पियों गाड़ी टायर फटने से अनियन्त्रित होकर डिवाडर से टकराकर पलट गई। दुघर्टना में स्कार्पियों के चारों टायर ऊपर हो गए। दुघर्टनाग्रस्त स्कार्पियो में बच्चो सहित कुल 12 श्रद्धालु सवार थे। सवारो में चालक राकेश बिन्द, धनंजय बिंद, सीमा देवी कालेन्द्र बिन्द, सुदेश्वर बिंद, पूनम,लक्ष्मन कुमार,रवि कुमार ,ज्यादा चोटिल टूसीया देवी,माला कुमारी को अस्पताल भेजवाया गया। सभी घायल ग्राम मऊ थाना मऊ जिला गया बिहार के निवासी है।

### पूर्वाचल एक्सप्रेसवे पर अनियन्त्रित होकर खाई में गिरा कोल्ड ड्रिंक लदा ट्रक

**मरदह।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 290 किमी पर लखनऊ से कोल्डड्रिंक लेकर पटना बिहार जा रही ट्रक का चालक अनियन्त्रित होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का डिवाडर तोड़ते गहरी खाई में ट्रक लेकर पलट गया।दुघर्टना में ट्रक के सभी टायर ऊपर हो गए ट्रक क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उसपर लदा कोल्डड्रिंक बिखर गया। दुघर्टना के बाद मौके पर पहुँचे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गश्ती दल द्वारा काफी प्रयास के बाद ट्रक के केबिन में फंसे चालक अमन यादव निवासी कादीपुर जिला अम्बेडकर नगर एवं खलासी अमित पाण्डेय निवासी कनैला जिला आजमगढ़ को गम्भीर रूप से घायलावस्था में बाहर निकाल कर उपचार हेतु आजमगढ़ भेजवाया गया है।

### जर्जर पुलों से गुजरना जोखिम भरा सफर



**गाजीपुर।** जिले में करीब आठ पुल ऐसे हैं जो 50 साल से अधिक पुराने हो चुके हैं और जर्जर हालत में पहुंच गए हैं। इन पुलों पर चलना खतरे से खाली नहीं है। फिर भी कोई दूसरी व्यवस्था नहीं होने से आवागमन हो रहा है। पुलों के जर्जर होने से कई जगहों पर रोजाना आवागमन बाधित होता तो कहीं पर जाम लगता है। पीडब्ल्यूडी की ओर से इन पुलों को असुरक्षित घोषित करते हुए नए पुल के निर्माण को प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। शासन की ओर से जिले में ऐसे पुल जो पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं उनकी जानकारी मांगी गई है। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी की ओर प्रांतीय खंड समेत तीनों खंडों में कुल आठ पुलों को चिह्नित किया गया है जो असुरक्षित हैं। इसमें सबसे अधिक प्रांतीय खंड में चार पुल जर्जर हो चुके हैं। इनमें सरवनडीह सम्पर्क मार्ग और गोविंदपुर कीरत सम्पर्क पर स्थित पुलों का स्लैब पूरी तरीके से खराब हो चुका है। इसके अलावा सैदपुर चिरैयाकोट मार्ग और जौहरगंज-पटना मार्ग पर बने पुलों का ब्रिक आर्च पूरी तरीके से जर्जर हो चुका है। हसनपुर में और मेदनीपुर-युवराजपुर मार्ग पर स्थित पुल पूरी तरीके से टूट चुका है। निर्माण खंड तीन में भी दो पुल असुरक्षित घोषित किए गए हैं। ये पुल 40 साल से लेकर 80 साल तक पुराने हैं। **पुरानी पुलिया के कारण एनएच पर लगता जामः** गाजीपुर। जिले के नेशनल हाईवे-31 पर गाजीपुर भरौली मार्ग पर बढ़नपुरा गांव के पास वर्षों पूर्व बनी पुलिया जर्जर हो गई है जिसकी चलते आए दिन जाम के झाम से लोग परेशान रहते हैं। यहां आएं दिन 15 से 20 किलोमीटर लम्बा जाम में वाहन फंसे रहते हैं। सहालग के मौसम में बाराती भी समय से नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों को लिखित रूप से ग्रामीणों ने शिकायत भी दर्ज कराई है फिर भी इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि इस मार्ग पर बिहार से लेकर और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जाने वाले हजारों बड़े वाहन प्रतिदिन इसी पुल से गुजरते हैं। यहां कभी भी हादसा हो सकता है।

# बेसमय बेच रहे शराब का वीडियो वायरल

## वीडियो वायरल के बाद आबकारी टीम ने की जांच

जनसंदेश न्यूज

**खानपुर।** थाना क्षेत्र में संचालित देशी शराब के ठेकों के लिए कोई भी नियम कानून नहीं है। क्षेत्र के शिवदासपुर में संचालित शराब के ठेके से कभी भी शराब खरीदी जा सकती है। सुबह से ही क्षेत्र में संचालित शिवदासपुर देशी शराब के ठेका से अवैध बिक्री का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया है।

खानपुर क्षेत्र के शिवदासपुर में संचालित देशी शराब के ठेके पर 24 घंटे शराब की बिक्री खुलकर की जाती है। जबकि विभागीय और प्रशासन की ओर से शराब को बेचने का समय सुबह 10:00 बजे से लेकर रात के 10:00 बजे तक निर्धारित किया गया है, रात 10:00 बजे के बाद सेल्समैन के द्वारा दुकान का शटर तो गिरा दिया जाता हैं। लेकिन असली खेल इस समय ही शुरू होता है।

रात से लेकर सुबह 10:00 बजे तक दो बार शटर को पीटने पर शराब का क्वार्टर खुद ब खुद खिड़की से बाहर निकल आता है। कभी कभार तो ठेकेदार शराब के शटर को आधा उठाकर भी शराब की बिक्री खुलेआम करते हैं। जिसका वीडियो 25 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह से ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।



शिवदासपुर में शराब ठेका की जांच करती पुलिस।

### मलाई काटने में व्यस्त रहते अधिकारी

**खानपुर।** खानपुर में संचालित शिवदासपुर देशी शराब के ठेका से शराब की बिक्री 24 घंटे होने की जानकारी थाने से लेकर जिला स्तर तक के विभागीय अधिकारियों को है। लेकिन कार्यवाही करने की जगह जिम्मेदार अधिकारी मलाई काटने में व्यस्त है, वहीं इसके बावजूद भी जब सामाजिक स्तर पर काम करने वाले क्षेत्र के लोगों के द्वारा क्षेत्रीय पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारी को शराब की अवैध बिक्री की जानकारी दी जाती है। तो पुलिस व आबकारी इंस्पेक्टर अनजान बनकर उनके उपहास उड़ाते नजर आते हैं, लेकिन पुलिस के द्वारा अभी तक देशी शराब शिवदासपुर के संचालक व उनके सेल्समैन पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

### वायरल वीडियो को लेकर जांच को पहुंचे अधिकारी

देशी शराब शिवदासपुर की दुकान के वायरल विडिओ की जाँच के लिए जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी व आबकारी इंस्पेक्टर नीरज पाठक बुधवार की दोपहर को मौके पर पहुँच जाँच कर रहे थे। जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी से जब इस बाबत पूछा गया तो वह इस सन्दर्भ पर कुछ बोलने से बचते नजर आये व मामले को लेकर लीपापोती करने की बात करने लगे।

# आटो चालकों की मनमानी बढ़ा रही लोगों की परेशानी

**गाजीपुर।** शहर में ज्यादातर आटो और मैजिक चालक मनमानी पर उतारू हो गए हैं। चालक न तो नियमों का पालन करते हैं और न ही उनमें पुलिस का डर रह गया है। बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी कर सवारियां बैठाने लगते हैं। यात्रियों के साथ अभद्रता भी करते हैं। जबरन हाथ पकड़कर यात्रियों को दो चालक खींचतान करने लगते हैं। तीन सवारियों की जगह दस से 12 लोगों को आटो चालक तो आठ की जगह 14 से 16 यात्रियों को लटका कर मैजिक चालक सड़क पर फरार्टा भरते हैं। यातायात विभाग सबकुछ देखते हुए भी चुप्पी साधे रहता है। इतना ही नहीं एक मैजिक पर आठ लोगों को बैठने के लिए एआरटीओ विभाग ने परमिट दे रखा है। इसके बाद भी चालक कम से कम 12 से 16 यात्रियों को बैठा और लटकाकर चलते हैं। पुलिस देखती है तो वह बगल से किनारा काट लेती है और एआरटीओ ऐसे चालकों पर कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझते। यही हाल आटो चालकों का है। एआरटीओ ने एक आटो पर बैठने के लिए तीन ही लोगों को छूट दे रखी है, मगर चालक 5 से 8 लोगों तक बैठा और लटका कर सफर करवाते हैं। इससे हर समय यात्रियों की जान जोखिम में रहती है। कुछ चालक ऐसे हैं जो सवारी को पहले बैठाकर भागने के चक्कर में तेज गति में चलते हैं।

> यात्रियों के साथ जोर जबरदस्ती करना गलत है। अभियान चलाकर ओवरलोड और बगैर लाइसेंस आटो व मैजिक चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बीच सड़क पर गाड़ी रोक कर सवारी बैठाते मिलने पर गाड़ी सीज कर दी जाएगी।
>
> एआरटीओ गाजीपुर

# विवाहिता के गायब होने पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**कार्रवाई**

**एसपी के निर्देश पर सुहवल पुलिस ने दर्ज किया रपट**

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा के निर्देश पर सुहवल थाना पुलिस ने 32 वर्षीय पत्नी को गायब करने के मामलें में पति वैजू राम बिंद के लिखित शिकायत पर उसके ससुराल के दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर किया है। इधर पुलिस ने मामलें की गंम्भीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज करने के बाद मामलें की छानबीन शुरू करने के साथ ही उक्त पीड़ित युवक के पत्नी की तलाश तेज कर दी है,मगर अभी तक सफलता पुलिस को नहीं मिली है।वहीं खुद के खिलाफ गंम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत होने की जानकारी होते ही आरोपी घर से फरार हो गये है। जिनकी सरगर्मी से तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई है। मगर अभी तक आरोपितों का कुछ पता नहीं चल सका है। मालूम हो कि नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसम्हीं कलां मठिया निवासी बैजू राम बिंद ने? पुलिस अधीक्षक को दिए गये। लिखित शिकायती पत्र में? बताया कि दस वर्ष पहले उसकी शादी सुहवल थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गाँव निवासी बदामी के साथ हुआ था,बताया कि बीते कुछ दिनों पहले उसके ससुराल की दो महिलाएं और एक युवक उसके घर पहुंचे। पीड़ित पति बैजू राम बिंद ने बताया कि तीनों ने उसकी पत्नी को कुछ काम की बात कह मायके ले गये। कहा कि फिर उसे पहुंचा देगें,कई काफी दिन बाद भी जब उसकी पत्नी अपने ससुराल नहीं पहुंची तो वह पत्नी को खोजते हुए अपने ससुराल पहुंचा तो पता चला कि वह वहा भी नहीं है।पीड़ित पति ने बताया कि उसके बाद भी वह पत्नी की तलाश किया और उसके घर गये ससुराल के दो महिलाओं और एक युवक के बारे में पता किया तो वह भी अपने घर से गायब थे,जिसके बाद वह थक हारकर पुलिस अधीक्षक और सुहवल थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया।

### छानबीन में जुटी पुलिस

प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि पति के तहरीर पर उसके ससुराल के तीन लोगों के खिलाफ साजिश रचना और बीएनएस बहलाफुसलाकर कर उसकी पत्नी को गायब करने के मामलें में मुकदमा दर्ज कर मामलें की छानबीन की जा रही है।

### मौसम की 'फिरकी' में फंस रहे लोग, गर्म कपड़े त्यागने से हो रहे बीमार

**गाजीपुर।** दिन के बढ़ते तापमान गर्मी का अहसास करा रहा है। तेज धूप से लोग बचने का प्रयास करते नजर आ रहे है। हालांकि, धूप के साथ बह रही हवा के बावजूद लोग गरम वस्त्र उतार रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में सीजन रोगियों की संख्या भी बढ़ी है। चिकित्सक मौसम के इस बदलाव से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क कर रहे हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आने वाले सप्ताह में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। दिन में ही नहीं रात में भी तापमान बढ़ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अभी मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पार जा सकता है। ऐसे में लोग शर्ट और टी शर्ट पहने नजर आने लगे हैं। लोगों के मुताबिक, जितनी गरमी होली के समय होती है उतनी गर्मी का अहसास अभी से होने लगा है। रात में भी मौसम एक-दो डिग्री सेल्सियस की गति से बढ़ रहा है। स्टेशन रोड़ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पीसी गुप्ता के मुताबिक, मौसम तेजी से परिवर्तित हो रहा है। अभी ठंड का सीजन गया नहीं है और दिन मे तेज गरमी शुरू हो गई है। किसी किसी दिन रात में भी बढ़े तापमान का अहसास हो रहा है। ऐसे समय में स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता जरूरी है। गरम वस्त्रों को एकाएक न उतारें। पंखा-कूलर चलाते समय मौसम को जरूर ध्यान रखें। थोड़ी सी लापरवाही दिक्कत में डाल सकती है।

# रोडवेज बसों में प्राथमिक इलाज का भी इंतजाम नहीं

**गाजीपुर।** यात्रियों को सुविधा और सुरक्षित यात्रा करवाने के उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन गाजीपुर डिपो की रोडवेज बसों में फर्स्ट एड किट तो दूर उनके बॉक्स तक गायब हैं। अग्निशमन यंत्र कब ठीक किए और कितने समय के लिए वैलिड है इसकी तिथि तक दर्ज नहीं। ऐसे में अगर कोई हादसा होता है तो यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

गाजीपुर डिपो से करीब 70 बसों का संचालन होता है। जिसमें हर रोज छह से आठ हजार यात्री सफर करते हैं। इसमें से कई बसों में यात्रियों की सुविधा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। कई बसों में फर्स्ट एड किट तो दूर उनके बॉक्स तक गायब हैं। अगर किसी बस में फर्स्ट एड बॉक्स मिल जाता है तो उसमें दवाइयों की तिथि भी एक्सपायरी होती है।

कई बसों में अग्निशमन यंत्र गायब हैं। जिन बसों में यंत्र लगे हैं, उन पर तिथि तक अंकित नहीं है। वह कब भरे गए थे और कब तक उनका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके बावजूद विभाग की ओर इसकी जांच तक नहीं की गई है। निगम की ओर से बरती जा रही लापरवाही यात्रियों की जान जोखिम में भी डाल सकती है।


रोडवेज बस के अंदर नहीं फर्स्ट एड किट व अग्निशमन यंत्र।

> **पंचर होने पर बस खड़ी करना है मजबूरी**
> परिवहन निगम अधिकारियों के रवैये से चालक व परिचालक परेशान हैं। चालकों ने बताया कि रोडवेज की 50 प्रतिशत बसों में स्टेपनी व टूल किट नहीं है। ज्यादातर बसों में अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बाक्स लगे हुए हैं, जिन बसों में नहीं हैं, उनमें जल्द लगवा दिया जाएगा। हालांकि जब चालक और परिचालक बसों को लेकर निकलते है तो उन्हें निगम की ओर से डिपो पर फर्स्ट एड बाक्स के जगह पर पैकेट में दवाएं दी जाती हैं।
>
> एआरएम गाजीपुर।

### सात से आठ लाख तक होती आय

गाजीपुर डिपो में बसें किलोमीटर स्कीम के तहत चलाई जा रही है। इनमें से कई बसों में भी यात्रियों की सुविधा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं अगर रोडवेज की आमदनी की बात करते तो रोजाना निगम को सात से आठ लाख रुपये तक की आय होती है।

## जनसंपादकीय

# बेलगावी बस में भाषा का भूत

**ऋषभदेव शर्मा**



हाल ही में कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम के एक बस कंडक्टर पर बेलगावी में हुए हमले ने कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को फिर से भड़का दिया है।

दरअसल, बेलगावी (पूर्व में बेलगाम) विवाद की जड़ें 1956 में राज्यों के पुनर्गठन अधिनियम में हैं। उस समय भाषाई जनसंख्या के आधार पर राज्यों की सीमाओं को तय किया गया था। बेलगावी में कन्नड़ और मराठी भाषी समुदाय समान रूप से रहते हैं। उसे तब मैसूर राज्य (अब कर्नाटक) में शामिल कर दिया गया था। महाराष्ट्र ने इस पर आपत्ति जताई और दावा किया कि यह मराठी भाषी क्षेत्र उसका हिस्सा होना चाहिए। इस दावे के समर्थन में महाराष्ट्र एकीकरण समिति बनी। आज भी बेलगावी को महाराष्ट्र में शामिल करने की माँग कर रही है।

1966 में केंद्र सरकार ने इस विवाद को सुलझाने के लिए महाजन आयोग का गठन किया। 1967 में आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बेलगावी और इसके आसपास के 247 गाँवों को कर्नाटक में रखने और 264 अन्य गाँवों को महाराष्ट्र को देने की सिफारिश की। कर्नाटक ने इसे स्वीकार कर लिया, लेकिन महाराष्ट्र ने इसे पक्षपातपूर्ण बताकर खारिज कर दिया। इसके बाद 2004 में महाराष्ट्र ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कर्नाटक के अधिकार को चुनौती दी। यह मामला अब भी लंबित है।

21 फरवरी, 2025 को बेलगावी के बालकुंद्री क्षेत्र में कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम के एक बस कंडक्टर महादेवप्पा हुक्कर को कुछ लोगों ने इसलिए पीट दिया क्योंकि उसने मराठी में बात नहीं की। एक छात्रा ने जब उससे मराठी में संवाद करने को कहा, तो उसने असमर्थता जताई और कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जो छात्रा को असहज प्रतीत हुआ। अगले बस स्टॉप पर उसके गाँव वालों के आने पर मामला हिंसक हो गया। इस घटना के बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएँ निलंबित कर दी गईं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हुई और तनाव और बढ़ गया।

इस हमले के बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की तीखी प्रतिक्रियाएँ सामने आईं। कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने इस हमले की कड़ी निंदा की और इसे कन्नड़ भाषी लोगों के खिलाफ असहनीय बताया। कन्नड़ समर्थक संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की और राज्य सरकार से सीमा क्षेत्र में कन्नड़ भाषियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, महाराष्ट्र के मराठी संगठन इस घटना को बेलगावी में मराठी भाषियों के अधिकारों के लिए संघर्ष का हिस्सा बता रहे हैं। महाराष्ट्र एकीकरण समिति ने फिर से बेलगावी को महाराष्ट्र में शामिल करने की मांग तेज कर दी है।

याद रहे कि इन दोनों राज्यों के नागरिकों की एक-दूसरे पर गहरी आर्थिक और सामाजिक निर्भरता है। लेकिन इस तरह की घटनाएँ आपसी विश्वास को कमजोर करती हैं। बस सेवाओं के निलंबन से न केवल यात्रियों के लिए समस्या खड़ी हो गई है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच सहयोग का नाजुक तार खतरे में पड़ गया है। अतः इस विवाद को तत्काक सुलझाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यह कितना विडंबनापूर्ण है कि बेलगावी की बस में भाषा विवाद का यह भूत उस दिन जागा, जिस दिन दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाया जा रहा था!

# नीतीश की भाजपाई घेरेबंदी शुरू

**शशि शेखर**



बिहार का जातीय चक्रव्यूह ऐसा है, जिसे कोइ कास्ट सर्वे, कास्ट सेन्सस और राजनीतिक विश्लेषक न ठीक से समझ सकता है, न समझा सकता है. इसी नजरिये से देखें तो हाल ही में भाजपा विधायक द्वारा आहूत कुर्मी रैली या तो नीतीश कुमार की घेरेबंदी के लिए थी या निशांत कुमार की एंट्री का मार्ग प्रशस्त करने की कोई कोशिश. बहुत बुलाए जाने पर भी नीतीश कुमार रैली में नहीं पहुंचे थे.

80 के पूरे दशक के दौरान, बिहार में कुर्मियों की एक सेना भी काम कर रही थी, जिसका नाम भूमि सेना है. कुर्मी जाति भूमिहारों की तरह ही आबादी में भले कम हो, लेकिन लैंड होल्डिंग और प्रति व्यक्ति आय के मामले में अन्य पिछड़ी जातियों से कहीं आगे है इनमें कुशवाहा भी शामिल हैं. लैंड रिसोर्स पर कुर्मी जाति का अच्छा-खासा असर है. भाजपा विधायक और कुर्मी रैली के आयोजक मंटू सिंह कहते नजर आए कि कुर्मी जाति कई उपजातियों में बंटी हुई है और जब तक कुर्मी जाति की तमाम उपजातियाँ एकजुट नहीं हो जाती है, उन्हें उनका वाजिब हक नहीं मिल सकता है. यह रैली इसी उद्देश्य से हो रही है. लेकिन बड़ा सवाल यही है कि भूमि, प्रति व्यक्ति आय में आगे रहने वाली जाति, 18 साल से एक मुख्यमंत्री देने वाली जाति आखिर अब कौन सा बाजिव हक मांग रही है?

यह रैली असल में भाजपा द्वारा नीतीश कुमार की घेरेबंदी के अलावा कुछ नहीं है. इसलिए, कि इस वक्त नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर है, यह चर्चा आम है कि उनकी तबियत इन दिनों नासाज रहती है और निशांत कुमार की एंट्री लगभग तय है. निशांत कुमार के जद(यू) ज्वाइन करने से सर्वाधिक नुकसान उस भाजपाई कंधे को होगा, जो पिछले 18 साल से नीतीश कुमार की पालकी इस आस में उठाए जा रहा है कि नीतीश कुमार जैसे बफर एजेंट के हटते ही बिहार की राजनीति द्वि-ध्रुवीय हो जाएगी और भाजपा फिर अकेले दम पर सत्ता में आ जाएगी. इसके लिए बाकायदा कई सालों से तैयारी भी चल रही थी. भाजपाइयों को उम्मीद है कि नीतीश जी जब संन्यास आश्रम को प्रस्थान करेंगे तब जद(यू) की क्लींजिंग कैसे की जाएगी. लेकिन, इस बीच निशांत कुमार के आने की खबर से वह सपना टूटता नजर आ रहा है.

जद(यू) के मुखिया नीतीश कुमार अपने जीते-जी अपने हाथों से बनाई पार्टी को डूबते देखना नहीं चाहेंगे. उन्हें 2020 के चुनाव के समय से ही यह भलीभांति एहसास हो गया है कि उनकी पार्टी को खत्म करने के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है. ऐसे में ताजा कुर्मी रैली में भी नीतीश कुमार नहीं पहुंचे. यह रैली महज कुर्मी समाज को खींचने के लिए नहीं थी. यह एक परसेप्शन बनाने के लिए थी कि अब नीतीश कुमार का समय खत्म हो गया है. लेकिन नीतीश के अगले कदम कस इंतजार कीजिये. देखिये कि निशांत कुमार की 'ताजपोशी' कब होती है, कैसे होती है. भाजपा के लोग इस ताजपोशी पर मंत्रोच्चार करते नजर आएँगे या एक बार फिर नीतीश कुमार की अंतरात्मा सुबह की सैर पर लालू प्रसाद यादव के आवास की ओर निकल पड़ेगी?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# आजाद हूँ और आजाद ही मरूंगा

**स्मरण**

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**



आज के ही दिन प्रयागराज के राष्ट्रीय तीर्थ अल्फ्रेड पार्क में पं चन्द्रशेखर आजाद राष्ट्रवेदी पर बलिदान होकर शहीद शिरोमणि हो गये। वीरभद्र तिवारी ने आजाद और सुखदेव राज को अल्फ्रेड पार्क में मंत्रणा करते हुए देख लिया था। वह तुरंत पुलिस अधिकारी शंभूनाथ के पास पहुंचा और कहा- पंडितजी अल्फ्रेड पार्क में हैं। शंभूनाथ ने अंग्रेज अफसर मैजर्स को आजाद के पार्क में होने की सूचना दी। तभी आर्म्ड फोर्स के 80 जवानों को पुलिस सुपरिन्टेंडेंट मैजर्स का फोन पर आदेश मिला कि आधे मिनट में अल्फ्रेड पार्क मूव कर जायें । तुरंत सभी ??????अल्फ्रेड पार्क की ओर भागे। डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट विश्वेश्वर सिंह के साथ सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस (स्पेशल ब्रांच) नॉट बावर भी वहां पहुंच गया। पुलिस ने पार्क को तीन तरफ से घेर लिया था। अचानक विश्वेश्वर सिंह को साथ लिए नॉट बावर पार्क के अंदर घुसा और आजाद पर फायर कर दिया। गोली आजाद की दाहिनी जांघ में लगी और हड्?डी तोड़ती हुई निकल गई। इसके बाद आजाद की कोल्ट सेमी ऑटोमैटिक गन, जिसे वे 'बमतुल बुखारा' भी कहते थे, गरजी और नॉट बावर की कलाई को तोड़ती हुई एक गोली निकल गई। दूसरी मैगजीन लोड करने के बाद आजाद गरजे- 'अरे ओ ब्रिटिश सरकार के गुलाम। मर्द की तरह सामने क्यों नहीं आते। मेरे सामने गीदड़ की तरह क्यों छिप रहे हो।' जैसे ही विश्वेश्वर सिंह ने आजाद को ललकारा, आजाद की एक गोली उसका जबड़ा तोड़ते हुए निकल गई। आजाद की 'बमतुल बुखारा' आग उगलती रही। अब उनके पास अंतिम गोली बची थी। भारत माता को याद करते हुए जगरानी के शेर सपूत ने धरती माँ के आँचल से पार्क की मिट्टी को अपने दमकते भाल पर लगाया और अंतिम गोली से उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

यद्यपि वीरभद्र तिवारी भी आजाद के संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सेंट्रल कमेटी मेंबर था। जब संगठन के क्रांतिकारी रमेश चंद्र गुप्ता को उसकी इस मुखबिरी का पता चला तो उन्होंने उरई जाकर तिवारी पर गोली भी चलाई थी लेकिन वो बच गया और गुप्ता गिरफ्तार हो गए थे। माना जाता है कि वीरभद्र ने किसी नेता के दबाव में आकर यह मुखबिरी की थी। आजाद के परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार चंद्रशेखर आजाद की मृत्यु में कांग्रेस के एक ताकतवर नेता का नाम भी शामिल रहा है। वास्तव में अंग्रेज सरकार उग्र विचारधारा वाले क्रांतिकारियों का बड़े स्तर पर दमन कर रही थी। अधिकतर क्रांतिकारी देशभक्त पकड़े जा चुके थे। स्थिति बहुत खराब थी। भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव के गिरफ्तार होने पर गांधी ने सरदार भगत सिंह का मामला इरविन के साथ मीटिंग में शामिल नहीं किया था। चंद्रशेखर आजाद और उनके साथी आगामी योजनाओं को मूर्त रूप देने हेतु अपनी गतिविधियों को कुछ समय के लिए समेटकर रूस भागना चाहते थे। इस काम में आर्थिक सहयोग मांगने वह कांग्रेस के एक बड़े नेता से मिले। उन्होंने आजाद से कहा कि अभी आप अल्फ्रेड पार्क जाओ। मेरा आदमी 3 बजे आवश्यक धनराशि लेकर पहुंच जाएगा। आजाद उनकी सलाह मानकर अल्फ्रेड पार्क पहुंच गए। परिवार के आरोपों के अनुसार इसके बाद आजाद की अल्फ्रेड पार्क में 3 बजे तक उपस्थिति की सूचना पुलिस को मिल गयी। पुलिस की घेराबंदी देखकर आजाद ने अपने साथियों को सुरक्षित भगा दिया। स्वयं पुलिसकर्मियों के बीच फंस गए। अपने माउजर से पांच पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार कर अंतिम गोली अपनी कनपटी में मार शहीद हो गए। उन्होंने प्रण किया था कि अंग्रेजी हुकूमत ने वह गोली नहीं बनाई जो आजाद के शरीर को शांत कर सके और ना ही अंग्रेजी पुलिस या फौज उन्हें कभी जीवित पकड़ पाएगी। उस प्रण को उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर पूर्ण किया।

नेहरू के समय में गुप्तचर अधिकारी रहे धर्मेंद्र गौड़ ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि जिस दिन अल्फ्रेड पार्क वाले कांड में चंद्रशेखर आजाद की मृत्यु हुई उस दिन वह नेहरू से मिलने के लिए आनन्द भवन गए थे और किसी बात पर उनकी नेहरू से कहा-सुनी हो गई थी। उसके तुरंत बाद वे अल्फ्रेड पार्क में चले गए थे । वहां जाते ही इनको बहुत से पुलिस वालों ने घेर लिया था। चंद्रशेखर आजाद की मौत से जुडी फाइल आज भी लखनऊ के सीआइडी ऑफिस गोखले मार्ग मे रखी है। उस फाइल को आजाद देश की सरकार ने सार्वजनिक करने से मना कर दिया। कहा जाता है कि यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री को उस फाइल को नष्ट करने का आदेश दिया गया था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

12 वर्ष की आयु में ही माँ ने अपने पति सीताराम तिवारी को मनाते हुए चंदू को संस्कृत पढ़ने के लिए काशी विद्यापीठ भेज दिया। माँ की बेड़ियाँ चंद्रशेखर तिवारी को उद्वेलित करती थीं। वे गांधी के असहयोग आंदोलन में पूरी आक्रामकता के साथ कूद पड़े। देश में दमन-चक्र जारी था, युवा शेखर सत्याग्रहियों के बीच निकल पड़े, बेंत बरसाने वालों में से एक सिपाही के सिर में शेखर ने एक मोटा पत्थर मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने पर, उन्होंने अपना नाम 'आजाद', अपने पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और अपना निवास स्थान 'जेल' बताया। गुस्साए अंग्रेज जज ने पंद्रह बेंतों की सख्त सजा सुनाई। बेंत खाते हुए लहुलुहान शेखर ने हर सांस में वंदेमातरम का जयघोष करते हुए युवाओं में जोश का संचार कर दिया। फिर अंग्रेजी हुकूमत जीवन भर आजाद के शरीर को कभी छू तक नहीं पाई। चंद्र शेखर और जज के बीच सवाल-जवाब के चर्चे बड़े-बड़े क्रांतिकारी नेताओं की जिज्ञासा का विषय बने। सभी इस युवा क्रांतिवीर से मिलना चाहते थे किंतु 1922 में महात्मा गांधी द्वारा मनमाने ढंग से असहयोग आंदोलन स्थगित करने से वे निराश हो गये। आजादी के लिए संघर्ष का संकल्प उन्हें रामप्रसाद बिस्मिल की हिंदुस्तान रिपब्लिकन एशोसियेशन में ले आया, वे उसके प्रमुख सदस्य बने। काकोरी ट्रेन डकैती में बिस्मिल ने अपनी मदद के लिए 9 क्रांतिकारियों को चुना था, राजेंद्र लाहिरी, ठाकुर रोशन सिंह, शचींद्र बख्शी, अशफाक उल्ला खाँ, मुकुंदी लाल, मन्मथनाथ गुप्त, मुरारी शर्मा, बनवारी लाल और चंद्रशेखर आजाद। लूट के बाद आजाद को गठरी मे बंधी लूट की राशि को लखनऊ पहुंचाने का दायित्व दिया गया। उन्होंने लखनऊ जाकर राशि सुरक्षित बिस्मिल जी को सौंप दी थी। साल 1925 का अंत होते-होते काकोरी कांड के करीब-करीब सभी अभियुक्त पकड़ लिए गए थे सिवाए कुंदन लाल और चंद्रशेखर आजाद के। उन दिनों उनके साथी उनका नाम लेने के बजाए उन्हें नंबर 1 और नंबर 2 कहकर पुकारते थे। उस जमाने में आजाद बहुत गर्व से कहते थे, 'मेरे जीते जी कोई मुझे पकड़ नहीं पाएगा।'

वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एशोसियेशन के कमांडर इन चीफ के रूप में जारी किए गए पैम्फलेट पर हस्ताक्षर करते समय अक्सर 'बलराज' उपनाम का इस्तेमाल करते थे। ब्रिटिशराज कानून प्रवर्तन दल ने उन पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया था। उनका नारा था, 'मैं आजाद हूँ, आजाद रहूँगा और आजाद ही मरूंगा।'

17 दिसंबर, 1928 को चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने शाम के समय लाहौर में पुलिस अधीक्षक के दफ्तर को घेर लिया और ज्यों ही जे.पी. साण्डर्स अपने अंगरक्षक के साथ मोटर साइकिल पर बैठकर निकले तो राजगुरु ने पहली गोली दाग दी, जो साण्डर्स के माथे पर लग गयी। वह मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़ा। फिर भगत सिंह ने आगे बढ़कर 4-6 गोलियां दाग कर उसे बिल्कुल ठंडा कर दिया। जब साण्डर्स के अंगरक्षक ने उनका पीछा किया, तो चंद्रशेखर आजाद ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। शेखर आगे चलकर हिंदुस्तान रिपब्लिकन एशोसियेशन के चीफ कमांडर बने। क्रांति की जितनी योजनाएं बनीं सभी के सूत्रधार आजाद थे। कानपुर में भगत सिंह से भेंट हुई। लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के लिए सांडर्स वध में अहम भूमिका निभाई। एसेंबली बम धमाके में गिरफ्तार भगत सिंह को छुड़ाने की योजना चन्द्रशेखर ने बनाई किंतु बम की जांच करते हुए बम फट जाने से भगवतीचरण वोहरा शहीद हो गए जिस कारण योजना विफल हो गई।



अंग्रेजों के हाथ अपने पवित्र जीवित शरीर को नहीं लगने दिया। कहते हैं मौत के बाद अंग्रेजी अफसर और पुलिस वाले चन्द्रशेखर आजाद के शव के पास जाने से भी डर रहे थे। जिसे ब्रिटिश हुकूमत इतने सालों तक पकड़ नही सकी थी, उसे 40 मिनट में ढूँढकर कर अल्फ्रेड पार्क में घेर लिया वो भी पूरी पुलिस फोर्स और तैयारी के साथ ? जो कि बिना मुखबिरी के असंभव था। यह कृत्य तत्कालीन नेताओं को संदेह के घेरे में लाता है, जो आजाद और भगतसिंह की प्रसिद्धि से बेचैन थे। 25 वर्ष की आयु में बलिदान होकर वह चंदू से 'शहीद चन्द्रशेखर आजाद' बन गये और हिंदुस्थानियों को देशप्रेम, निर्भयता, निस्वार्थ एवं जुझारूपन की सीख दे गये।

27 फरवरी के दिन 1931 को भारत माता के लिए शहीद होने वाले इस महापुरुष के बारें में जितना कहा जाए उतना कम है। पृथ्वी पर चन्द्रशेखर आजाद जैसा योद्धा का अवतरण एक चमत्कारिक सत्य है, जिस कारण उन्नाव जिले का नाम विश्वभर में प्रसिद्ध हो गया। आजाद अक्सर गुनगुनाते थे- 'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद हैं, आजाद थे आजाद मरेंगे।' यही सच भी हुआ। अल्फ्रेड पार्क में जिस पेड़ के पीछे आजाद ने खुद को मातृभूमि के नाम अर्पित कर दिया था, उस पर लोगों ने जगह-जगह आजाद लिखना शुरू कर दिया। वहां की मिट्टी उठा कर लोग घर ले जाने लगे और रोज पेड़ के नीचे लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। फूल-माला चढ़ाकर उस स्थान पर आरती तक की जाने लगी थी। आजाद की लोकप्रियता का यह आलम देखकर अंग्रेज डर गए। एक रात आनन-फानन में अंग्रेजों ने उस पेड़ को जड़ से कटवाकर आजादी के सबूत का नामोनिशान मिटाने की कोशिश की। जमीन तक रातोंरात समतल कर दी गई। कटे पेड़ को ट्रक से ले जाकर कहीं और फेंक दिया। यद्यपि आजाद के बलिदान स्थल पर साल 1939 में बाबा राघवदास ने जामुन का एक पेड़ लगाया था। यह पेड़ आज भी गर्व के साथ आजाद के सर्वोच्च बलिदान का साक्षी बन खड़ा है।

**(14 शिवदयाल पुरी, निकट आइटीआइ, यमुनानगर, हरियाणा, संपर्क 9416966424)**

**चंद्र शेखर और जज के बीच सवाल-जवाब के चर्चे बड़े-बड़े क्रांतिकारी नेताओं की जिज्ञासा का विषय बने। सभी इस युवा क्रांतिवीर से मिलना चाहते थे किंतु 1922 में महात्मा गांधी द्वारा मनमाने ढंग से असहयोग आंदोलन स्थगित करने से वे निराश हो गये। आजादी के लिए संघर्ष का संकल्प उन्हें रामप्रसाद बिस्मिल की हिंदुस्तान रिपब्लिकन एशोसियेशन में ले आया, वे उसके प्रमुख सदस्य बने। काकोरी ट्रेन डकैती में बिस्मिल ने अपनी मदद के लिए 9 क्रांतिकारियों को चुना था, राजेंद्र लाहिरी, ठाकुर रोशन सिंह, शचींद्र बख्शी, अशफाक उल्ला खाँ, मुकुंदी लाल, मन्मथनाथ गुप्त, मुरारी शर्मा, बनवारी लाल और चंद्रशेखर आजाद। लूट के बाद आजाद को गठरी में बंधी लूट की राशि को लखनऊ पहुंचाने का दायित्व दिया गया। उन्होंने लखनऊ जाकर राशि सुरक्षित बिस्मिल जी को सौंप दी थी।**

# भारत को केवल हिन्दू सम्हाले हुए हैं?

**प्रसंगवश**

**राम पुनियानी**



दि इंडियन एक्सप्रेस (मुंबई संस्करण) के 17 फरवरी 2025 के अंक में ₹हिंदू समुदाय देश का जिम्मेदार तबका₹ शीर्षक से प्रकाशित एक समाचार में आरएसएस के मुखिया मोहन भागवत को उद्दत करते हुए कहा गया है कि ₹संघ हिंदू समुदाय को एकजुट करना चाहता है क्योंकि हिंदू समुदाय पर ही इस देश की जिम्मेदारी है.₹ ये बात भागवत ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान में आरएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही. इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि ₹हिंदू ही देश के गुणधर्मों का मूर्त रूप हैं और देश की विविधतापूर्ण जनता को एकता के सूत्र में बांधकर रखते हैं₹. भागवत पश्चिम बंगाल के दस दिवसीय दौरे पर थे.

यह निरूपण न केवल भारतीय संविधान के मूल्यों के विपरीत है, वरन् इतिहास हमें जो बताता है उसके भी एकदम खिलाफ है. संविधान के अनुसार 'हम भारत के लोग' धर्मों से परे हैं. हमारा धर्म कोई भी हो हम सब इस देश के नागरिक हैं. आरएसएस के नजरिए के विपरीत, संविधान मानता है कि सभी भारतीयों के अधिकार और जिम्मेदारियां एक बराबर हैं.

आरएसएस की हिंदू राष्ट्र की विचारधारा के समर्थक भारत में धर्मों की विविधता की संकल्पना को खारिज और कमजोर करने में लगे हुए हैं. आरएसएस समर्थक हमारी मिली-जुली संस्कृति के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले सुंदर शब्द 'गंगा जमुनी तहजीब' को नापसंद करते हैं और जोर देकर कहते हैं कि यह शब्द हिंदू संस्कृति को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करता है. उनका दावा है कि हिन्दू संस्कृति यहाँ हमेशा से छाई रही है.

पहली बात तो यह है कि हिंदू शब्द को गढ़ा ही उन लोगों ने था जिन्होंने सदियों पहले सिंधु नदी को पार किया था. चूंकि वे 'स' का उच्चारण बहुत कम करते थे इसलिए उसकी जगह 'ह' शब्द ने ली और 'हिन्दू' शब्द बन गया. यह शब्द पहले एक विशिष्ट इलाके में रहने वालों के लिए प्रयुक्त हुआ और बाद में इसे उन सभी धर्मों के अनुयायियों के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा जो पैगम्बर-आधारित नहीं थे. 13वीं सदी में मिन्हाज-ए-सिराज नामक एक फारसी इतिहासकार ने पहली बार इस शब्द का इस्तेमाल वर्तमान पंजाब, हरियाणा और गंगा व यमुना नदियों के बीच के क्षेत्र के लिए किया. राजनीतिक दृष्टि से इसका अर्थ था वह इलाका जिस पर दिल्ली सल्तनत का शासन था. 14वीं शताब्दी में निजामुद्दीन औलिया के शागिर्द अमीर खुसरो ने दक्षिण एशिया के लिए इसका इस्तेमाल कर इसका प्रचलन बढ़ाया.

सम्राट अशोक, जिन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था, और जो बहुत बड़े साम्राज्य के शासक थे, ने उस समय जितने भी धर्म अस्तित्व में थे - वैदिक (ब्राम्हणवादी), जैन, अजीविक और बौद्ध - के प्रति समानता की नीति अपनाई. उस समय बौद्ध धर्म बहुत बड़े इलाके में फैला और तब तक देश का प्रमुख धर्म बना रहा जब तक पुष्यमित्र शुंग ने अपने साम्राज्य से उसका उन्मूलन करने के लिए बड़े पैमाने पर हिंसा प्रारंभ नहीं की. उसके बाद नाथ, तंत्र, शैव, सिद्धांत और आगे चल कर भक्ति जैसी कई श्रमण परम्पराएं फैलीं. लेकिन वैदिक ब्राम्हणवाद सबसे प्रबल बना रहा.

सन् 52 में सेंट थामस द्वारा मलाबार तट पर एक चर्च की स्थापना के साथ देश में ईसाई धर्म का प्रवेश हुआ और धीरे-धीरे यह फैलता गया. इस धर्म को मुख्यतः दलितों और आदिवासियों ने अपनाया. सातवीं सदी में अरब व्यापरियों के साथ इस्लाम आया और बाद में जातिप्रथा से पीड़ित बहुत से लोगों ने इसे अपनाया. 11वीं शताब्दी से एक के बाद एक कई मुस्लिम वंशों के राज का सिलसिला शुरू हुआ जिनकी राजधानी दिल्ली थी. ये थे गुलाम, खिलजी, लोदी और अंततः मुगल. इसके पहले शक और हूण भी यहां आए. विभिन्न संस्कृतियों का मेलजोल इस काल की विशेषता थी और सबने एक-दूसरे पर प्रभाव डाला.

मध्यकाल में मेलजोल की यह प्रक्रिया और तेज हुई. दोनों प्रमुख समुदायों, हिंदू और मुस्लिम, ने संस्कृति के कई पहलुओं को अपनाया. लेकिन ऐसा नहीं था कि कोई एक धार्मिक समुदाय केन्द्रीय या प्राथमिक था और दूसरा उसके मातहत था या गौण भूमिका में था. फारसी और अवधी के मिलन से उर्दू भाषा बनी. एक दिलचस्प बात यह है कि हिंदू धर्म की महान परंपरा कुंभ, जिसमें पवित्र नदियों, मुख्यतः गंगा में डुबकी लगाई जाती है, के एक प्रमुख अवसर को शाही स्नान कहा जाता है. अब हिंदू राष्ट्रवादी सरकार के दौर में इसका नाम बदलकर अमृत स्नान कर दिया गया है. लोग एक दूसरे के पर्वों और उत्सवों में उत्साह से भाग लेते थे. होली और मोहर्रम समाज के बड़े तबके के लिए सांझे आयोजन बन गए. मुगल दरबार में दीपावली 'जश्न-ए-चिराग' और होली 'जश्न-ए-गुलाबी' के रूप में मनाई जाती थी. इसका शिखर था भक्ति और सूफी धार्मिक परंपराएं. भक्ति संतों, खासकर कबीर, के अनुयायियों में हिंदू और मुस्लिम दोनों थे. सूफी संतों की दरगाहों पर हिंदू और मुस्लिम दोनों जाते थे. वेलनकिनी चर्च में सभी धर्मों के अनुयायी जाते हैं. संयुक्त राष्ट्र के तत्कालीन महासचिव कोफी अन्नान द्वारा गठित 'सभ्यताओं का गठजोड़' संबंधी उच्चस्तरीय समिति ने कहा कि हमारी संस्कृतियां और सभ्यताएं एक-दूसरे से समृद्ध हुई हैं और विभिन्न धर्मों ने एक दूसरे को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है.

अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ हुए स्वतंत्रता संघर्ष, जिसमें भागवत और उनके जैसों की जरा सी भी भागीदारी नहीं थी, विभिन्न धर्मावलंबियों के बीच मेलजोल का शिखर था. हम भगत सिंह और अशफाक उल्लाह की चर्चा एक सांस में करते हैं. यह आंदोलन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में हुआ और बदरूद्दीन तैयबजी, आर एम सयानी और मौलाना अबुल कलाम आदि ने अत्यंत उत्साह और उमंग से कांग्रेस के अध्यक्ष का पद संभाला. इससे भी बड़ी बात यह है कि सभी धर्मों के लोगों ने इस संघर्ष में भागीदारी की. केवल मुस्लिम लीग, हिंदू महासभा और आरएसएस उस आंदोलन के प्रति उदासीन रहे जिसने हमें एक राष्ट्र बनाया. एक ओर भगत सिंह तो दूसरी ओर बाबासाहेब अंबेडकर ने 'राष्ट्र बनते भारत' को समावेशी बनाने में भूमिका अदा की. अब आरएसएस के विचारक 'राष्ट्र बनते भारत' की अवधारणा को खारिज कर रहे हैं.

स्वाधीनता संघर्ष ने न सिर्फ विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच एकता के बंधनों को मजबूत किया वरन् मिली-जुली संस्कृति को सशक्त करने में भी योगदान दिया. मुस्लिम लीग और आरएसएस जैसे संगठनों की दृष्टि में राष्ट्रवाद, धार्मिक पहचान पर आधारित होता है. गांधीजी और अन्य नेताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान दिया. आजादी के आंदोलन के मूल्य हमारे संविधान का हिस्सा हैं, जिसमें धर्मों और भाषाओं की सीमाओं के परे विविधता और बहुलता का समावेश है. भागवत केवल हिंदू समुदाय की आंतरिक विविधता की बात करते हैं और मानते हैं कि केवल हिंदुओं पर ही इस देश की जिम्मेदारी है.

भागवत की 'केवल हिंदू' वाली यह विचारधारा देश की उन्नति में बड़ी बाधा है. वे वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा के समर्थक होने का दावा करते हैं. लेकिन उनके क्रियाकलाप - जैसे शाखाओं में दिया जाने वाला प्रशिक्षण, उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दे जैसे राम मंदिर, घर वापिसी, लव जिहाद, गौ माता आदि - अल्पसंख्यकों के प्रति घृणा उत्पन्न करते हैं और उसके चलते समाज के बड़े तबके में भय फैलता है और उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता है.

भारत सहित पूरा विश्व एक विशाल बगीचा है जिसमे कई रंगों के फूल खिले हैं. केवल हिन्दुओं को देश के प्रति जिम्मेदार बताना लोगों को बांटेगा. हम सभी भारतीयों के समान अधिकार हैं और देश के प्रति समान उत्तरदायित्व हैं भले ही हम किसी भी धर्म के अनुयायी हों.

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

## व्यंग्य



# भीड़ स्टेटस सिंबल बन गई है

**मुकेश राठौर**

गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने उवाचा था 'एकला चलो रे'यही जीवन की सच्चाई हैमगर आदमी है कि हर प्रसंग पर भीड़ देखना और दिखाना चाहता है'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों एक किस्सा सुनो' किस्सा जाति,धर्म,साहित्य,राजनीति किसी भी विषय से संबंधित हो सकता हैबस श्रोता चाहिएअकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता सो सब भीड़ बढ़ाना चाहते हैं, ताकि भाड़ फूट जाएभीड़ का क्या है वह तो फूटे भाड़ में भी जा सकती हैभीड़ की अक्ल एड़ी में होती हैभीड़ हमेशा भेड़ चाल चलती हैभीड़ मरने से भी नहीं डरतीबहरहाल आम आदमी,नेता,पार्टी हों या सरकार सबके लिए भीड़ इन दिनों स्टेटस सिंबल बन गई हैअसल जिंदगी हों या सौ-छल मीडिया वाली...जिसके साथ जितनी भीड़,वह उतना बड़ा चेहरो

यूं तो शादी के लिए 'हम दो हमारे दो-दो' भी कम नहीं लेकिन लोग अपने सर्वोत्तम प्रयासों से भीड़ जुटाते हैंमहीनों पूर्व घर-घर जाकर न्योता रखते हैंएक्चुअली हम समाज को जिमाना नहीं,अपना स्टेटस दिखाना चाहते हैंस्वागत द्वार पर स्वागत के बाद आगत की क्या गत हुई कौन पूछता है!ब्याह से इतर पैदाइश की बात करें तो कई सामाजिक ठेकेदार अपनी जातियों की उत्पादक आबादी को प्रलोभन दे रहे हैं 'बच्चों की संख्या बढ़ाइए और लाखों इनाम पाइए'दो पायों की वृद्धि से ही उनकी अध्यक्षीय कुर्सी के चार पायों की मजबूती हैजन्म ही नहीं अंतिम यात्रा में भी उमड़ी भीड़ बताती है मरने वाला कितना वजनदार थो

पहले की तुलना में लोगों का धर्म के प्रति रुझान बढ़ा हैये मैं नहीं कह रहा बल्कि जगह-जगह होते सत्संग,कथाएं और अखबार कह रहे हैंकहने वाले ने क्या कहा,सुनने वालों ने क्या सुना यह कोई नहीं कहतोअखबारों की सुर्खी बनती है 'कथा के चौथे दिन ज्ञान गंगा में दो लाख ने डुबकी लगाई' तो कोई लिखता है'बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त श्रोता रोज बढ़ाना पड़ रहा है पांडाले' कितने भक्त,कितने श्रोता,कितने दर्शक वे ही जाने!भीड़ का स्वभाव है वह मरकर भी बढ़ती ही जाती हैभीड़ यों ही नहीं बढ़ती उसका आवाहन करना पड़ता हैपोस्टर,पर्चे बांटे जाते हैं,अनाउंसमेंट और मुनादी करवाई जाती है कि आप अधिकाधिक आइए और भीड़ बढ़ाइएफिर भीड़ क्यों न कहे 'तुमने बुलाया और हम चले आऐ'

कवियों को हमेशा से भीड़ पसंद रही हैभीड़ देख करुण रस का कवि भी वीर रस की कविताएं पढ़ने लगता हैपंक्ति दर पंक्ति ताली का आग्रहेभ्रम होता है कि वह कविता पढ़ रहा है या ताली पिटवा रहा हैइनकी उबाऊ कविता सुन जम्हाई लेते श्रोता बीच कार्यक्रम घर लौटना भी चाहे तो खद्योत सम कवि उनकी नितांत निजी जिंदगी की सार्वजनिक शर्मिंदगी करवाकर बैठने पर बाध्य कर देते हैंकैसे भी बस भीड़ बनी रहें

राजनीति के धंधे में तो भीड़ कच्चे माल के मानिंद उपयोग होती हैभीड़ बढ़ेगी भला करेगीवो जनसभा ही क्या जिसमें भारी-भरकम भीड़ न होअब तो बड़े नेता की जनसभा में भीड़ बढ़ाने हेतु बाकायदा गांव-गांव बसें भिजवाई जाती हैस्थानीय अध्यक्षों को भीड़ बढ़ाने के टारगेट दिए जाते हैंभीड़ के खाने-पीने से लेकर नगदी भी दिए जाते हैहर आदमी खाने-पीने वाला नहीं होतोभीड़ लोकतंत्र की रीढ़ हैरीढ़ मजबूत होगी तो उम्मीदवार न सिर्फ दमदारी से खड़ा होगा बल्कि जीतेगा भीकुर्सी का रास्ता भीड़ से होकर ही जाता हैबगैर भीड़ बढ़ाए आप कुर्सी की ओर नहीं बढ़ सकतेएक बार कुर्सी पर बैठने के बाद भीड़ बढ़ाने की चिंता भीड़ के जिम्मे आ जाती हैबस इतना कीजिए कि अकेले दम पर भीड़ बढ़ाइए और फिर भीड़ में से अकेले निकल जाएशायर वसीम बरेलवी ने ठीक ही कहा हैहर शख़्स दौड़ता है यहां भीड़ की तरफ,/फिर ये भी चाहता है उसे रास्ता मिलें

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क.9752127511)**

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा क्षेत्र, जगह-जगह हुआ भव्य भण्डारे का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** बुधवार को महाशिवरात्रि पर जनपद के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भांग, धतूर, अबीर, गन्ने के रस से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। जगह-जगह भव्य भण्डारे का भी आयोजन किया गया जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हर हर महादेव के उद्घोष से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु भोर से ही शिवालयों में पहुंचने लगे थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी चौकन्ना नजर आया। शहर के रैदोपुर, सिधारी, हरिबंशपुर, कालीचौरा, मातवरगंज, हर्रा की चुंगी आदि जगहों पर शिवालयों में भीड़ नजर आयी। शहर से सटे भवरनाथ मंदिर पर भोर से ही श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। यहां मेले जैसा दृश्य नजर आया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने रूट डायवर्ट किया था। सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक पुलिस बल की व्यवस्था की गयी थी।

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार तहसील क्षेत्र के पातालपुरी महादेव मंदिर बड़ागांव बहादुरपुर में हर-हर महादेव से मंदिर परिसर गूंज उठा। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा दुग्धाभिषेक कर सुख शांति समृद्धि की कामना की। प्राचीन शिव मंदिर पातालपुरी महादेव मंदिर बड़ागांव बहादुरपुर, रटेश्वर महादेव मंदिर, घमरिया शिव मंदिर में लोगों की भीड़ उमड़ी दिखाई दी। महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों ने एक दिन पूर्व से ही तैयारी आरंभ कर दी थी। मंदिर परिसर में भारी भीड़ उमड़ने के कारण लोगों को जल चढ़ाने में परेशानी का सामना भी करना पड़ा। भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए लोगों को कतार लगाकर मंदिर में प्रवेश कराया गया। महादेव मंदिर अमिलिया में ग्राम वासियों के सहयोग से एक भंडारे का आयोजन किया गया।

**पटवध प्रतिनिधि** के अनुसार बिलरियागंज थाना अंतर्गत चांदपुर सरैया बाजार शिव मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। भक्तगण भगवान शिव को जल, तिल, विल्वपत्र, भांग, धतूर, फूल, फल, बेर, अबीर, गुलाल के साथ भगवान शिव का पूजन अर्चन किये। मंदिर परिसर को सजाया गया था और हरि कीर्तन तथा भजन का कार्यक्रम भक्तों द्वारा किया गया था। जैगहां बाजार शिव मंदिर पर भी पूजा अर्चन के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई थी। पटवध कौतुक प्राचीन शिव मंदिर पर भी सुबह से श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ था। मंदिर परिसर में नव दिवसीय यज्ञ का आयोजन भी किया गया है।

श्रीनगर सियरहां राधा कृष्ण शिव मंदिर पर भी भजन भाव के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया गया। बिलरियागंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे हमराहियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

**भदुली प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के राम जानकी मंदिर गेलवारा पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर परिवार व संसार के सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मिन्टू यादव छात्र नेता डीएवी पीजी कालेज, चंद्रेश यादव, रामजन्म यादव, विशाल यादव, पल्लू विश्वकर्मा, शिवम विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, सुमित विश्वकर्मा, अवधेश यादव, राजू यादव, रामसिंह, कौशल चंद्र, विक्रम, इन्द्रेश, सुमित, अभिषेक यादव, दीपांशु आदि उपस्थित रहे।


भवरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।


जलाभिषेक करते श्रद्धालु।


फूलपुर स्थित शिव मंदिर पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़।


अतरौलिया स्थित शिव मंदिर पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

**फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार दुवार्सा धाम के तमसा, मंजूषा के संगम तट पर स्नान, ध्यान के साथ श्रद्धालुओ ने दुर्वेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक किया। कावरिया बंधुओ ने भगवान दुर्वेश्वर महादेव, मुंडेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक कर कावर लिए अंपने गंतव्य स्थान को प्रस्थान किया। आसपास के गांवों में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के दुवार्सा धाम के दुर्वेश्वर महादेव, मुंडेश्वर नाथ महादेव, श्री शकर जी तिराहा, राम जानकी मंदिर, नागा बाबा मन्दिर बाबा परमहंस जी मन्दिर आदि शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, फल फूल, चंदन आदि से पूजन अर्चन किया। दुवार्सा, मुंडेश्वर नाथ, सहित जगह जगह मेला लगा रहा। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय नगर के प्रसिद्ध कैलेश्वर धाम मंदिर में सुबह से शिव भक्तों की लंबी कतारे लगी रही। लोगों ने स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाया।

शिव मंदिरों पर सबसे अधिक भीड़ महिलाओं व लड़कियों की रही जहां माथे पर चंदन रोली का टीका लगाकर हाथ मे मोबाइल लिए लड़कियों ने खूब सेल्फी ली।

शिव मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। मंदिर के पुजारी महंत दिलीप दास के अनुसार, महाशिवरात्रि पर किए गए पूजन से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन व्रत रखने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की गई थी।

**रानी की सराय प्रतिनिधि** के अनुसार कस्बे के शिव मंदिरों के साथ ग्रामीणांचल अवंतिकापुरी आवंक धाम में श्रद्वालुओं ने जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। भंडारा प्रसाद वितरण के साथ ही कस्बे में शिव बारात की झांकी भी निकली। ग्रामीण मंदिरों पर मेला भी लगा जहां दुकाने सजी रही। निजामाबाद मोढ़ पानी टंकी स्टेशन मोढ आदि शिव मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्वालुओं का पूजन का क्रम शुरू हो गया। भीटी शिव मंदिर पर भंडारा में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। युवाओं ने शिव बारात झांकी निकाली जो बाजार में भ्रमण की। अवंतिकापुरी आवंक धाम पर भी जलाभिषेक कर मंदिर में पूजन अर्चन किया।

## धूमधाम से निकली शिव बारात, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

महाशिवरात्रि

### शिव भक्तों ने खेली मसाने की होली

जनसंदेश न्यूज

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ.सुनील जायसवाल के नेतृत्व शिव बारात निकाली गयी। बारात में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के विभिन्न रूपों का आकर्षक रूप धारण किया। शिव तांडव की झांकियां भी मुख्य आकर्षण रहीं।

शिव बारात की शुरुआत भैरव धाम के प्रमुख भैरव मंदिर से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने पहले भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शिव व उनके गण भूत-प्रेतों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां शामिल थीं। कई स्थानों पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर शिव बारात का स्वागत किया। भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कोतवाली प्रभारी स्वयं बारात के साथ चलते हुए मार्गों पर ट्रैफिक नियंत्रण करते रहे। कैमरों से बारात पर नजर रखी गई ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। शिव बारात भैरवधाम से निकल कर बजरंग चौक के रास्ते पं लक्ष्मीकांत मिश्र चौक से होकर गुजरा। बिलरियागंज मार्ग स्थित प्रियंका पैथालॉजी संचालक काशी पाठक द्वारा बारातियों का स्वागत किया गया। थाना परिसर में थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्र ने गणेश पूजन कर भगवान शिव का पूजन अर्चन कर परछन किया। तत्पश्चात बारात पुराने चौक के रास्ते भैरव धाम पहुंची जहाँ शिव पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ। **अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को वार्ड नंबर 5 सदर बाजार से भव्य शिव बारात झांकी निकाली गई। डीजे की धुन पर नाचते गाते भक्तों की भीड़ शिव बाराती बने। शिव बारात की शुरूआत नगर के सदर बाजार से वैदिक मंत्रोचारण के साथ शुरू हुआ जो पूरे नगर पंचायत में भ्रमण कर पुनः वार्ड नंबर 5 सदर बाजार में जाकर समाप्त हुई। शिव बारात में निकली मनमोहक झांकी जिसमें भगवान शिव का अवतार लिए कलाकारों ने राख और अबीर से मसाने की होली भी खेली। बारात में भगवान शिव, माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। शिव बारात में ब्रह्मा, विष्णु, महेश सहित विभिन्न देवताओं का वेश धारण किए कलाकारों की श्रद्धालुओं द्वारा आरती भी उतारी गयी। शिव बारात जुलूस में थानाध्यक्ष समेत पुलिस बल मुस्तैदी के साथ लगा रहा। आयोजक शिवम गौड़ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से शिवजी की बारात निकाली गई।


शिव बारात में नाचते भूत-प्रेत आदि।


राख और अबीर से मसाने की होली खेलते शिव के बाराती।

## तमसा से जल भर कर श्रद्धालुओं ने किया भोले बाबा का जलाभिषेक

जनसंदेश न्यूज

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** महाशिवरात्रि नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया गया।व्रतियों ने शिव मंदिर के सम्मुख प्रतिमाओं पर जगत कल्याण, जीवन के सुखद कल्याण के लिए भगवान भोलेशंकर से प्रार्थना किया।

प्रधान संघ अध्यक्ष अंगद यादव, जिला पंचायत सदस्य राम प्रवेश यादव, गूजरपार मण्डल अध्यक्ष रामनरेश चौहान के नेतृत्व में नूरपुर सरायहाजी से सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष बच्चे गूजरपार तमसा नदी से जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पर जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने हेतु भोले भंडारी से प्रार्थना किया।


गूजरपार स्थित तमसा नदी से जल लेकर जाते श्रद्धालु।

नगरपालिका मुबारकपुर जय माता दी ग्रुप के सौजन्य से डमरू वाले की शिव बारात निकाली गई। जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती, विष्णु भगवान, वीर हनुमान, नारद सहित भूत बैताल शामिल हुए। बारात अपने परम्परागत मार्ग नगरपालिका से चलकर छोटी एजेंटी, बड़ी एजेंटी, राम जानकी मंदिर, रोडवेज, अलीनगर, कटरा शिव मंदिर होते हुए संघत पर जाकर समाप्त हुआ। थानाध्यक्ष निहारनंदन कुमार, चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा, सौरभ सिंह मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते नजर आए।

इस अवसर पर राजीव जायसवाल, दिनेश मोदनवाल, मनोज जायसवाल, संदीप, श्याम सुंदर, राजू दुबे, विद्यासागर जायसवाल, विजय वर्मा, बच्चूलाल, गोपाल जायसवाल, विशाल गुप्ता, डॉ. प्रीति रानी गुप्ता, गोलू जायसवाल, राजा, मनोज आदि उपस्थित थे।

### आजमगढ़ में बनाया जाय शूटिंग रेंज : सैयद काजी अरशद

**आजमगढ़।** उर्दू प्रेस क्लब की बैठक बुधवार को मोहल्ला आसिफगंज में हुई। जिसमें क्लब के पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सैयद काजी अरशद ने कहा कि जनपद में रायफल क्लब की स्थापना है लेकिन शूटिंग रेंज यानी चांदमारी का मैदान चिह्नित नहीं है। राइफल क्लब जनपद की एक संस्था है, रायफल क्लब के तत्वावधान में प्रशिक्षित-अप्रशिक्षित व्यक्ति शूटिंग का अभ्यास करते हैं। वहीं पर सशस्त्र लाइसेंसी व्यक्तियों को भी अपने-अपने शस्त्रों को फायरिंग रेंज में चलाकर प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। जनपद में लाइसेंसी व्यक्ति अपने शस्त्रों को रख देते हैं। उन्हें इस बात का ज्ञान ही नहीं रहता कि शस्त्र का उपयोग किस प्रकार किया जाए शस्त्र का रख-रखाव किस प्रकार किया जाए। बहुत से ऐसे व्यक्ति हैं जो फायरिंग भी नहीं करते हैं। उनके लिए आवश्यक है की रायफल क्लब के तत्वावधान में फायरिंग रेंज में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन हो और उन्हें अपने शस्त्रों का संचालन करने का मौका मिले। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सैयद काजी अरसद ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस ओर तीव्र गति से कदम उठाना चाहिए और शूटिंग रेंज के लिए तीव्र गति से कार्रवाई करनी चाहिए ताकि इसका लाभ नौजवान बच्चों, बच्चियों और जिले के लाइसेंसियो को मिल सके।

## पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

कार्रवाई

### जनपद के तीन थाना क्षेत्रों में थे सक्रिय

### तमंचा, कारतूस, सोना सहित नकदी बरामद

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** महाकुम्भ मेला प्रयागराज व विभिन्न जनपदों में चोरी व छिनैती करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश कर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद छिनैती गैंग के सक्रिय दो सदस्यों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके कब्जे से चोरी के लाखों रुपये के जेवरात, नकदी, तमंचा, कारतूस, बाइक आदि सामान बरामद किया।

सिधारी थाने के प्रभारी निरीक्षक शशिचन्द चौधरी, प्रभारी निरीक्षक तरवा कमलेश कुमार वर्मा व प्रभारी स्वाट नन्द तिवारी की संयुक्त पुलिस टीम ने मिली एक गोपनीय सूचना के आधार पर इटौरा मार्ग पुलिया के निकट छापेमारी की। इस दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस ने चोरी, छिनैती गैंग के सक्रिय अपराधी कमलेश लोना पुत्र घूरे नोना निवासी शाहपुर फिरो थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस की गोली से घायल हो गया। वहीं गोविन्द वर्मा पुत्र सकून वर्मा निवासी चनि थाना रानीपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, बाइक, छिनैती के कुल 2,09,400 नगद, 65.36 ग्राम सोना बरामद किया।


गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करती पुलिस।

एसपी हेमराज मीना ने बताया कि पिछले दिनों जिले के 3 थाना क्षेत्र सिधारी, बरदह व तरवा में छिनैती की घटना हुई थी। पुलिस इनकी गिरफ्तारी में जुटी थी। मुठभेड़ के बाद चोरी व छिनैती गैंग के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार किए गए है। इनके पास से तमंचा, पौने 6 लाख कीमत का सोना, छिनैती के जेवरात आदि बरामद हुए है। इनके तीन साथियों की तलाश की जा रही है। ये सभी महाकुंभ में श्रद्धालुओं से जेवरात की छिनैती व चोरी किए थे और उसे लाकर गिरफ्तार सकून वर्मा को बेचे थे। आजमगढ़ में तीन थाना क्षेत्रों में चार घटनाओं को अंजाम दिए थे।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार गोविंद वर्मा छिनैती गैंग के संपर्क में लगातार था। ये इनके द्वारा लाये गए जेवरात को गला कर दूसरे ज्वेलर को बेचकर उनसे जेवरात लेता था।

## संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवनपुर के पास सड़क हादसे में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पायी। बताया जा रहा है कि मृतक महराजगंज से कप्तानगंज की तरफ साइकिल से जा रहा था, तभी अचानक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अधेड़ ट्रक के नीचे आ गया और सिर ट्रक के पहिये के नीचे आ जाने से कुचल गया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। उसके पहचान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



### जयंती पर याद किए गये माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर



**फूलपुर (आजमगढ़)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर जी की जयंती मनाई गई। सुंदरकांड, हनुमान चालीसा तथा वैदिक हवन यज्ञ का कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन के बाद श्री गुरु जी के चित्र पर चंदन लगाकर पुष्पार्चन के पश्चात सभी को तिलक लगाकर सुंदरकांड तथा हनुमान चालीसा का पाठ समवेत स्वर से हुआ। तत्पश्चात विश्व मंगलार्थ वैदिक यज्ञ, हवन संपन्न हुआ। मुख्य यजमान जिला संघ चालक राम नगीना तथा यज्ञकर्ता वैदिक विद्वान डॉ.राजेंद्र 'मुनि' थे। अरविन्द ने समर्पण भाव से गीत प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने गुरु जी के कृतिव एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर राजकुमार, राहुल, विनोद, रामप्यारे, विपिन, कुलभूषण, दुर्गेश शिवम, शैलेंद्र, आशीष, रत्नेश विन्द, भानू चौहान, आकाश, दिशा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया सबा कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा स्थित सबा कान्वेंट स्कूल में मंगलवार की शाम को दूसरी ब्रांच भटौरा में 21वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। छात्र-छात्राओं ने बॉयज पिरामिड, भगत सिंह, कॉमेडी, महिला सशक्तिकरण, सहित देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मुबारकपुर थाना प्रभारी निहार नंदन कुमार, अजेंद्र राय, सैय्यद अनीसुलहक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि निहार नंदन कुमार ने कहा कि जिस तरह से यहां के बच्चों ने अपनी उत्सुकता से प्रतिभा दिखाई है मैं उन बच्चों के अभिभावकों और अध्यापकों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही स्कूल के मैनेजर प्रिंसिपल को भी बधाई देता हूं। स्कूल के मैनेजर अफरोज अहमद ने कहा किबच्चों ने बहुत शानदार प्रस्तुति दी है मैं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर शगूफा नाज, अंसारी नेयाजी,कविता सुब्बा, शहनाज, अर्पिता सिंह, सैय्यद वजीउल हक,शाहिद जमाल,गुफरान अहमद, शमीम अख्तर, डॉ. जावेद कमर, हाजी अबु बकर, रिजवान अंसारी, हाजी सुलेमान शम्शी, परवीन सिंह, आलमगीर आदि मौजूद रहे।



### भाजपा कर्यकारणी सदस्य ने किया हर्ष फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन

**तरवां (आजमगढ़)।** मुडेहरी अहिरौली तरवां में भाजपा कार्यकारणी सदस्य अखिलेश मिश्रा ऊर्फ गुड्डू मिश्रा नें फीता काटकर पेट्रोल पम्प का उद्घाटन किया। उन्होंने पेट्रोल पम्प व हर्ष एचपी गैस एजेंसी के प्रोपराइटर धनराज यादव को शुभकामनाएं दी। धनराज यादव नें कहा कि पेट्रोल पंप में उच्च गुणवत्ता के पेट्रोल, डीजल, एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध होंगे। किसी भी ग्राहक के साथ गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जायेगा। इस मौके पर राजेश्वर मिश्रा, श्रीप्रकाश सिंह, अनिल सिंह, अभिमन्यु, नरेंद्र सिंह, उमेश मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, डब्बू सिंह आदि मौजूद रहे। नए पेट्रोल पंप खुलने से ग्रामीण एवं क्षेत्र वासियों में खुशी व्याप्त है।

## एक ही रात दो गांव से चोरों ने किया लाखों का माल पार

बेखौफ

### रोड के किनारे बने घरों को बनाया निशाना, क्षेत्र में दहशत

जनसंदेश न्यूज

**फरिहा (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस चौकी अंतर्गत एक ही रात में चोरफरिहा और हुसामपुर बड़ा गांव में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नगदी सहित लाखों का जेवर लेकर फरार हो गए।

मुन्नी देवी पत्नी राम भरत निवासी फरिहां के घर मंगलवार की रात्रि में चोर मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और जमकर लूटपाट की। मुन्नी देवी मंगलवार की रात्रि में अपने घर पर ताला लगाकर कुंभ नहाने प्रयागराज गई हुई थी। जब सुबह हुई तो अगल-बगल के लोग घर का दरवाजा खुला देखकर मुन्नी देवी को फोन किया। जब वह घर पहुंची तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में बेटी के लिए बनवाकर रखे हुए जेवरात गायब थे। मुन्नी देवी ने बताया कि एक लाख 20 हजार रुपये घर पर रखे थे जिसमें एक लाख किसी से मांग कर किसी को देने के लिए रखी थी और 20 हजार बेटी प्रेमा द्वारा रखा गया था। बताया कि दो अंगूठी, दो सोने की चैन, चार झुमका, एक लॉकेट,10 सोने की मोती, गले का पंडल चार जोड़ी पायल, पांच चांदी का माला, 4 सोने की कील, दो सेट सोने की बाली चोर उठा लें गये। मौके पर पहुंची पुलिस और डॉग स्क्वाड टीम जांच पड़ताल करवापस चली गई। पीड़िता ने लिखित तहरीर थाने पर दिया।


टूटी आलमारी व घर में बिखरे सामान।

इसी क्रम में मंगलवार की रात्रि में ही दूसरी चोरी की घटना लालजीत गुप्ता निवासी गंधुवई के यहां हुई। इनका एक परिवार हुसामपुर बड़ागांव रोड के किनारे मकान बनाकर रहता है। चोर शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और 15 हजार नगद और सोने की अंगूठी आदि चुरा ले गये। इनका पूरा परिवार बनारस में हो रहे शादी समारोह में गया हुआ था। जानकारी हुई तो पीड़ित ने पुलिस को फोन किया। मौके पर पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंचकर जांच पड़ताल करके वापस चली गयी। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित ने तहरीर नहीं दिया था।

### किसानों की मुखर आवाज थे कामरेड रामप्रताप: इम्तेयाज बेग

**आजमगढ़।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नगर इकाई की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कुंवर सिंह उद्यान में हुई। जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा के पूर्व प्रदेश महामंत्री व भाकपा के पूर्व राज कौंसिल के सदस्य राम प्रताप त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर शोक जताया गया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके निधन को अपूर्णनीय क्षति बताई गई। किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष व राज कौंसिल सदस्य कामरेड इम्तेयाज बेग ने कहाकि राम प्रताप त्रिपाठी का सम्पूर्ण जीवन किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने में ही बीता। ऐसे किसान नेता का निधन संगठन ही नहीं बल्कि पूरे किसान वर्ग के लिए अपूर्णनीय क्षति है। कामरेड त्रिपाठी युवावस्था में ही भाकपा की नीतियों से जुड़े और अंतिम सांस तक उन्होंने इस विचाराधारा को आत्सात किया। सीपीआई के नगर मंत्री अशोक राय ने कहाकि कामरेड त्रिपाठी, अपने जीवनकाल में भाकपा की मांगों को लेकर हजारों बार जेल गये। उन्होंने किसान आंदोलनों को तेज करने के लिए पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा का संचार किया और किसानों को उनके हक-हूकूक के लिए जागरूक किया। उनकी कमी हमेशा खलेगी। अंत में दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अशोक राय, सच्चिदानंद राय, अनिल राय, गुलाब मौर्य, शहनवाज बेग, राजित यादव आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर से टकराकर पलटी बस, एक की मौत, नौ घायल

जनसंदेश न्यूज

हादसा

### देवगांव कोतवाली के नारायणपुर नेवादा के समीप हुई दुर्घटना

**लालगंज (आजमगढ़)।** मंगलवार की रात 8 बजे के करीब आजमगढ़ से वाराणसी जा रही एक बस नेशनल हाईवे मार्ग पर देवगांव कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर नेवादा के समीप ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करते समय टकरा कर पलट गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा नौ लोग घायल हो गए।

आजमगढ़ से वाराणसी जा रही अनुबंधित वाराणसी डिपो की बस ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराते हुए पलट गई जिसमें 10 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद सभी घायलों को आनन-फानन सौ शैय्या अस्पताल लालगंज ले जाया गया जहां शराफतुल्लाह पुत्र हुजातुल्लाह निवासी 302 बेगम वार्ड नियर आदर्श स्कूल प्रतापगढ़ को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि संस्कृति मिश्रा 24 वर्ष निवासी समेदा थाना जहानगंज जिला आजमगढ़, दिलीप 55 वर्ष पुत्र पंचम निवासी गड़ौली थाना देवगांव, विमलेश 30 वर्ष निवासी बिहार, आशु 22 वर्ष पुत्र धर्मराज निवासी विलासपुर छत्तीसगढ़ को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। अंकुश 45 वर्ष पुत्र रामकुमार यादव निवासी सोनियापार थाना खानपुर जिला गाजीपुर, मालती 65 वर्ष पत्नी बांकेलाल विश्वकर्मा निवासी पारा थाना रौनापार जिला आजमगढ़, रामशरण यादव 48 वर्ष पुत्र संवरु यादव निवासी पारा थाना रौनापार जिला आजमगढ़, लीलावती 45 वर्ष पत्नी रामशरण यादव निवासी पारा थाना रौनापार, रहमत अली 22 वर्ष पुत्र आलमगीर निवासी चोरसंड थाना गौरा बादशाहपुर जिला जौनपुर का इलाज लालगंज में ही चल रहा था। दुर्घटना की सूचना पर कोतवाल देवगांव विमल प्रकाश राय तथा पुलिस चौकी प्रभारी लालगंज अमित कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा एंबुलेंस से सभी को शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाये।

# लाखों भक्तों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक



दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**दर्शन पूजन**

## भीड़ को नियन्त्रित करने में पुलिस का छूटा पसीना

### लाइन लगाने में पुलिस व दर्शनार्थियों में हुई हाथा पायी

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** स्थानीय विकासखंड के सुप्रसिद्ध कोटार शिव धाम में अदवा नदीं के मध्य महा शिवरात्रि पर्व पर बुधवार को डेढ़ लाख से अधिक दर्शनार्थियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया है। मंगल आरती के बाद भक्तों ने दर्शन करना शुरू किया। दस बजे दिन तक मंदिर के पूरब व पश्चिम तरफ दो सौ मीटर तक पुरूष, महिलाओं की लम्बी कतार लग गई थी। भक्त हाथ में नारियल, बेल पत्र, गंगा जल, आम के बौर, बैर, धतूर, मंदार पुष्प आदि सामग्री लिए कतार बद्ध हो गए। हरहर महादेव के जयकारे से परिसर गुंजायमान रहा। भक्तों ने जलाभिषेक कर मनोवांक्षित कामनाएं पूर्ण किया। इसके बाद बच्चों ने मेले में लगे झूले का आनन्द लिया व गृह उपयोगी सामान खरीदने के बाद लोग घर वापसी की। अचानक मंदिर के पास भीड़ बढने से पुलिस को दर्शनार्थियों की लाइन लगवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी जिसको लेकर पुलिस व दर्शनार्थियों में हाथा पाई भी हुई। हलिया ड्रमंडगंज मार्ग से कोटार शिव धाम जाने वाले मार्ग पर घंटों जाम लगा रहा जिससे लोग परेशान रहे। ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने बीस वालेंटियर्स के साथ भक्तों को दर्शन कराने के लिए सहयोग में लगे रहे। मंदिर पुजारी जैराम गिरी व शिव राम गिरी, महेश गिरी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर डेढ़ लाख से ज्यादा भक्तों ने जलाभिषेक व दर्शन पूजन किया है। इसी प्रकार ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव का दर्शनार्थियों ने दर्शन पूजन किया। लगभग चालीस हजार दर्शनार्थियों ने दर्शन किया है। वहीं ड्रमंडगंज पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही। इस दौरान एसआई भरत राय, काशीनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाली गई शिव बारात

**जिगना।** क्षेत्र के विजयपुर गाव में महाशिवरात्रि के पर्व पुरानी बाजार शिव मंदिर से धूमधाम के साथ शिव बारात निकाला गया। हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में विगत एक दशक से महाशिवरात्रि के पर्व पर डी0जे0 की धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते शिव भक्त झोरिया महादेव आश्रम विजयपुर तक शिव बारात ले जाया गया। वहा से पुनः पुरानी बाजार स्थित शिव मंदिर पर शिव बारात शोभायात्रा समाप्त हुआ। भक्तों के बीच प्रसाद व फलाहार वितरित किया गया। इस दौरान रिषभ चतुवेर्दी, सुनील अग्रहरी, अशोक अग्रहरि, कन्हैया लाल, विजय चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष भक्त शोभायात्रा में शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एडिशनल एसपी ओपी सिंह, चौकी प्रभारी आनंद शंकर सिह व अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## बाबा सारनाथ धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**पर्व**

### महाशिवरात्रि पर्व पर प्रातः से ही भक्तों का लगा रहा तांता



कतारबद्ध दर्शनार्थी

**कछवां।** क्षेत्र के लरवक गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर बाबा सारनाथ धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन अर्चन किया। यह मंदिर अपनी प्राचीनता और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रातः काल से ही भक्तों का तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर में भगवान शिव की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारियों ने श्रद्धालुओ के लिए विशेष पूजन, कीर्तन और अनुष्ठान किए। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने मंदिर में भगवान शिव की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया। इस प्रकार महाशिवरात्रि के दिन को यादगार बनाया। इस अवसर पर मंदिर के बाहर लगभग एक किलोमीटर तक कतारबद्ध भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। लोगों ने भगवान शिव की भक्ति में डूबकर उनका आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि के दिन बाबा सारनाथ धाम में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों ने भगवान शिव की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया। इस प्रकार बाबा सारनाथ धाम के साथ समस्त शिवालयों में भी महाशिवरात्रि के दिन आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया। वहीं थानाध्यक्ष रणविजय सिंह भी अपने दलबल के साथ सुरक्षा दृष्टिगत क्षेत्र के शिवालयों का जायजा लेते रहे।

## बाबा बदेवरानाथ धाम में भक्तों ने किया जलाभिषेक



निरीक्षण करते एसडीएम सदर गुलाब चन्द

**जिगना।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बदेवरानाथ धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धाल ने जलाभिषेक कर स्वयं को कृतार्थ किया। हर-हर, बम-बम के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। नर नारी व भक्तजन लंबी कतारों में लगकर दर्शन पूजन करते रहे। पुजारी महेंद्र गिरी ने बताया कि गर्भगृह का द्वार संकरा होने के कारण दर्शन पूजन करने वाले भक्तों को असुविधा हुई। एसडीएम सदर गुलाब चन्द पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ भीड़ व व्यवस्था संचालन में लगे रहे। वहीं मेला क्षेत्र में बेर व फलों के साथ गुड़ की जलेबी व मिष्ठान की दुकानों पर जमकर बिक्री हुई। खोए पाए बुजुर्गों व बच्चों को उनके परिवार से मिलाने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल किया गया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली गई पालकी यात्रा



पालकी यात्रा में शामिल भक्त

**मीरजापुर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विगत वर्ष की भाति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पालकी रथयात्रा का निकाली गई। यह यात्रा बूढेनाथ मन्दिर प्रांगड़ से प्रारम्भ होकर नगर भ्रमण करते हुए रथयात्रा त्रिमुहानी, संकठा घाट से पक्का घाट पर जलाभिषेक के उपरान्त नबालक का तबेला, धुन्धीकटरा, गुड़हट्टी, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, नवीन सिनेमा चौराहा स्थित अति प्राचीन शिवमन्दिर पर महाआरती के पश्चात इमामबाड़ा, बल्ली का अड्डा, काली जी का मन्दिर, मुसफ्फरगंज, तिलकमार्ग टेढीनीम से होकर बूढेनाथ मन्दिर प्रांगड़ पर समापन किया गया।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों भीड़

**लालगंज।** महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र में स्थित शिवालयों में पूरे दिन दर्शनार्थी की भीड़ उमड़ी रही। दर्शनार्थी भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए जगह-जगह प्रसाद ग्रहण किया। बसही मठ भगवान शिव मंदिर पर पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी उर्फ महेंद्र गिरी के नेतृत्व में भगवान शिव का जलाभिषेक कराते हुए भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसी क्रम में वन क्षेत्राधिकारी ऑफिस में स्थित भगवान शिव के मंदिर पर भी दर्शनार्थियों का तांता लग रहा। क्षेत्र में महाशिवरात्रि पावन पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

## हजारों भक्तों ने जलाभिषेक कर मांगी मन्नत

**मड़िहान।** विकास खंड के प्राचीन गणेश मंदिर रामपुर रिक्शा और महा कालेश्वर मंदिर देवरी कटइया में प्रतिष्ठापित शिवलिंग पर भक्तों ने जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के हजारों भक्तों ने कतारबद्ध होकर हर हर महादेव के उद्घोष के साथ जलाभिषेक किया। क्षेत्र के रामपुर प्राचीन गणेश मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय मेला, देवरी कटैया के महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय मेला शुरू हो गया है। दोनो मंदिर में प्रतिष्ठापित शिवलिंग पर क्षेत्र के हजारों की संख्या में भक्त जलाभिषेक कर निहाल हुए और मन्नते भी मांगी। बताया जाता है कि गणेश प्रतिमा के उच्चीकरण करते समय भक्तो ने 18 फिट तक खुदाई कर मूर्ति को ऊपर रखना चाहते थे किंतु जोड़ नहीं मिला। अंततः उतने पर ही मंदिर निर्माण कराना हुआ। मान्यता है कि गणेश जी हर भक्तो की मांगी मुराद पूरी कर देते है। मंदिर को पर्यटन विभाग से विकसित करने के लिए एक करोड़ की धनराशि भी स्वीकृत हो गई है। मेले की प्रसिद्ध देशी गुड़ से बनी गुडहिया जलेबी का स्वाद चख कर ग्रामीण भक्त आनंदित हो रहे।

## डैफोडिल्स स्कूल में विशेष पूजन व रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन



शिक्षिकाओं के साथ डायरेक्टर अपराजिता सिंह

**मीरजापुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल लोहिया तालाब में भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन और महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों, अध्यापिकाओं और शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक अमरदीप ने सपत्नी पूजा में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मिट्ठू बनर्जी, अर्पिता मुखर्जी, सुमिता दत्ता, प्रेरणा, आशीष तिवारी, अंशु शर्मा, अरुण शर्मा व बच्चों ने भगवान शिव की पूजा कर रुद्राभिषेक किया। विद्यालय प्रांगण शिव पार्वती के शुभ विवाह के मंडप के रूप में सजाया गया था। मंत्रों के साथ यज्ञ व हवन कुंड में आहुतियां दी गई।

## महाशिवरात्रि पर निकाली गई शिव पार्वती विवाह की झांकी

**बरौंधा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को बरौंधा बाजार में रूद्रगणों के साथ रथ पर सवार होकर शिव पार्वती के विवाह की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हर हर महादेव का उदघोष करते हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी की। इस अवसर पर भगवान शिव शंकर, माता पार्वती, नन्दी गणेश और रूद्र गणों के साथ शिव विवाह की झांकी निकाली गई। अर्श हास्पीटल बरौंधा के निदेशक डा0 महा नरायण भारती की अगुवाई में डी0जे0 के धुन पर थिरकते हुए कार्यकर्ता अबीर-गुलाल उड़ाते हुए रथयात्रा में शामिल होकर शिव बारात का लुत्फ उठाया। इस दौरान बरौंधा व्यवसाई मूलचंद सोनी बारातियों को जलपान कराया। स्थानीय लोगों ने भगवान शिव और माता पार्वती पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा भाजपा नेता मनीष सोनी, निरंजन पाण्डेय, गोपाल अग्रहरि, भोलानाथ, सुनील पटेल, डा0 गेंदा लाल, राजकुमार, बसंत लाल, भागीरथी आदि रहे। चौकी इंचार्ज बरौंधा राधेश्याम, उप निरीक्षक सुरेन्द्र दूबे, महिला कांस्टेबल शशि कला, अंजलि आदि सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

## घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरा प्रताप सिंह निवासी ओम शंकर शुक्ला उम्र 41 वर्ष का मंगलवार को रानीबारी के पास ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर चोट लगने के बाद परिजन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद मंडलीय अस्पताल ले गए। डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर होते देख वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया था। इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया। सेमरा प्रताप सिंह गांव निवासी ओम शंकर शुक्ला ने फेरी का काम यानी पान मसाला, गुटखा, कुरकुरे आदि सामान का फेरी करते थे। उसी से अपने परिवार का जीवको पार्जन चलाते थे। मंगलवार को फेरी के दौरान रानीबारी गांव के सामने दो ट्रैक्टर के बीच ट्रैक्टर से धक्का लगने से ओम शंकर शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। देर रात मंडलीय अस्पताल से भी चिकित्सक द्वारा वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान बुधवार की सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि दोनों ट्रैक्टर को पकड़ कर थाने में रखा गया है।

## पैसा मांगने वाले दरोगा को एसपी ने किया निलंबित

**गैपुरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोगांव गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र व वीडियो सौंपकर उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार पर एक लाख रुपए मांगने का खुलासा किया था। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जांच के बाद कार्यवाई करते हुए उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया। जिगना थाना पर तैनात एक उपनिरीक्षक द्वारा बीते 19 फरवरी की शाम हमारे घर के पास पिता मनिक बहादुर सिंह को बुलाकर बोला कि आपके बेटे प्रमोद कुमार सिंह पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसमें जांच अधिकारी हमें बनाया गया है। उसको गिरफ्तार कर जेल भेजेंगे। पिता डरा सहमा घर पहुंच कर घटना की जानकारी दी। प्रार्थी का बेटा जब जिगना थाना पहुंचा तो उक्त उपनिरीक्षक से मिला और जानकारी किया तो ऐसा कोई मुकदमा नहीं दर्ज था। दरोगा द्वारा एक लाख की मांग पूरी नहीं होने पर 24 फरवरी को थाने पर बुलाकर एक लाख की मांग तत्काल पूरा करने को कहा। असमर्थता जताने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बोला कि अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। एक लाख रूपए लाकर पहुंचा दो नहीं तो तुम्हारे विपक्षियों से मिलकर मनगढ़ंत घटना दिखाकर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ज़िन्दगी बर्बाद कर दूंगा। आरोप है कि नायब दरोगा फर्जी मुकदमें का विवेचक होने का हवाला देकर एक लाख की वसूली करने की फिराक में था। 25 फरवरी को पुलिस उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र के साथ वीडियो क्लिप का हवाला देते हुए शिकायत किया था। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया।

# गंगा में डूबने से दो किशोरियों की मौत

**दु:खद**

### स्थानीय मछुआरों ने दो को बचाया

जनसंदेश न्यूज



मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी गांव में बुधवार की सुबह गंगा में स्नान के लिए गांव की ही चार-पांच लड़कियां रेता पर गई थी। स्नान करते समय अचानक लड़कियां गहरे पानी में चली गयी। लड़कियों को गंगा में डूबता देख मौके पर मौजूद मछुआरों ने दो को बचा लिया, जबकि दो लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दो लड़कियां मृतक कुसुम कुमारी उम्र 17 वर्ष पुत्री राम गरीब साहनी निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार व काजल उम्र 16 वर्ष पुत्री राजू साहनी निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार को गोताखोरों द्वारा काफी मशक्कत के दोपहर में दोनों बच्चियों का शव बाहर निकाला गया। साथ में गीता 16 व सीता 18 पुत्री खुशाल निवासी ग्राम जलालपुर माफी को बचा लिया था। मृतक काजल का भाई अजय साहनी ने बताया कि हम दो भाइयों में मेरी बहन अकेली थी जो कक्षा 10 की छात्रा थी। पिता मलेशिया में लेबर का काम करते हैं। कुसुम साहनी चार बहनों में बीच वाली थी। पिता खेती बारी कर अपना गुजर बसर चलाते हैं। मृतक काजल का भाई अजय ने कहा कि अगर घाट पक्का होता तो शायद यह घटना नहीं घटती। दोनों शवों मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य मय फोर्स मौजूद रहे।

# बाइक के धक्के से किसान की मौत

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अमहवां गांव के पास मंगलवार की देर रात बाइक के धक्के से साईकिल सवार किसान घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय सोनभद्र में देर रात मौत हो गयी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के चौखड़ा ग्राम पंचायत के पिपरवार गांव निवासी 45 वर्षीय अरविंद यादव मंगलवार की रात नदिहार बाजार से साइकिल द्वारा वापस अपने घर पिपरवार जा रहा था। वह जैसे ही स्थानीय थाना क्षेत्र के धनसिरियां ग्राम पंचायत के अमहवां गांव में पहुंचा ही था कि सामने से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार साइकिल सवार अरविंद यादव को धक्का मार दिया। जिससे सड़क पर गिरकर साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होती ही मौके पर आस-पास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। एंबुलेंस द्वारा गंभीर अवस्था में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल अरविंद यादव को जिला अस्पताल सोनभद्र में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान देर रात्रि में अरविंद यादव की मौत हो गई।

# ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत, एक घायल

**दुर्घटना**

### घर की तरफ मुड़ते ही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आये बाइक सवारों को ट्रक ने घसीटा

जनसंदेश न्यूज



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

**मीरजापुर।** लालगंज कलवारी मार्ग पर गोपलपुर गांव के पास बुधवार को ट्रैक्टर ट्राली व बाइक की टक्कर में जीजा समेत दो युवक की मौत हो गई, जब कि साला गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी मड़िहान में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतकों को देख परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर जीजा महेश 25 वर्ष पुत्र जगनरायन के साथ साला सूरज 25 वर्ष पुत्र सोहन व गौरव उर्फ रोहित 30 वर्ष पुत्र छोटेलाल गुजरात में तीनों साथ रहकर प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करते हैं। एक माह पूर्व तीनों घर आये थे। होली बाद जाने की तैयारी में थे। कुछ मजदूरों को साथ ले जाने के लिये ककरद गांव गए थे। वहां से संपर्क करने के बाद तीनों घर आ रहे थे। गोपलपुर गांव के सामने पहुंचे ही थे कि घर की तरफ मुड़ते समय बाइक सवार ट्रैक्टर की ट्राली में टकराकर सड़क पर गिर पड़े। उसी दौरान लालगंज से कलवारी जा रही बोरबेल ट्रक तीनों को घसीटते हुए कुछ दूर ले गयी। हादसे में जगनरायन के पचीस वर्षीय इकलौते पुत्र महेश की घटना स्थल पर मौत हो गयी। साला सूरज 25 वर्ष पुत्र सोहन व गौरव उर्फ रोहित 30 वर्ष पुत्र छोटेलाल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान भेजवाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रोहित ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव लौट गये। ग्रामीणों ने ट्रक व चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी है।

## संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ घायल

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुमतिया गांव के सामने बीती रात अज्ञात ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से पीएचसी सर्रोई में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार की सुबह डाउन लाइन पर 47 वर्षीय अधेड़ को घायल अवस्था में देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। आशंका है कि अधेड़ प्रयागराज महाकुम्भ से स्नान कर मेल ट्रेन से लौट रहा था। गेट पर भीड़ होने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रेन के नीचे गिर गया। वह मटमैले कलर का शर्ट व नीली धारीदार लुंगी पहना था। जेब से ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे पहचान हो सके। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि घायल अधेड़ को दवा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में सन्लिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के आदेश के क्रम में थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह ने क्षेत्र से 10 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबिर के सूचना के आधार पर लहगपुर चौकी क्षेत्र के गंगहरा कला निवासी अरुण कुमार पुत्र राम आसरे को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना लालगंज पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से चलाए जा रहे मादक पदार्थों की बिक्री में संन्लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बैंड बाजे व डीजे की धुन पर निकाली गई शिव बारात

**चील्ह।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बैंड बाजे व डीजे की धुन पर धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। विकासखंड कोन क्षेत्र के श्रीपट्टी गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को श्रीपट्टी गांव के श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा विधि विधान से मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा पाठ किया गया। आकर्षक झांकी सजाकर बैंड बाजा व डीजे की धुन पर सैकड़ों शिव बारातियों के साथ नाचते गाते व झूमते हुए बारात निकली। श्रीपट्टी गांव से होते हुए चील्ह गोपीगंज मार्ग से मवैया गांव स्थित झिंगुरी बरम बाबा मंदिर के पास से होते हुए पुनः श्रीपट्टी गांव में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर आरती पूजन के साथ शिव विवाह कर बारात का समापन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी चील्ह शिवशंकर सिंह दलबल के साथ शिव बारातियों के साथ लगे रहे। बारात आयोजकों में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान विनोद कुमार दुबे उर्फ टार्जन, नितेश दूबे, प्रवीण कुमार मिश्रा, निपेंद्र कुमार दुबे, मृगेंद्र कुमार दुबे, प्रभाकर मिश्रा, दीनानाथ दुबे, लोकेंद्र कुमार दुबे, सचिन दूबे, आशुतोष दूबे आदि भारी संख्या में शिव बाराती उपस्थित रहे।

### बाइक के धक्के से महिला की मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के महुगढ़ गांव के पास बकरी चराकर घर जा रही महिला को बाइक सवार ने धक्का मार दिया जिससे वह घायल हो गई। परिजन घायल महिला को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव निवासी शांति 40 पत्नी संतोष घर से सिवान में बकरी चराने गई थी। बुधवार शाम को बकरी चराकर वापस आते समय हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के महुगढ़ गांव के पास पहुंची की एक अनियंत्रित बाइक सवार महिला को टक्कर मार दिया। जिससे महिला जमीन पर गिरकर घायल हो गई। प्रधान पति विजेंद्र पांडेय के सहयोग से एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक अवधेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के पास तीन बेटी तथा दो बेटे हैं। एक बेटी की शादी हो गई है।

### हृदयगति रुकने से बांसुरी वादक की मौत

**सीखड़।** विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ स्थित प्राचीन शिव शंकर भगवान के मंदिर पर बांसुरी बजाते समय सीखड़ ग्राम पंचायत के रहने वाले पूर्वांचल के मशहूर बांसुरी वादक जिलानी मास्टर का बुधवार को महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर एकाएक श्वास गति अवरोध होने से निधन हो गया।

### अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार, घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया मतवार मार्ग पर बुधवार को मतवार गांव में एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी बसंत लाल 45 वर्ष घर से हलिया बाजार आ रहे थे। जैसे ही मतवार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पहुंचे कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरकर घायल हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां देखते ही चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

### हृदय गति रुकने से बालक की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर गांव निवासी हेमंत कुमार शुक्ला उर्फ भोले शुक्ला का 12 वर्षीय पुत्र गणेश शुक्ला बुधवार की सुबह महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में शिव जी की पूजा अर्चना कर अपने घर गया। घर से बाहर निकलते समय अचानक जमीन पर गिरकर अचेत हो गया। घटना को देख परिजन आनन-फानन में अपने निजी वाहन से बालक को गोपीगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बालक मौत हो गई। बताया जाता है कि गणेश दो भाइयों में छोटा था। गणेश की अचानक मौत का समाचार सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।

### दिन दहाड़े मनबढ़ों ने यात्री को पीटकर किया लहूलुहान

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक कारनामा देखने को मिला जहां दिन दहाड़े मनबढ़ युवकों ने ट्रेन से उतारकर यात्री को रेलवे पटरी पर मारपीट कर घायल करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। बताया गया कि बुधवार की शाम मुंबई जनता ट्रेन से यात्रा कर रहे यात्री को दर्जनों सरहंग लोग स्टेशन के बाहर से प्लेटफार्म पर आए और दो नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी गाड़ी से एक यात्री को उतार कर रेलवे की पटरी पर पीटकर फरार हो गया। घायल युवक ट्रेन से रवाना हो गया। बताया जा रहा है कि प्रयागराज से ट्रेन आ रही थी। ट्रेन में नगर के कटरा कोतवाली क्षेत्र का एक परिवार बैठा था जिससे एक यात्री का विवाद हुआ। उन लोगों ने फोन करके घर से युवकों को बुलाया। जैसे ही ट्रेन रूकी, बाहर से आये मनबढ़ युवकों ने पीटाई कर दिया। वहीं इस घटना के बारे में जब जीआरपी प्रभारी रामदवर यादव से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बाहर से कोई नहीं आया था। ट्रेन के अंदर बैठने को लेकर ही यात्रियों में विवाद हुआ था।

### अजीत पहलवान ने जीती ढाई हजारी कुश्ती

**अदलहाट।** थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर ग्राम में स्थित शंकर जी मंदिर के पास बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रधानप्रतिनिधि राज कुमार द्वारा आयोजित कुश्ती दंगल में ढाई हजारी कुश्ती अजीत पहलवान ने जीती। ढाई हजारी कुश्ती वाराणसी के अजीत पहलवान व गाजीपुर के रंजीत के बीच हुई। अजीत पहलवान ने पटकनी देकर ढाई हजारी कुश्ती अपने नाम की। दो हजारी कुश्ती दिलीप हाजीपुर व प्रकाश मुगलसराय के बीच हुई। हाजीपुर के दिलीप ने कुश्ती जीती। इसी प्रकार सोलह सौ की कुश्ती पवन हाजीपुर व नरेश वाराणसी के कुश्ती में पवन ने कुश्ती जीती। राजेश कुचही व कल्लू कछवां के बीच हुई कुश्ती में राजेश विजेता रहे। डेढ़ हजार की कुश्ती राजू सरसा व मनोज राजगढ़ के बीच हुई। राजू ने पटकनी देकर कुश्ती जीती। इसी प्रकार अन्य छोटे पहलवानों ने कुश्ती में जोर आजमाइस किया। निर्णायक सतीश चन्द्र, मुख्तार अहमद, अनिल मौर्य रहे। कुश्ती का संचालन राकेश गुप्ता व गौतम केशरी ने किया। इस अवसर पर विनोद मिश्रा, संजय कुमार, बच्चे लाल, उदय मौर्य, मोती लाल, मनीष, राजन केशरी, अनमोल केशरी आदि उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि: शिवमय हुआ सोनांचल हर-हर महादेव का गूंजा जयकारा


रावर्ट्सगंज स्थित शिवालय में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु


चोपन स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु

जनसंदेश न्यूज

महाशिवरात्रि

## श्रद्धालुओं ने शिवालयों में टेका मत्था, दर्जनों स्थानों पर लगे मेले में गुड़हिया जलेबी का चखा स्वाद

### गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात, भूत पिशाच, दानव बने बाराती

**सोनभद्र/घोरावल/चोपन।** जिले में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिवालयों और देवालयों में भक्तों और व्रतियों ने मत्था टेक महादेव भोलेनाथ के शिवलिंग पर दूध व गंगाजल से अभिषेक कर अपने मंगल जीवन की कामना किया। इसके अलावा लोगों ने अपने घरों में भी रुद्राभिषेक, महा मृत्युंजय का पाठ कराया। वहीं कई स्थानों पर लगे मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी की, तो मेले में गुड़हिया जलेबी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा जगह-जगह शिव बारात भी निकाली गई। जिसमें दानव, देव, भूत, पिशाच बाराती रहे। बारात की शोभा देखते ही बन रही थी। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल चक्रमण करता रहा। उधर शिवद्वार स्थित उमा महेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेक मेले का लुत्फ उठाया।

जिला मुख्यालय स्थित वीरेश्वर महादेव मंदिर, बरैला मंदिर, पंचमुखी महादेव मंदिर, गौरीशंकर, कंडाकोट, नवलखा मंदिर, घोरावल के शिवद्वार समेत जिले के तमाम शिवालयों में सुबह से ही भक्तों के पूजन का क्रम शुरू हो गया जो देर शाम तक चला। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का अभिषेक कर भांग, धतूरा, फल, मिष्ठान चढ़ाया तथा धूप, दीप व नैवेद्य जलाकर दर्शन पूजन कर अपने मंगल जीवन की कामना किया। वहीं मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल लगातार चक्रमण करता रहा। मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था।

इस दिन शिव-पार्वती की बारात भी निकाली जाती है। महाशिवरात्रि व्रत त्रयोदशी तिथि से ही शुरू हो जाता है। इस दिन कई लोग पूरे दिन का व्रत रखते हैं। हिंदू शास्त्रों के अनुसार चतुर्दशी पर रात्रि के दौरान चार बार महा शिवरात्रि की पूजा की जाती है। इन चार समयों को चार पहर के रूप में भी जाना जाता है। मान्यतानुसार चारों पहरों में से पूजा करने पर व्यक्ति को अपने पिछले पापों से मुक्ति मिल जाती है और उन्हें मोक्ष का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। घोरावल संवाददाता के अनुसार-शिवद्वार में परंपरागत मेला का शुभारंभ हुआ।

मंदिर के पुजारियों व कलाकारों द्वारा उमामहेश्वर के अद्वितीय विग्रह का दिव्य श्रृंगार किया गया। बुधवार की तड़के मुख्य पुजारी द्वारा मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोल दिए गए। भोर से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। मेले में पूजा सामग्री, श्रृंगार का सामान, मिठाई, खिलौने की सैकड़ों दुकानें लगी रही, जहां दर्शनार्थियों ने बच्चों के साथ जमकर खरीदारी की तो गुड़हिया जलेबी का लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। उधर भारी भीड़ की संभावना के मद्देनजर बैरिकेडिंग करके गाड़ियों के आवागमन रोक दिया गया था। वहां से तीर्थयात्रियों को पैदल चलकर मंदिर तक जाना पड़ा।

सुरक्षा के लिहाज से मेटल डिटेक्टर व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में दर्शन पूजन हुआ। **चोपन संवाददाता के अनुसार-नगर** सहित आसपास के देवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मंगलकामना की। नगर के पश्चिम पहाड़ी पर स्थित काली मंदिर, कैलाश मंदिर, दुर्गा मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव पराम्बा शक्तिपीठ मंदिर, हनुमान मंदिर, रामेश्वर महादेव मंदिर पर लोगों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तो वहीं जुगैल क्षेत्र के गोठानी गांव में विराजमान अतिप्राचीन बाबा शोभनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

बाबा शोभनाथ सोननदी के पावन तट पर अवस्थित हैं। यहां नगर समेत आसपास के सैकड़ों गांव से लोग आते हैं और बाबा शोभनाथ का जलाभिषेक कर मेले का परिवार सहित आनंद उठाते हैं।

### बारातियों की हुई भव्य आगवानी

**दुद्धी।** कैलाश कुंज द्वार पर मल्देवा मंदिर परिसर में डा. लवकुश प्रजापति एवं हिरेश्ववर महादेव मंदिर पर प्रबंधक रविन्द्र जायसवाल समेत अन्य संभ्रांतजनों ने बारातियों का माल्यार्पण कर भव्य आगवानी की। दूल्हे समेत देवी देवताओं के साथ अन्य बारातियों को सुसज्जित पंडाल में आदर सहित बैठाया गया। इसके बाद माता पार्वती ने जैसे ही भोले बाबा के गले में वरमाला पहनाई, समूचा क्षेत्र बाबा के जयघोष से गूंज उठा।

### ड्रोन कैमरे ने कैद किया जुलूस का नजारा

**दुद्धी।** तहसील मुख्यालय पर निकलने वाले शिव बारात के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के तगड़े इंतजाम कर रखे थे। इसके लिए जहां आसपास के थानों की पुलिस को भी स्थानीय पुलिस की मदद में लगाया गया था। प्रशासन पूरे क्षेत्र की गतिविधियों पर ड्रोन कैमरा से पैनी नजर बनाये था। एडिशनल एसपी कालू सिंह, कोतवाल मनोज कुमार सिंह समेत तमाम पुलिस व पीएसी के जवान चक्रमण करते रहे।


शिव मंदिर में पूजन करते राज्यमंत्री

## डाला में गूंजा हर-हर महादेव प्राचीन शिव मंदिर में राज्यमंत्री ने किया जलाभिषेक

**डाला।** महाशिवरात्रि पर्व पर राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने अपनी अर्धांगिनी ब्लाक प्रमुख लीला सिंह गोंड़ के साथ अपने पैतृक गांव बाड़ी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन पूजन कर बेल पत्र, फल-फूल के साथ जलाभिषेक कर देश एवं प्रदेशवासियों के सुख-शांति व समृद्धी की कामना की। महाशिवरात्रि के महापर्व पर क्षेत्र के अचलेश्वर महादेव मंदिर, सलईबनवा शिव गुफा मंदिर व वैष्णो मंदिर पर भक्तों ने पंक्तिवद्ध होकर शिव का दर्शन पूजन किया।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटा के अम्माटोला, सलईबनवा, बाड़ी गांव आदि स्थानों पर मेले का आयोजन हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चोपन थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया व चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल दलबल के साथ मौका मुआयना कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने बताया कि पैतृक गांव बाड़ी का शिव मंदिर प्राचीन काल से स्थापित है। जहां क्षेत्र के तमाम आस्थावान भक्त पूजा पाठ कर मन्नतें मांगते हैं। यहां प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि पर्व पर मेला लगता है। मेले में गुड़ की जलेबी का अलग ही महत्व है। आयोजकों में शामिल टाटा चौधरी ने बताया कि मंत्री ने भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद मेले का शुभांरभ किया। वहीं भक्तों के लिए ठंडई, शरबत की व्यवस्था की गई।

### ओबरा में निकली शिवबारात में झूमे शिवभक्त

**ओबरा।** मनमोहक झांकियां, कलाकारों की मंत्रमुग्ध करतीं प्रस्तुतियां और बारात के पीछे शिव भक्तों की आस्था का सैलाब। नजारा ऐसा कि जो देखे भोले का दीवाना हो जाए। शिवमय माहौल में भगवान भोले भंडारी की महिमा का गुणगान करते श्रद्धालुओं का नजारा देखते ही बना। अम्बेडकर चौराहे से शिव बारात का विधिविधान से शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में भगवान शिव के रंग में रंगे कलाकारों की प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध जनसमूह का नजारा रहा। भगवान शिव के जयकारों की गूंज से भक्तिमय माहौल हो गया। भजनों पर भक्त झूमते रहे। महाशिवरात्रि के अवसर पर महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में शिव बारात निकाली गई। बारात में महाबीर हनुमान व शिव पार्वती सहित राधे कृष्ण के कलाकारों ने प्रस्तुतियों से मनमोह लिया। सबसे आगे रथ पर सवार बाबा भोलेनाथ की झांकी, भगवान शिव का तांडव नृत्य, ढोल, शिव आराधना, श्रीकृष्ण खाटू श्याम की मनमोहक झांकी शामिल रहीं। बारात रूट पर जगह-जगह शिव भक्तों के लिए जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था नगर के गणमान्यों द्वारा करायी गयी। भलुआ टोला व सेक्टर नौ से शिवभक्तों की टोली निर्धारित स्थान पर शोभायात्रा में सम्मिलित हो गयी। बारात में राज्यमंत्री संजीव गौड़, रामनरेश अग्रहरि, राज सुशील पासवान, आशुतोष सिंह, धीरज राय, इं संजय वैश्वार, जेपी सिंह, धर्मेंद्र सिंह नन्हे, राजीव वैश्य, धुरंधर शर्मा, उमेश पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी देवी, श्रवण पासवान,सुशील कुशवाहा, दीपेश दीक्षित, लवकुश अग्रहरि, शिवनाथ जायसवाल, अरविंद सोनी, समीर माली, अभिषेक अग्रहरि समेत तमाम लोग शामिल रहे।

## बीजपुर में महाशिवरात्रि की धूम श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक


बीजपुर स्थित शिवालय में पूजन करते लोग

**बीजपुर।** एनटीपीसी परिसर स्थित रिहंदेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य रिहंदेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। मंदिर प्रांगण भक्तिरस से सराबोर रहा।

परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव, वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा शिखा श्रीवास्तव, महाप्रबंधक संजय असाटी, नीलू असाटी, मानव संसाधन विभाग प्रमुख बीके पांडे सपत्नीक, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना एवं आरती की गयी।

मंदिर समिति के सदस्य रामजी द्विवेदी के सौजन्य से रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ किया गया। इसकी पूणार्हुति 27 फरवरी को दोपहर में होगी। प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि देवाधिदेव महादेव एवं माता पार्वती के विवाह के अवसर पर भव्य शिव बारात मंदिर प्रांगण से निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बारात पूरे कॉलनी परिसर का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई।

बाराती के साथ श्रद्धालु नाचते, गाते एवं झूमते रहे। जगह-जगह बाराती का स्वागत मिष्ठान वितरण से किया गया। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन जो भी भक्त पूरे मन से भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं, उनकी प्रत्येक मनोकामना पूरी होती है। अनन्त मोहन, एसबी पाठक, अनिल त्रिपाठी, अवनीश पांडे, भीष्म सिंह, रिंकेश उपाध्याय, रंजय सिंह, भारत भूषण त्योहार को सफल बनाने में जुटे रहे। पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के नारे से गुंजायमान रहा।


बीजपुर में निकली शिव बारात


पंचमुखी मंदिर पर प्रसाद वितरित करते श्रीएकेडमी विद्यालय के शिक्षक

## पंचमुखी मंदिर पर श्री एकेडमी प्रबंधन ने बांटा प्रसाद

**सोनभद्र।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पसही कला रॉबर्ट्सगंज के सौजन्य से पंचमुखी महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंध निदेशक डा. अनिल कुमार पांडेय, प्रबंधक अजय कुमार पांडेय, विद्यालय परिवार के सदस्य गायत्री पांडेय, रीता पांडेय, साधना पांडेय, चम्पा पाण्डेय, मीना पाण्डेय, प्रधानाचार्य राहुल कुमार ओझा, जीएन गोस्वामी, राकेश पांडेय, बृजेश पांडेय, रिया, दीपा, कल्पना, कविता, सृष्टि आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान शिव की अराधना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

## मुस्लिम समुदाय ने बारातियों का किया स्वागत


बारातियों का स्वागत करते लोग

**ओबरा।** महाशिव रात्रि के अवसर पर नगर में निकली विशाल शिव बारात का जगह-जगह तोरणद्वार सजा कर स्वागत किया गया। हिन्द गौरव वेलफेयर सोसाईटी की ओर से गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करते हुये बारातियों का स्वागत किया गया।

राज्यमंत्री संजीव गौड़ लाव लस्कर के साथ कुछ देर हिन्द गौरव वेलफेयर सोसाईटी के पंडाल में मुस्लिम समुदाय के लोगों से भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शहजादे खान, शमशाद आलम, जुम्मन अंसारी, जियाउद्दीन चौधरी, शाहिद अख्तर, कमरूद्दीन, महमूद आलम, इमरान खान, मो. अली, सैयद आरिफ, मो. शाकिर अंसारी, हैदर इमाम, शोएब खान, जीशान अहमद आदि मौजूद रहे।

## मां पार्वती व शिव का जयमाल होते ही जयघोष से गूंजा पंडाल

**दुद्धी।** महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को लौवा पहाड़ी, हिरेश्वर महादेव मंदिर बीड़र एवं मल्देवा में कैलाश कुंज द्वार समेत अन्य देवालयों पर लोग बाबा का जलाभिषेक करने के बाद वहां लगे मेले का लुत्फ देर शाम तक उठाते रहे।

अनोखे शिव भक्तों के साथ दूल्हा बनकर नन्दी बैलगाड़ी पर सवार हुए बाबा भोलेनाथ की बारात नगर के प्राचीन शिवाला मंदिर व बीड़र स्थित शिव मंदिर से निकली। इसके पूर्व वहां उपस्थित माताओं ने भगवान शिव का विधिवत श्रृंगार किया और देवों के देव महादेव के बारात को लेकर भगवान ब्रह्मा, विष्णु के साथ अन्य देवी देवता हिरेश्वर महादेव मंदिर बीड़र व कैलाश कुंज द्वार मलदेवा की ओर चल पड़े। बारात में भूत, पिशाच, रिछ, बानर आदि का भेष धरे बच्चों के साथ ही कई आदिवासी महिला पुरुष करमा, शैला सरीखे परंपरागत संस्कृति के तहत नृत्य करते हुए लोगों के आकर्षण के केंद्र रहे। शिवाला से कैलाश कुंज द्वार एवं बीड़र गांव के शिव मंदिर से हिरेश्वर महादेव मंदिर तक बारातियों के स्वागत में जगह-जगह जलपान एवं ठंडई स्टाल लगाये गए थे। मां पार्वती के मायके कैलाश कुंज में अगुआ डा. लवकुश प्रजापति एवं हिरेश्वर महादेव मंदिर के रविन्द्र जायसवाल ने पूरी व्यवस्था की कमान अपने देखरेख में सुव्यवस्थित कर रखी थी।

बारात के पहुंचते ही हर हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। मां पार्वती एवं भगवान भोले भंडारी के जयमाल दृश्य ने लोगों को भक्तिमय कर दिया। कुछ इसी तरह का नजारा हिरेश्वर महादेव मंदिर पर निकली शिव बारात एवं जयमाल का अनुपम दृश्य भी लोगों में आकर्षण का केन्द्र रहा। व्यवस्था की कमान प्रबंधक रविन्द्र जायसवाल ने संभाल रखी थी। बारात में चन्द्रिका प्रसाद आढ़ती, भोला बाबू, अरुणोदय जौहरी, प्रदीप कुमार, प्रेमचंद आढ़ती, राजेश्वर बाबू, कन्हैया लाल अग्रहरि, पंकज कुमार बुल्लू, बालकृष्ण जायसवाल, नीरज जायसवाल, कमल कानू, कन्हैया लाल जायसवाल समेत तमाम लोग शामिल रहे।


दुद्धी में मां पार्वती व भगवान शिव के जयमाल का दृश्य


दुद्धी में निकली शिव बारात

## कार के धक्के से बाइक सवार संविदा कर्मचारी की मौत, दूसरा गंभीर

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव में तीर्थयात्रियों की अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक सवार संविदा कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि हिंडाल्को के संविदा दो कर्मचारी डियूटी करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। मझौली गांव के गोपी मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में नन्दलाल गुप्ता 50 पुत्र स्व. बच्चा साह निवासी महुली की मौके पर मौत हो गई। वहीं साथी राजेन्द्र गुप्ता 50 पुत्र श्यामलाल गुप्ता निवासी हिराचक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर कर दिया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

## रेणुकूट में निकली शिव की अनोखी बारात, झांकियों ने मोहा मन

जनसंदेश न्यूज


रेणुकूट में निकली बारात में वाहनों पर सजी झांकी

**रेणुकूट।** महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में बुधवार को पूर्वांचल श्रीराम सेना एवं शिवभक्त गण समूह द्वारा शिवबारात धूमधाम से निकाली गयी। मुर्द्धवा से निकली बारात मुख्य बाजार होते हुए पिपरी तक गयी। बारात में शामिल लोग बैंड बाजे और डीजे की धुन पर नाचते और झूमते रहे।

खाड़पाथर स्थित शिव मंदिर से शुरू हुआ जुलूस मुर्धवा मोड़ पर पहुंचा जहां भगवान शिव की पूजा की गई। बारात में सबसे आगे आतिशबाजी करते हुए लोग चल रहे थे। इसके बाद सबसे आगे भगवान शंकर का रथ चल रहा था। उसके पीछे भगवान शिव की तीन मूर्तियों की झांकियां चल रही थी। बारात में एक खुले ट्रेलर पर तांडव करते हुए कलाकारों की लाइव झांकी भी रही। बारात में लोग भूत-प्रेत, पिशाच समेत तमाम अन्य रूप धारण कर नाचते गाते चल रहे थे। पूरे रास्ते अबीर और फूलों की बरसात भी जुलूस पर होती रही।

हर हर महादेव एवं जय श्रीराम के नारे से पूरा नगर गूंज उठा। तीन दिन पहले ही जहां नगर के घरों को 20 हजार भगवा रंग के झंडों से पाट दिया गया था, वहीं बारात में आतिशबाजी भी की गई।

जगह-जगह बारातियों को रोककर नाश्ता और जलपान कराया गया। मुख्य मार्ग के किनारे स्थित पटरियों पर व भवनों की छतों पर से हजारों लोगों ने जुलूस को देखा। जुलूस खाड़पाथर से निकल कर देर शाम पिपरी चौराहे पर पहुंचा। जहां पर शिव विवाह एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सुबह से ही प्रशासन ने रेलवे स्टेशन से लेकर खाड़पाथर मोड़ तक सड़क पर पानी का छिड़काव भी कराया। पिपरी थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी राजेश चौबे दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

## ऊर्जांचल में महादेव के दर्शन को उमड़ा सैलाब

**शक्तिनगर।** महाशिवरात्रि के महापर्व पर शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ी रही। एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आवासीय परिसर स्थित शशेश्वर शिव मंदिर का कपाट खुलते ही पहले से लाइन में लगे श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बेल पत्र, धतूर, फूल व जल भक्तों ने शिव लिंग पर अर्पित किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला, पुरुष की अलग-अलग लाइन लगाई गयी थी। स्थानीय पुलिस के आलावा वालेंटियर लगे हुए थे। दोपहर में भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें भगवान शिव व माता पार्वती के पात्र के साथ-साथ भूत प्रेत बने कलाकारों ने लोगों को आकर्षित किया। बारात का आवासीय परिसर के विभिन्न सेक्टरो से होते हुए मंदिर पर समापन किया गया। क्षेत्र के ज्वालामुखी मंदिर, अम्बेडकर नगर बस्ती, चिल्काडांड़ बस्ती, चिल्काटांड़ मार्केट, कोटा बस्ती, खड़िया बाजार के शिव मंदिरों पर भीड़ रही।



## 7.62 ग्राम हेरोइन बरामद, एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रइस आलम पुत्र बदरे आलम निवासी पूरब मोहाल, रॉबर्ट्सगंज के पास से 7.62 ग्राम हेरोइन, दो मोबाईल व एक बाइक बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया।

## खनिज लदा ट्रक पकड़ाया, एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने अवैध तरीके से खनन/परिवहन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन स्वामी, पासर व क्रेशर संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएचओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस व खनन विभाग की टीम ने खान निरीक्षक मनोज कुमार की तहरीर पर एक ट्रक पर लोड गिट्टी बरामद करते हुए साजन कुमार पुत्र लल्लू निवासी कोलान बस्ती, गुर्मा, चोपन को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा वाहन स्वामी राहुल कुमार पुत्र शम्भू केशरी निवासी नन्दना, रायपुर, पासर रोहित केशरी, क्रेशर कम्पनी के मालिक लक्ष्मीनारायण पुत्र शम्भूनाथ निवासी डाला बाजार, कोटा के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी। टीम में खान निरीक्षक मनोज कुमार, बृजेश दुबे आदि शामिल रहे।

# महाशिवरात्रि: भक्तों के जयकारे से गूंज उठे शिवालय

जनसंदेश न्यूज


महाशिवरात्रि पर जसुरी गांव में सजाया गया प्राचीन शिव मंदिर।

**चंदौली।** महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद में बुधवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान अल सुबह ही लोगों ने स्नान के बाद नए परिधान धारण कर मंदिरों में दर्शन-पूजन कर कतारबद्ध हो गए। शिव मंदिरों में घंट घड़ियाल की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठाया।

नगर के प्राचीन रामजानकी शिव मठ मंदिर, महावीर मंदिर, चंदौली कोट स्थित शिव मंदिर समेत तमाम मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। लोगों ने जलाभिषेक करके परिवार की सुख-समृद्धि के साथ ही देश की तरक्की के लिए कामना की। वहीं जसुरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर आजाद कांवरिया संघ की ओर से कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा का आयोजन किया गया, जिससे सुनने के लिए भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे। वहीं पूरे मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगे झालरों से सजाया गया था। इस अवसर पर मनोज तिवारी, अंकित तिवारी, गोल्डी राय, पिंटू सिंह, राकेश सिंह मौजूद रहे।

## सर्वेश्वरी समूह ने धूमधाम के साथ मनाया स्थापना दिवस



**चंदौली।** सदर विकाश खंड के धरौली राजाबाजार में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सर्वेश्वरी समूह द्वारा पूज्यपाद अघोरेश्वर भगवान राम महा विभूति स्थल का 29 वां स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा प्रसाद का वितरण किया गया सर्वप्रथम सुबह 4 बजे से ही प्रभात फेरी डीजे के साथ सैकड़ों लोग प्रभात फेरी में सम्मिलित हुए। इस दौरान सूर्यनाथ सिंह मुन्ना सिंह बबलू सिंह उपस्थित रहे।

## जलाभिषेक के लिए जा रहे शिवसैनिकों को पुलिस ने रोका


शिवसैनिकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले जाती पुलिस।

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को वाराणसी जलाभिषेक करने जा रहे शिव सैनिकों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद में पुलिस ने सभी को कानून व्यवस्था का पालन करने की हिदायत देते हुए एक घंटे बाद निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महा शिवरात्रि के पर्व पर शिव सैनिकों का जत्था वाराणसी में जलाभिषेक करने की तैयारी में जुटा था। लोग अभी वाराणसी के की ओर कूच करने की वाले थे कि सदर कोतवाली पुलिस गंगा रोड के पास मौके पर पहुंच गई।
पुलिस ने लोगों को कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए वाराणसी जाने से रोक दिया, लेकिन शिव सैनिक वाराणसी जाने पर अड़े रहे। ऐसे में पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। इस दौरान शिव सैनिकों और पुलिस कर्मियों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। सभी को सदर कोतवाली ले आई और एक घंटे के बाद नीजि मुचलके पर उन्हें छोड़ दिया गया। शिव सैनिकों ने कहा कि वह महा शिवरात्रि के अवसर पर वाराणसी में जलाभिषेक करने के लिए अपने कार्यकताओं के साथ जा रहे थे,लेकिन पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया।
इस दौरान श्वेता सिंह, अजय पासवान, चंद्र मोहन सिंह, विनोद सिंह, संजय कनौजिया, सूरज यादव, कतवारू गोंड, सदीप जायसवाल उपस्थित रहे।

## देवाधिदेव महादेव व मां पार्वती के मिलन का पर्व महाशिवरात्रि

**डीडीयू नगर।** देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती के मिलन का पर्व महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को धूम धाम से मनाया गया। शिवालयों के आस पास धतूरा, मदार की माला, बेलपत्र की खूब मांग रही। डिमांड को देखते हुए धतूरा दस रुपये तो मदार की माला बीस रुपये प्रति पीस बिकी। नगर क्षेत्र के आरपीएफ कॉलोनी स्थित दीनदयालेश्वर महादेव मंदिर पर दस हजार से अधिक भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

राम जानकी शिव मंदिर पर तीन दिवसीय मेले की शुरूआत हुई। शिवालयों से भव्य शिव बरात निकाली गई और रात में यहां भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ। नगर के आरपीएफ कॉलोनी स्थित दीनदयालेश्वर महादेव मंदिर व लोको शिव मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। यहां चल रहे अखंड हरिकीर्तन के बाद भव्य शिव बरात निकाली गई।

हाथी, घोड़ा, ऊंट, बैंडबाजा के साथ देवी देवताओं, भूत पिशाच के साथ बरात शास्त्री कॉलोनी, इंस्टीट्यूट कॉलोनी होते हुए जीटी रोड पर स्थित मां काली मंदिर होते हुए वापस मंदिर पर पहुंच कर समाप्त हुआ। यहां रात में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ।

इसी तरह मानसनगर, डीजल कॉलोनी के साथ शाहकुटी, काली महाल, चतुर्भुजपुर, कैलाशपुरी, गल्ला मंडी, एलबीएस कटरा, अलीनगर सहित पूरे नगर में महाशिवरात्रि पर शिव बरात की धूम रही। शाहकुटी हनुमानपुर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर पर रूद्राभिषेक व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।


शिवरात्रि पर डीडीयू नगर में शिव बारात में शामिल लोग।

## सांसद डॉ. विनोद बिन्द ने शिव मंदिर में जाकर टेका माथा

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय तहसील स्थित राम जानकी शिव मंदिर पर दो दिवसीय देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती के मिलन का पर्व महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। मेले में जगह जगह चाट-पकौड़े की दुकानें सजी रही। महिलाएं पुरुष बच्चों ने चाट पकौड़ी व झूलों का आनंद उठाया।

महिलाएं मेले में से श्रृंगार व घरेलू सामानों को खरीदने में मशगूल रही। शिव भक्तों ने शिवालय में जाकर धतूरा, मदार की माला, बेलपत्र को चढ़ा कर पूजन अर्चन किया। अविवाहित लड़कियां भी भगवान शिव शंकर वह माता पार्वती की पूजन अर्चन कर अपने लिए वर की कामना किया। मेले में कहीं पर रखने की जगह नहीं रही। इस मौके पर भदोही के सांसद डॉक्टर विनोद बिन्द ने राम जानकी शिव मंदिर में जाकर माथा टेका। इस दौरान देश की खुशहाली अमन चौन के लिए भगवान से प्रार्थना किया।

सांसद डा. विनोद बिन्द का मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष बृजेश विन्द अंग वस्त्र वह माला पहनकर गगन भी दिनारों के साथ स्वागत किया। इस दौरान चहुंओर हर हर महादेव की गूंज से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे इस दौरान एसडीम आलोक कुमार सीओ आशुतोष, अलीनगर थाना प्रभारी मेले में बराबर कष्ट करते रहे।


दर्शन पूजन करने के बाद लोगों से मुलाकात करते सांसद विनोद बिंद।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब


महाशिवरात्रि पर मंदिरों पर मुस्तैद एसडीएम व सीओ।

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** महाशिवरात्रि के पर्व पर विकासखंड क्षेत्र के शिवालयों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। वही मेले में खिलौने, झूले और गुड़हिया जलेबी की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही।

बिलारीडीह स्थित श्रीराम जानकी शिव मंदिर परिसर में सुबह छह बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। जलाभिषेक के लिए महिलाओं व पुरुषों की लंबी कतारें लगी थी। हालांकि सुचारू रूप से व्यवस्था चलाने के लिए एसडीएम आलोक कुमार, सीओ आशुतोष, पुलिस और मंदिर प्रबंधन के स्वयंसेवक दिन भर लगे रहे। इसके अलावा क्षेत्र के नियामताबाद, बरहुली, कठौड़ी, बुधवार, सरने, हिन्दवारी, भरछा, गगेहरा, चन्दरखा, महेवा, एकौनी, औद्योगिक नगर, चंदाईत आदि जगहों पर स्थित शिव मंदिरों में भी काफी भीड़ रही। जबकि मेले में लोग खरीदारी करते रहे।

सुरक्षा के दृष्टि से अलीनगर पुलिस प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर रमेश यादव के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में चक्रमण करती रही। इस मौके पर राजेंद्र बिंद, बुद्धिराम बिंद, बृजेश बिंद, तिलकधारी बिन्द, राजू बिन्द, बसन्त बिन्द, बिनोद बिन्द, रामअशीष बिंद आदि मौजूद रहे।

## किनेश्वर महादेव मंदिर से निकली शिव बारात



**चहनियां।** क्षेत्र के रामगढ़ में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बाबा कीनाराम मठ स्थित किनेश्वर महादेव मंदिर से ग्राम वासियों द्वारा भगवान शिव की भव्य बारात की झांकी पुरे गांव में हर्षोल्लास पूर्वक निकली गयी इस दौरान गांव में जगह जगह ग्राम वासियों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना तथा बरातियों का स्वागत किया। बाबा कीनाराम मठ में बाबा कीनाराम जी द्वारा किनेश्वर महादेव की स्थापना हुई हैं। इस प्राचीन मंदिर प्रांगण प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन व रामचरित मानस पाठ तथा श्रद्धांलुओं द्वारा पुरे गांव में भव्य बारात निकली गयी। शिव बारात में मुख्य रूप से प्रभुनारायण सिंह, धनंजय सिंह, त्रिभुवन सिंह, श्याम सदन गोंड, प्रभुनाथ पाण्डेय, ऋषिकेश यादव, अरविंद कुमार सिंह, राजेश सिंह, रफीक, अमृत प्रकाश सिंह, रमेश सिंह, अकारम अली, मुलायम यादव, रामकृपाल सिंह, किशन चौरसिया आदि लोग शामिल रहे।

## विधि-विधान से किया गया रुद्राभिषेक


शिवरात्रि पर डीडीयू स्टेशन पर रुद्राभिषेक करते लोग।

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर स्थित क्रू सेल में बुधवार को हर-हर महादेव की जयकार हुई।

यहां ट्रेन मैनेजरों ने महाशिवरात्रि के मौके पर विधि-विधान से रूद्राभिषेक किया। पूजा अर्चना के बाद भगवान शिव और माता पार्वती की आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक एसके सिंह, मुख्य यार्ड मास्टर जीपी सिंह, ट्रेन मैनेजर जेके सिंह, रमेश सिंह, एएनएस यादव, डीके राय, सुशील कुमार सिंह, रोशन कुमार सिंह, पासवान, आरके चौबे, एसके पांडेय, उपेंद्र पाठक, आरडीएस यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर स्वंयभू कालेश्वरनाथ मंदिर पर उमड़ा जनसैलाब





**सकलडीहा।** कस्बा के महेश्वर मंदिर और चतुर्भुजपुर स्थित स्वंयभू बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर पर बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया।

सुबह 3 बजे भोर से भक्तों की लम्बी लाइन लगी हुई थी। इस मौके पर काफी संख्या में शिवभक्त और महिलाओं ने विधि विधान से दर्शन पूजन किया। सुरक्षा को लेकर एसडीएम अनुपम मिश्रा और सीओ रघुराज पुलिस और पीएससी फोर्स के साथ तैनात रहे। चतुर्भुजपुर स्थित कालेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र का प्राचीन मंदिर है। यही कारण है कि जनपद सहित आसपास के जिले और बिहार प्रान्त से बड़ी संख्या में लोग यहा ट्रेन और निजी वाहन से जलाभिषेक के लिए पहुचते है। सुबह से ही महिला-पुरुषों की लंबी लाइन लगी थी।भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने के लिए लोग कतार में खड़े थे। सुरक्षा के मद्देनजर एसडीएम अनुपम मिश्रा तहसीलदार अजीत कुमार सिंह, सीओ रघुराज के नेतृत्व में कोतवाल हरिनारायण पटेल पुलिस कर्मियों के साथ मुस्तैद रहे। मंदिर के पुजारी राजेश पांडेय के अनुसार करीब पच्चास हजार से अधिक लोगों ने मंदिर में दर्शन पूजन किया। दोपहर बाद शिव बारात की भव्य झांकी निकाली जाएगी। विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने भगवान शंकर को माला पहनाकर शिवबारात निकलवाया। वही समाजसेवी रतेन्द्र राजभर, मुराहु विश्वकर्मा, मोनू चौधरी, टुनटुन, सुरेन्द्र प्रधान, राकेश मोदनवाल, केके सोनी, दिलीप गुप्ता, मनीष मोदनवाल की ओर से शिवबारातियों का स्वागत किया गया।

## शिवभक्तों की भीड़ से गुलजार रहा शिव मंदिर



**पड़ाव।** महाशिवरात्रि पर शिव भक्तो द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांव जलीलपुर मढ़िया, बहादुरपुर, रतनपुर, भोजपुर, सेमरा, कटेसर, व्यासपुर, साहूपुरी, बखरा, चांदीतारा, नींबूपुर, डुमरी आदि सहित दर्जनों गांव में शिवालयों पर दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिव भक्तों द्वारा जल चढ़ाकर अपने व अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान पूरा प्रांगण हर हर महादेव बम बम भोले के उद्घोष से गूंजता रहा। वहीं कथा अनुसार हर वर्ष एक तिल के बराबर बढ़ाने वाला शिवलिंग और अपने आप में एक इतिहास समेटे हुए क्षेत्र के साहू पुरी स्थित महर्षि वेदों व्यास की तपो भूमि पर शिव मंदिर मे दर्जनों गांव के भक्तों ने लाइन लगाकर सुबह से ही जल चढ़ाने का क्रम शुरू किया जो देर शाम तक चलता रहा वहीं लोगों ने अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की जबकि इस दौरान शिव बारात भी कई गांव के लोगों ने निकाला।



## नुक्कड़ नाटक के जरिए नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक


धानापुर में नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करते छात्र-छात्राएं।

जनसंदेश न्यूज

**धानापुर।** कस्बा स्थित शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत रैली के साथ साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों से नशा मुक्त होने की अपील की। स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय से लेकर धानापुर थाना चौराहा तक रैली निकाली।

थाना चौराहा पर पहुंच कर स्वयंसेवकों ने नाटक का मंचन किया और नशा मुक्ति का अलख जगाया। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है।

स्वयंसेवकों ने आमजन को सभी प्रकार के नशीले पदार्थों जैसे गुटखा, तंबाखू, खैनी, पान मशाल, शराब, बीड़ी-सिगरेट कोकीन तथा अन्य नशीले ड्रग्स के सेवन न करने और हमेशा दूर रहने के लिए प्रेरित किया। संध्या, अंजनी और संजना पटेल ने नशा न करना, मान लो कहना, प्यारे भाई बहना गीत भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में युवा वर्ग में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को कम करने एवं नशे के कारण होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम व अभियान चलाकर लगातार आमजनों को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत आमजन को नशा मुक्ति के प्रति जागरुक करने के लिए स्वयंसेवकों द्वारा रैली तथा नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

नाटक में संध्या, नीतू, शिवशंकर, संजना, अंजनी, सुनीता, सपना, आंचल, कमलेश, आदि ने भूमिका निभाया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिनेश कुमार सहित समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर पलट प्रवाह का दिखाई दिया असर

**डीडीयू नगर।** महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर आखिरी अमृत स्नान के बाद बुधवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पलट प्रवाह का असर दिखा। प्रयागराज से स्नान कर लौटने वालों से स्टेशन पटा रहा। इसके पूर्व मंगलवार की रात प्रयागराज जाने वालों की भीड़ रही। मंगलवार की शाम से बुधवार की दोपहर बाद तक रेलवे प्रशासन के सूत्रों के अनुसार अप और डाउन दिशा में 56 स्पेशल ट्रेंनें चलाई गई। इसके पूर्व मंगलवार की पूरी रात और बुधवार की सुबह तक प्रयागराज जाने वालों का रेला स्टेशन पर उमड़ा रहा। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से नियमित ट्रेनों के साथ ही 29 स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज भेजी गई। इसमें पटना और गया से चली स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। वहीं बुधवार को 12 बजे के बाद प्रयागराज से आने वाली ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ रही। प्रयागराज से दोपहर तीन बजे तक कुल 23 स्पेशल ट्रेंनें आई। वहीं बनारस की तरफ से चार ट्रेंनें पीडीडीयू जंक्शन पहुंची। दिन में पीडीडीयू जंक्शन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर एक लाख से अधिक स्नानार्थियों की भीड़ रही। बुधवार को प्लेटफार्म के बाहर भीड़ रही। हालांकि प्लेटफार्म पर पैर रखने की जगह नहीं रही। जैसे जैसे शाम होती जाती प्लेटफार्म पर स्नानार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही थी। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को संभालने के लिए स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, सीएसजी एनके मिश्र, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अक्षय कुमार, अभिषेक यादव के साथ कोरस कमांडो, जीआरपी, विभिन्न थानों की पुलिस के साथ स्काउट गाइड लगी रही। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज के साथ डीआरएम राजेश गुप्ता भी अपने कार्यालय से मंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ भीड़ की स्थिति की निगरानी करते रहे।

## लापता बालक का कुंए में मिला शव

**इलिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेन के शिवपुर गांव निवासी आरुष 6 वर्ष का शव बुधवार की सुबह 9 बजे गांव के कुएं से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है।

बताते हैं कि मजदूर सरोज कुमार का पुत्र आरुष मंगलवार की शाम 5 बजे ही से घर लापता था। पुत्र के गायब होने के बाद मां संजू देवी तथा गांव के लोगों ने मंगलवार की देर शाम तक काफी खोजबीन की, मगर उसका कहीं पता न चलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया।

मौके पर पहुंची थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह लापता बालक की खोजबीन में काफी प्रयास किया। यहां तक की पूरे गांव की घर-घर की तलाशी ली गई। शक के आधार पर गांव के कुएं में कटिया डालकर खोजने का प्रयास किया गया तो कटिया के सहारे बालक का शव बरामद हुआ। इकलौते पुत्र का शव मिलने के बाद मां संजू देवी रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी। वही मुंबई के एक फैक्ट्री में मजदूरी करने गए पिता सरोज कुमार को पुत्र के मौत की खबर मिलते ही वह वहां से ट्रेन द्वारा रवाना हो गए हैं।

सरोज कुमार को एक 8 वर्षीय पुत्री तथा एकलौता पुत्र आरुष था। जिसकी मौत के बाद मां संजू देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं हर किसी के आंखों में आंसू भरे हुए थे।

घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि बालक की मौत के मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया गया है।


थाना इलिया में पुलिस व मृत बालक के परिजन।


मृत बालक की फाइल फोटो।

## टाटा मैजिक पर लदे एक गोवंश संग दो अभियुक्त गिरफ्तार

**इलिया।** थाना क्षेत्र के इसरगोढवा काली मंदिर के पास से पुलिस ने वध के लिए टाटा मैजिक से बिहार में प्रवेश दिलाने ले जा रहे एक गोवंश को बुधवार को बरामद करने के साथ ही टाटा मैजिक समेत दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गश्त कर रही थी तभी इसरगोढवा गांव के समीप एक टाटा मैजिक बिहार की तरफ जा रही थी, तभी पुलिस की निगाह टाटा मैजिक पर पड़ी उसे रोकने का इशारा किया तो भागने लगा पुलिस कर्मियों ने पीछा कर वाहन को रोक लिया स थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर वाहन स्वामी राजेश पांडेय व चालक उमेश पासवान चकिया थाना क्षेत्र के बनरसियां गांव के निवासी है। जिसे गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्पोर्ट्स



जर्मनी में महिला नेशंस लीग फुटबॉल के लीग ए मुकाबले में खेलती हुई जर्मनी और अस्ट्रिया की टीमें ।

# कोहली आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में 5वें नंबर पर पहुंचे

## शुभमन गिल पहले, रोहित शर्मा तीसरे पर कायम, कुलदीप गेंदबाजी में नंबर-3 पर पहुंचे



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी की बुधवार को जारी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में स्पिनर कुलदीप यादव तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। विराट को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में लगाये शतक का लाभ मिला है जिससे वह एक स्थान ऊपर आकर 743 अंकों के साथ ही पांचवें स्थान पर पहुंच गया हैं ।

शीर्ष दस बल्लेबाजों में भारत के शुभमन गिल सहित चार खिलाड़ी हैं। शुभमन 817 अंक लेकर नंबर एक पर हैं । वहीं कप्तान रोहित शर्मा 757 के साथ ही तीसरे और श्रेयस अय्यर 679 अंकों के साथ ही नौवें नंबर पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम 770 अंक के साथ ही दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 26 गेंदों में 23 रन बनाए थे। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल दो पायदान ऊपर 15वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो भारत के ही तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर कुलदीप यादव भी एक-एक स्थान का लाभ हुआ है। शमी 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 599 अंक हैं। शमी ने बांग्लादेश के खिलाफ 53 रन देकर 5 विकेट लिए थे जिसका लाभ उन्हें मिला है जबकि कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ 40 रन देकर तीन विकेट लिए। वह अब 656 अंकों के साथ ही तीसरे पायदान पर हैं। शीर्ष-10 गेंदबाजों में कुलदीप यादव एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

# जादरान के शतक से अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को दिया 326 रनों का लक्ष्य



**लाहौर।** इब्राहिम जादरान के शानदार शतक से अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में जीत के लिए 326 रनों का कठिन लक्ष्य दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 325 रन बनाये।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। एक समय 37 रन पर 3 विकेट गिर चुके थे। तभी इब्राहिम जादरान ने कप्तान शाहिदी, उमरजई और मोहम्मद नबी के साथ साझेदारी से उसने 325 तक बनाये। जादरान ने 146 गेंदों पर 177 रन अफगानिस्तान का पहला विकेट 5वें ओवर में गुरबाज का विकेट गिरा। वह 6 रन बनाकर आऊट हो गए। उन्होंने इसी ओवर में अटल को भी 4 रन पर आउट कर दिया। 9वें ओवर में रहमत शाह 4 रन पर पेवेलियन लौट गये। शाहिदी ने 40 रन बनाए। जादरान एक छोर से रन बनाते रहे। उमरजजई 41 रन बनाकर जेमी ओवरटन की गेंद पर आउट हुए। मोहम्मद नबी ने तेजी से बल्लेबाजी कर 24 गेंदों पर 40 रन बनाकर स्कोर 300 से ऊपर पहुंचा दिया। जादरान ने 146 गेंदों पर 12 चौके और 6 छक्कों की सहायता से 177 रन बनाए।

# आईसीसी चैम्पिंयस ट्रॉफी के ग्रुप बी में शीर्ष पर है दक्षिण अफ्रीका




**लाहौर।** बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफ क्रिकेट टूनार्मेंट का मुकाबला नहीं होने से दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिला है। इस तरह दोनों टीमों के बराबर 3-3 अंक हो गए हैं। बेहतर नेट रनरेट 2.140 के साथ अफ्रीकी टीम अपने ग्रुप-बी में शीर्ष पर है जबकि दूसरे नंबर पर बनी हुई ऑस्ट्रेलिया का रनरेट 0.475 है। वहीं इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमों ने अब तक 1-1 मैच खेला और दोनों में उन्हें हार मिली है। दक्षिण अफ्रीका से मैच के रद्द होने से ऑस्ट्रेलिया टीम को लाभ हुआ है जबकि इंग्लैंड और अफ्रीका के लिए को नुकसान हुआ है। अब इन दोनो को अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। अगर यह मुकाबला अफगानिस्तान जीत लेती है तो ऑस्ट्रेलिया तीन अंक पर रह जाएगी हालांकि लेकिन अगर ऑस्ट्रेलिया जीत जाती है तो अफगानिस्तान टूनार्मेंट से बाहर हो जाएगा और ऑस्ट्रेलिया 5 अंक के साथ सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका को भी अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए यह मैच जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच नहीं होने से दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिला है। अफागनिस्तान को सेमीफाइनल में जगह बनाने अब अपना एक मुकाबला जीतना होगा।

# शमी की जगह शामिल किये जा सकते हैं अर्शदीप सहित तीन खिलाड़ी



**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी है हालांकि उसे अभी 2 मार्च को एक लीग मैच न्यूजीलैंड से खेलना है। इस मैच में तेज गेदबाज मोहम्मद शमी का खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में वह असहज नजर आये थे और तीन ओवर के बाद ही मैदान से बाहर चले गये थे। शमी को एंकल में चोट लगी है और इससे उबर पाना इतनी जल्दी संभव नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि अर्शदीप सिंह , वाशिंगटपन सुंदर या वरुण चक्रवर्ती को इस मैच में शमी की जगह पर शामिल किया जा सकता है।

**अर्शदीप :** शमी की जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप एक अच्छे विकल्प हो सकते हैं। अर्शदीप के पास गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने की कला है। उन्होंने 9 एकदिवसीय मैच टीम इंडिया के लिए खेले हैं और इस दौरान 14 विकेट उनके नाम है। तेज गेंदबाज होने के कारण उन्हें शामिल किये जाने की सभी संभावनएं हैं क्योंकि भारतीय टीम के पास अभी दो ही तेज गेंदबाज हैं।

**वॉशिंगटन सुंदर :** टीम में वॉशिंगटन सुंदर जैसा एक स्पिन ऑलराउंडर है। सुंदर स्पिन गेंदबाज होने के साथ-साथ एक शानदार बल्लेबाज भी हैं। टीम इंडिया के लिए 23 एकदिवसीय मैच में सुंदर खेल चुके हैं। उन्हें हर एक प्रारुप में काफी अनुभव है। प्रबंधन उन्हें भी टीम में शामिल कर सकती है पर ऐसे में एक बाधा ये है कि तब टीम में केवल दो ही तेज गेंदबाज हर्षित राणा और हार्दिक पंड्या ही बचेंगे।

**वरुण चक्रवर्ती:** वरुण चक्रवर्ती भी शमी की जगह अंतिम 11 में ले सकते हैं हालांकि वरुण चक्रवर्ती एक स्पिन गेंदबाज हैं पर वो दुबई की धीमी पिच पर बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं। हाल ही में चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में अपना डेब्यू किया था। उन्हें टी20 फॉर्मेट में तगड़ा प्रदर्शन करने के बाद अचानक चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में शामिल किया गया था।

# दिल्ली कैपिटल्स ने गुजराज जायंट्स को हराया

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स महिला ने यहां खेले गये महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के एक अहम मुकाबले में गुजरात जायंट्स महिला को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने टॉस जीतकर गुजरात जायंट्स को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। गुजरात ने डॉटिन के 26 रन और भारती फूलमालीके 40 रनों की सहायता से 20 ओवरों मे 127 तक बनाये। इस प्रकार दिल्ली को जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने आसानी से हासिल कर लिया। दिल्ली की ओर से शैफाली वर्मा ने 44 जबकि जोनासन ने 61 रन बनाये। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान गुजरात की शुरूआत अच्छी नहीं रही।। हरलीन दियोल केवल 5 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद लीचफील्ड भी असफल रही। बेथ मूनी भी 11 गेंदों पर 10 रन बनाकर पेवेलियन लौट गयीं। कप्तान एशले गार्डनर ने 3 रन बनाए जबकि काशवी गौतम खाता भी नहीं खोल पायीं। इसके बाद डॉटिन ने पारी संभालने का प्रयास किया पर वह भी 26 रन ही बना पायीं। अंत में भारती ने 40 रन बनाकर पारी को 127 रनों तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरूआत भी उम्मीद के अनुसार नहीं थी। कप्तान मेग लेनिंग 3 ही रन बना पाई। इसके बाद शैफाली वर्मा और जेस जोनासेन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शैफाली ने इस दौरान जमकर चौके छक्के लगाये। शैफाली ने 27 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। इसके अलाव जोनासेन ने अर्धशतक लगाया।

# नई स्कोरिंग प्रणाली शुरू करेगा बीडब्ल्यूएफ



**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अब इसी साल अप्रैल से कुछ प्रतियोगिताओं में परीक्षण के लिए नई स्कोरिंग प्रणाली शुरू कर सकता है। बीडब्ल्यूएफ परिषद ने इससे पहले नवंबर में कुआलालंपुर में अपनी बैठक के दौरान वर्तमान स्कोरिंग प्रणाली को बदलने के लिए 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली शुरू करने को कहा था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ह्यह्यबीडब्ल्यूएफ परिषद ने अप्रैल से सितंबर-अक्टूबर 2025 तक कुछ महाद्वीपीय चैंपियनशिप, ग्रेड 3 टूनार्मेंट, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लीग और राष्ट्रीय टूनार्मेंट में 15 अंक के तीन गेम प्रणाली का व्यावहारिक परीक्षण करने की योजना बनायी हैइसका लक्ष्य खेल के प्रति नए दर्शकों को आकर्षित करने के साथ ही मैचों को कम समय का करना है। बीडब्ल्यूएफ अप्रैल से कम से कम छह महीनों के लिए कुछ प्रतियोगिताओं में 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली शुरू करेगा। अभी वर्तमान में 21 अंक के ह्यबेस्ट ऑफ थ्री गेमह्व की प्रणाली है। इसमें दो गेम जीतने वाला विजेता होता है।

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय चैलेंज, अंतरराष्ट्रीय सीरीज और फ्यूचर सीरीज प्रतियोगिता ग्रेड 3 टूनार्मेंट के अंतर्गत आती हैं। नई स्कोरिंग प्रणाली के चुनाव के पीछे के कारणों को समझाते हुए बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ह्यह्यमौजूदा प्रणाली की तुलना में 15 अंक के तीन गेम में कम अंक होते हैं जिससे यह संभावना बढ़ जाती है कि प्रत्येक अंक अधिक रोमांचक होगा। मौजूदा प्रणाली की तुलना में 15 अंक के तीन गेम में परिणाम तेजी से निकलता है और प्रत्येक गेम और कुल गेम की संख्या दोनों में उत्साह का अच्छा संतुलन बनाता है।

## मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी इंडिया-ए टीम

**बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा टेस्ट सीरीज के लिए अवसर**

**मुम्बई।** इंडिया-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। इंडिया ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फाइनल मुकाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी। भारतीय बल्लेबाज टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाज जिस प्रकार से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के अलावा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विफल रहे हैं। ऐसे में हो सकता है कि कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जाएं। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफी मुकाबला है, जहां ये बल्लेबाज लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाजों को संदेश दिया है कि वह इस सीरीज को चयन का एक पैमाना मानें। पिछले साल जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत आई थी तो सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियो ने इंडिया ए की ओर से खेला था। वहीं इसके बाद इन्हें राष्ट्रीय टीम से खेलने का अवसर मिला है।

# सचिन और गुरकीरत की शानदार बल्लेबाजी से इंडिया मास्टर्स जीती




**मुम्बई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आजकल इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 टूनार्मेंट खेल रहे हैं। इसमें इंग्लैंड मास्टर्स से मिले 133 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सचिन ने आक्रामक बल्लेबाजी कर 34 रन बनाकर अपनी टीम को 9 विकेट से जीत दिला दी। सचिन ने क्रिस टेम्लेट और टिम ब्रेसनेन की गेंदों पर एक से बड़कर एक शॉट लगाये और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान ब्रेसनेन की गेंद पर खेला उनका सुपला शॉट देखकर दर्शक पुरानी यादों में खो गये। वहीं गुरकीरत सिंह मान ने भी अर्धशतक लगाया। इंडिया मास्टर्स ने 133 रन के लक्ष्य को 11.4 ओवर में हासिल कर लिया।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड मास्टर्स की ओर से इयोन मोर्गन ने 14 और फिल मस्टर्ड ने 8 रन बनाकर पारी शुरू की। इसके बाद आए एंब्रेस ने 23 रन बनाकर पारी संभालने का प्रयास किया। मेडी ने 25 रन बनाकर उनका साथ दिया। वहीं ब्रेसनेन ने 16 रन बनाये। स्कोफील्ड ने 18 जबकि क्रिस ट्रेमलेट ने 16 रन बनाकर स्कोर 132 रनों तक पहुंचाया। इंडिया मास्टर्स की ओर से धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि मिथुन और पवन नेगी ने दो-दो विकट लिए।

# ऋषभ को चैम्पियंस ट्रॉफी के बचे हुए मैचों में भी जगह मिलने की संभावना नहीं

## राहुल का ही विकेटकीपर रहना तय



**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अभी तक हुए दोनो मैचों में जगह नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें शायद ही आने वाले मैचों में भी अंतिम ग्यारह में जगह मिले। इसका कारण है कि इस टूनार्मेंट में विकेटकीपर बल्लेबाज की जिम्मेदारी निभा रहे केएल राहुल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में 47 गेंद खेलकर 41 रन की पारी खेली थी। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें बल्लेबाजी का अवसर नहीं मिला। भारतीय टीम पहले दोनो मैच में जीत के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। ऐसे में अब टीम प्रबंधन टीम में शायद ही बदलाव करेगा।ऐसे में आने वाले कुछ मैचों में भी अंतिम ग्याहर में बदलाव की संभावना नहीं है। ऐसे में अगले मैच में भी राहुल का खेलना ही तय है। ऋषभ पिछले कई मैचों से एकदिवसीय टीम में शामिलल रहे हैं पर उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है और केएल राहुल ही टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेलते हैं। कोच गौतम गंभीर ने ट्रॉफी से पहले ही साफ कर दिया था कि टीम में राहुल का खेलना ही तय है।

गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कहा था, राहुल अभी हमारा नंबर एक विकेटकीपर है और अभी मैं इतना ही कह सकता हूं। ऋषभ को मौका मिलेगा लेकिन अभी राहुल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और हम दो विकेटकीपर बल्लेबाज के साथ नहीं खेल सकते। ऐसे में उनकी चैंपियंस ट्रॉफी में बेंच पर ही कट सकती है। ऋषभ आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पंत को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। इससे पहले पंत दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा थे।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में ड्यूटी से इंकार करने वाले 100 पुलिसकर्मी बर्खास्त, सुरक्षा पर उठे थे सवाल

**करांची।** पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की सुरक्षा पर जहां सवाल उठ रहे हैं। वहीं अब करीब 100 पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा की जिम्मेदारी निशाने से इंकार कर दिया जिसके बाद इन्हें बर्खास्त कर दिया गया। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कई मौकों पर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इसलिए हटाया गया है क्योंकि इनमें से कई ने ये जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया था। इस अधिकारी ने कहा, पुलिस अधिकारियों को लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम से टीम होटलों के बीच यात्रा करने वाली टीमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया था पर वे या तो अनुपस्थित रहे या उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को लेने से साफ इनकार कर दिया। अधिकारी ने बताया कि आईजीपी पंजाब ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। इसके बाद ही इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा, जब अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट की सुरक्षा की बात आती है तो लापरवाही सहन नहीं की जा सकती। अभी तक ये पता नहीं चला है कि बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने आंखिर क्यों सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने से इंकार किया है। वहीं ये कहा जा रहा है कि लंबे समय से तैनानी के कारण ये पुलिसकर्मी थके हुए थे। चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी हमले की आशंका के देखते हुए इस प्रकार से पुलिसकर्मियों का सुरक्षा में लगे होने से इंकार करना दिखाता है कि पाक में किया प्रकार के हालात हैं।

# बॉलीवुड न्यूज

## उत्तर भारत में 28 फरवरी से हॉरर थ्रिलर 'सबधाम'




**मुंबई ।** जी स्टूडियोज इस शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025 को उत्तर भारत में बहुप्रतीक्षित हॉरर थ्रिलर 'सबधाम' रिलीज करने के लिए तैयार है। यह फिल्म हिंदी (डब्ड) और तमिल (मूल) दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। मशहूर निर्देशक अरिवझगन वेंकटचलम, जो पंथ हिट ईराम के लिए जाने जाते हैं, इस बार एक अनूठे सिनेमाई अनुभव के साथ दर्शकों को डराने आ रहे हैं। 'सबधाम' ध्वनि की भयावह शक्ति के इर्द-गिर्द बुनी गई एक रोमांचक कहानी है, जो सस्पेंस और डर का नया स्तर पेश करेगी। फिल्म में आधी पिनिसेट्टी, लक्ष्मी मेनन, सिमरन, लैला, रेडिन किंग्सले और एम. एस. भास्कर जैसे दमदार कलाकार नजर आएँगे। रहस्यमयी ध्वनियों और सन्नाटे के बीच बुनी गई यह कहानी दर्शकों को रोमांच और भय से भर देगी। 'सबधाम' के साथ एक ऐसा अनुभव महसूस करने के लिए तैयार हो जाइए, जहाँ हर आवाज के पीछे एक रहस्य छिपा है, और मौन ही असली डर की शुरुआत है।

## काजल त्रिपाठी और खुशी कक्कड़ का होली गीत रिलीज




**मुंबई।** बसंती मौसम और फागुन का मन भावन महीना लोगों में एक अलग ही उन्माद भर देता है, तो वहीं फगुआ की खुमार से लोग बाग का मिजाज मदमस्त हो जाता है। ऐसे मौसम में होली से पहले ही होली का गाना 'टीसता फगुनवा' लेकर आई हैं भोजपुरिया अदाकारा काजल त्रिपाठी। उनका साथ दिया है जन जन में लोकप्रिय सिंगर खुशी कक्कड़ ने। उनकी शानदार जोड़ी में आया यह होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। जिसे देखकर रंगों से सराबोर फगुआ का एहसास दिल दिमाग में छा रहा है। इस गाने के वीडियो में एक्ट्रेस काजल त्रिपाठी ने अपनी मोहक अदा से सबका दिल धड़का रही है। इस गाने को लेकर एक्ट्रेस काजल त्रिपाठी ने कहा कि 'फागुन के महीना में गुलाबी ठंडी और बसंत ऋतु के एहसास तन मन को भाव विभोर कर देता है। ऐसे में वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी से आया मेरा होली सांग 'टीसता फगुनवा' फगुआ के माहौल में चार चाँद लगा दिया है। होली से पहले ही शूटिंग के सेट पर हमने जीभर के होली का हुड़दंग मचाया था, इसीलिए इस गाने में भरपूर मस्ती दिख रही है। इतना बढ़िया होली का निर्माण करने के लिए रत्नाकर कुमार सर को दिल से धन्यवाद दूं। सिंगर खुशी कक्कड़ ने कहा कि 'मेरी आवाज में वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी से रिलीज हुआ यह होली गीत बहुत ही मजेदार है। आप सभी श्रोताओं को यह सांग पसंद करने के लिए दिल से धन्यवाद देती हूं। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत होली गीत 'टीसता फगुनवा' के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर खुशी कक्कड़ ने गाया है। इस गाने में अदाकारा काजल त्रिपाठी ने अट्रैक्टिव लुक में अदायगी करके हुड़दंग मचा रही हैं। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकास यादव ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, डीओपी गौरव राय एंड रंजन, कोरियोग्राफर रौनक शाह, एडीटर आलोक गुप्ता है। डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## हैरी ब्रूक को शुभमन और यशस्वी से बेहतर मानते हैं कार्तिक

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे दिनेश कार्तिक ने कहा है कि विश्व क्रिकेट के अगले सितारे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल नहीं बल्कि इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक होंगे। हैरी ने पदार्पण के बाद से ही कई अच्छी पारियां खेली हैं। कार्तिक के अनुसार जिस तरह से हैरी खेल रहे हैं उसे देखकर लगता है कि वो विश्व क्रिकेट में काफी आगे जा सकते हैं। इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा , मेरे लिए, ब्रूक युवा पीढ़ी के सबसे खास खिलाड़ियों में से एक हैं, और निश्चित रूप से, जब वह अपना टेस्ट करियर खत्म करेंगे, तो उसे ऐसे खिलाड़ी के रूप में जाना जाएगा जिसने शानदार प्रदर्शन किया है और उन खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की श्रेणी में आते हैं. उसके पास एक बेहतरीन फ्री-फ्लोइंग बल्लेबाजी तकनीक है। कार्तिक ने साथ ही कहा, सबसे अहम बात, उसके पास एक ऐसा दिमाग है जो उसे बहुत सरल बनाये रखता है। इसलिए, वह बिना किसी संदेह के शीर्ष स्तर पर जा सकते हैं।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल : लंच तक विदर्भ 81 रन पर 3 विकेट गिरे

## दानिश मालेवार-करुण नायर नाबाद, केरल के लिए निधिश ने 2 विकेट लिए

**नागपुर।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 का फाइनल मैच विदर्भ और केरल के बीच नागपुर में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन लंच तक विदर्भ ने 3 विकेट के नुकसान पर 81 रन बना लिए हैं। दानिश मालेवार (38) और करुण नायर (28) नाबाद लौटे। केरल के लिए मट्टाकंदथिल दिनेसन निधिश ने दो और ईडन एप्पल टॉम ने एक विकेट लिया। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में केरल ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। उसका यह फैसला लंच तक तो सही साबित होता दिख रहा है। विदर्भ के लिए ध्रुव शोरे 16 और दर्शन नालकांडे 1 रन बनाए। वहीं, पार्थ रेखाडे खाता भी नहीं खेल सके। नागपुर के वीसीए स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई को 80 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाया था। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ केरल पहली पारी में 2 रन की बढ़त लेने के कारण फाइनल में पहुंचा था।



ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई वोवरहैम्पटन और फुलहम की टीमें ।



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को दर्शन पूजन के लिए शाहीपुल स्थित बाबा गोमतेश्वर नाथ मंदिर में लगी भक्तों की कतार।

# जौनपुर



# बेटियों के शिक्षित होने पर ही समाज की उन्नति:बाबू सिंह कुशवाहा

**आयोजन**

### एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन समाज सेवा और शिक्षा पर जोर

**जनसंदेश टाइम्स**



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन बुधवार को डॉ. अबू मोहम्मद आईटीआई परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपी सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बाबू सिंह कुशवाहा और विशिष्ट अतिथि प्रो. हरिओम त्रिपाठी (विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र टीडी कॉलेज) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर आरपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा की भावना को सशक्त करने का माध्यम है। यदि बेटियां शिक्षित होंगी, तो पूरा परिवार शिक्षित होगा और समाज प्रगति करेगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. हरिओम त्रिपाठी ने युवाओं को समाज का भविष्य बताते हुए कहा कि उन्हें सामाजिक निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि एनएसएस सदैव असहाय, गरीबों और वंचितों की सहायता के लिए तत्पर रहता है। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया जिससे कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

सभी अतिथियों का स्वागत बुके, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया।

इस दौरान मनोज मौर्य, डीएलएड प्रभारी आरपी सिंह, डॉ. ममता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. प्रेमलता गिरी, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, प्रवीण यादव, सुमित, हर्ष, आंचल, खुशी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने युवाओं से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## योग ही बनाता है शरीर को निरोगी : डॉ. विनय त्रिपाठी

**सुजानगंज।** रघुवीर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन शिविर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को योग प्रशिक्षक हीरालाल शुक्ल द्वारा स्वयंसेवकों को प्राणायाम, आसन एवं ध्यान के माध्यम से जागरूक किया गया। शिविर के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं समाज विषय पर परिचर्चा का कार्यक्रम रखा गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में श्री गौरी शंकर संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह राष्ट्रीय सेवा योजना समाज में स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मतदाता जागरूकता आदि विषयों के लिए जागरूक करता है। स्वयंसेवक का तात्पर्य है कि हम स्वयं अपने कार्य को करने के प्रति जागरूक रहे। डॉ. त्रिपाठी ने योग पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहाकि यदि हम प्रतिदिन योग करते हैं तो हमारा शरीर स्वस्थ ही नहीं निरोगी भी बनेगा। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका कविता सिंह एवं प्रतिभा मोदनवाल ने किया।

## संक्षेप

### हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा श्री गौरीशंकर धाम



**सुजानगंज।** महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के सभी शिव मंदिरो में शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। ऐतिहासिक श्री गौरीशंकर मंदिर में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा पहुंच कर पंक्ति में खड़े होकर अपनी बारी का इन्तजार करते हुए बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया व दर्शन पूजन में माला फूल बेर, धतूर, जौ, धूप, बाबा भोलेनाथ को अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा, थानाध्यक्ष राजीव मल्ल ने मेले का चक्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते रहे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में कई थानों की फोर्स चप्पे चप्पे पर तैनात रही। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के चार पहिया, दो पहिया वाहनों को पार्किंग में ही लगाया जा रहा था। बदलापुर चौराहा, मछलीशहर बराई तिराहा पर बैरिकेटिंग करके भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा था। मंदिर परिसर की साफ सफाई का कार्य ब्लाक कर्मचारियों की देखरेख में कराया जा रहा था। मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन कराने में सहयोग किया जा रहा था। श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही देर रात तक दर्शन पूजन करती रही, वहीं शिव भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक भी कराया गया।

### प्रेमी की निकलने वाली थी बारात, आ धमकी प्रेमिका

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात उस समय जमकर लोगों को हंगामा देखने को मिला जब प्रेमी अपनी बारात निकालने की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान उसकी प्रेमिका वहां आ धमकी और बारात निकालने से रोक दिया। इस घटना से प्रेमी के परिजनों के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने किसी तरह से मामले को समझा बुझा कर शांत कराया। मंगलवार की शाम एक युवक के परिजन बारात ले जाने की तैयारी कर रहे थे। बारात गांव के आस पास ही जानी थी। घर में हंसी खुशी का माहौल था। दूल्हा भी तैयारियों में जुटा हुआ था बाराती भी सज-धज कर दरवाजे पर आ चुके थे। बाहर दूल्हे का सज-धज कर वाहन भी खड़ा हो गया था। इसी बीच जानकारी पाकर दूल्हे की प्रेमिका भी आ धमकी और हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामा देख परिजन सकते में आ गए। दूल्हे की तो मानो पैरों तलें जमीन खिसक गई और धीरे धीरे कर बाराती भी खिसकने लगे। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सतहरिया चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्रा दूल्हे और उसकी प्रेमिका को पुलिस चौकी ले आए। कुछ देर बाद ही प्रेमिका के घर वाले भी आ गए और हंगामा करने लगे। पुलिस और क्षेत्र के कुछ संभ्रांत लोगों ने बीच बचाव किया और प्रेमिका ने सारी बातें पुलिस को बताई। कई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस मामले को हल करने में कामयाब हो सकी। रात को प्रेमिका अपने परिजनों के साथ घर चली गई। फिर कुछ बारातियों को लेकर दूल्हा अपनी बारात लेकर रात में गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि संभ्रांत नागरिकों के समझाने बुझाने के बाद प्रेमिका अपने घर जाने को तैयार हुई और अभी तक दूल्हे के खिलाफ किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है।

### सेमरी गांव में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा

**जंघई।** सेमरी गांव मे ग्राम सभा की जमीन पर कालेज द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाकर भारतीय किसान यूनियन और ग्रामीणों ने मैरिज हाल के सामने धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक मुंगराबादशाहपुर तहसील मछलीशहर के ग्राम सभा जंघई सेमरी में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। आरोप है कि नागरिक इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज जंघई के प्रबंधक द्वारा सेमरी जंघई के ग्राम सभा जमीन पर अवैध रूप से मैरिज हॉल और गेस्ट हाउस बनवा लिया है। भारतीय किसान यूनियन व ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन सार्वजनिक उपयोग के लिए थी, लेकिन इसे निजी व्यवसाय में बदल दिया गया है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मैरिज हाल के सामने धरना प्रदर्शन किया। उपजिलाधिकारी मछलीशहर के नाम से शिकायत पत्र लिखा गया जिसमें आरोप लगाया गया है कि नागरिक इंटर कालेज व महाविद्यालय द्वारा जंघई सेमरी गांव की जमीन पर कब्जा करके भवन निर्माण करा लिया गया है। यदि 8 मार्च तक उपजिलाधिकारी इस मामले में कार्यवाही नहीं करते तो भारतीय किसान यूनियन व ग्रामीण 9 मार्च को महाआन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे। विरोध करने वालों में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव, संजय कुमार शुक्ला, रोहित ब्राह्मण, राजेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, आशीष कुमार शुक्ला, शिव शंकर पाठक, ओम प्रकाश, गंगा प्रसाद यादव, मोहम्मद शफीक, नागेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मांगी मन्नतें

**मुंगराबादशाहपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों ने सुबह से ही शिवालयों में जाकर जलाभिषेक करने के साथ ही बेल पत्र आदि श्रद्धापूर्वक चढ़ाकर मन्नते मांगी। इसी कड़ी में क्षेत्र के दौलतिया मंदिर पर सुबह से शाम तक भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक कर दर्शन पूजन अर्चन कर मन्नते मांगी। इसी क्रम में श्री गिरि शिवालय रामनगर में शिव मंदिर पर बृहद मेले का आयोजन किया गया। यह भगवान शिव का अति प्राचीन मंदिर है, साथ में उत्तरामुखी हनुमान जी, शनिदेव, दुर्गा माता का दिव्य मन्दिर भी है। आज के दिन यहां सैकड़ों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते है। भगवान शिव उन भक्तो की मन्नत भी पूरी करते है। इसी क्रम में नगर में स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर पर भी आज सुबह से ही भक्तो का दर्शन पूजन अर्चन शुरू हो गया। सुबह से ही इस शिवालय पर जलाभिषेक के साथ ही भक्त पूजन अर्चन करते हुए मन्नते मांगी। इसी प्रकार क्षेत्र के प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित हनुमंत धाम में भी आज सुबह से ही बने शिवलिंग पर लोगों ने जलाभिषेक के साथ ही बेल पत्र आदि चढ़ाकर भक्त अपनी मनौतियां मांगी। इसी प्रकार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भक्त जन पहुंचकर अनेक शिवालयों में जलाभिषेक कर मनौतियां मांगी। क्षेत्र के बड़े शिव मंदिर परिसर में पुलिस भी मौजूद रही। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र भी दिन भर चक्रमण करते रहे।

# गाजे बाजे के साथ निकली भोलेनाथ की बारात

**महाशिवरात्रि**

### जनपद के शिवालयों और नदी के तटों पर आस्थावानों का लगा रहा जमावड़ा

### हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठी चारों दिशाएं श्रद्धालुओं ने लगाया बम बम भोले का नारा

**जनसंदेश न्यूज**



बाबा जागेश्वर नाथ मंदिर आलमगंज में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु



शाही पुल स्थित बाबा गोमतेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते भक्तगण

**जौनपुर।** बुधवार को सूर्योदय के साथ ही महाशिवरात्रि उत्साव को लेकर नगर के मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा रहा, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। जनपद के शिवालयों और नदी के तटों पर आस्थावानों का जमावड़ा हुआ तो हर हर महादेव के उद्घोष से चारों दिशाएं गूंज उठीं।

स्नान दान के साथ ही जगह-जगह लंगर भी चला। महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर बुधवार को देवाधिदेव भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। तड़के सुबह से ही श्रद्धालु बोल बम का नारा लगाते हुए शिवालयों की ओर कूच कर गये। इस दौरान शिव बारात संग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। जिले भर के शिवालय हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। भोलेनाथ को जल चढ़ाने व पूजन-अर्चन करने के लिए सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं के आस्था का सैलाब उमड़ रहा। जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में आधी रात से ही भक्तों का रेला लगा रहा। रात भर मंदिरों में भजन-कीर्तन व पूजा-अर्चना होती रही। मंदिर के बाहर कतारबद्ध खड़े होकर शिवभक्त हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारे लगाते रहे। मंदिरों पर पुलिस की भारी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। इसी क्रम में धर्मापुर के ऐतिहासिक शिव मंदिर, सिकरारा के शक्तेश्वर नाथ महादेव, अजोशी धाम में स्थित रावणेश्वर धाम, करसूलनाथ धाम में शिव भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ पड़ी थी। भारी संख्या मे शिव भक्तों का नगर के बारीनाथ मठ, जागेश्वरनाथ मंदिर आलमगंज, ओमेशोनाथ मंदिर रासमण्डल, शाहीपुल स्थित गोमतेश्वर नाथ मंदिर, गोपी घाट, मैहर देवी सहित आदि शिवालयों पर सुबह से ही जलाभिषेक करने हेतु तांता लगा रहा। भक्तों ने दूध, लावा, बेलपत्र, धतूर, ईख, भांग, माला-फूल आदि से जलाभिषेक किया।

शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रसाद व ठण्डई का वितरण किया गया। इसी क्रम में चहारसू चौराहा पर बोल बम कांवरिया संघ द्वारा बाबा भेलेनाथ का भव्य ऋृंगार कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को संकीर्तन मण्डल द्वारा भगवान भोलेनाथ की शिवबारात गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल पहुंचकर समाप्त हो गयी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। पीएसी और महिला कांस्टेबल सहित विभिन्न थानों की पुलिस तैनात की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। सुबह से ही लोग लाइन में लगकर भगवान का दर्शन और पूजन किया।

# लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जनसंदेश टाइम्स**



**नौपेड़वां।** जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के उतरेजपुर शम्भूगंज में स्थित शक्तिपीठ ऐतिहासिक सारनाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किया। जलाभिषेक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्तगण हाथ में दूध बेलपत्र धतूरा लेकर पहुंचे।

मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम दिखा। मुख्य द्वार से एक किलोमीटर दूर लम्बी लाइन के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालु सीसीटीवी कैमरे के नजर में रहे। मंदिर पुजारिन संरक्षिका माला शुक्ला ने बताया की महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष बक्शा प्रदीप कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते रहे। मेले का जायजा लेने सदर एसडीएम पवन कुमार सिंह मंदिर पहुंच दर्शन पूजन किए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वहीं दूसरी तरफ सदर सीओ देवेश सिंह, सदर तहसीलदार सौरभ कुमार, नायब चकबंदी विभाग नरेंद्र सिंह के साथ मंदिर पहुंच कर जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था में सीआरपी जवान सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें सिकरारा अधिक्षक डा. एसके पटेल, डा. प्रमोद कुमार, डा. के-के गुप्ता, बक्शा के डा. जनार्दन यादव, डा. जितेन्द्र यादव, डा. सतीश सिंह अपनी पूरी टीम के साथ स्वस्थ्य सेवा प्रदान कर रहे थे जिसमें कानूनगो अशोक द्विवेदी, हल्का लेखपाल जयप्रकाश यादव, अखिलानंद शर्मा, आशुतोष उपाध्याय, निलेश पांडेय प्रधान पुत्र बृजेश यादव सहित भारी संख्या में सहयोगी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर स्वयंसेवकों ने किया घोष वादन व पथ संचलन



**शाहगंज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अखिल भारतीय घोष दिवस पर स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने घोष का वादन किया तथा नगर में पथ संचलन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता जौनपुर विभाग के कार्यवाह डॉ. नितेश ने कहा कि भारतवर्ष में प्राचीन काल से घोष वादन की परंपरा रही है। युद्ध के प्रारंभ व संचालन में घोष से रणभेरी होती थी। संघ ने अपने स्वयंसेवकों को प्रेरित करने के लिए तथा अपने शारीरिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता के लिए घोष को अपने कार्यक्रम में सम्मिलित किया। भगवान शंकर ने अपने डमरू को चौदह बार बजाया तो उससे जो सूत्र व स्वर निकले, उससे व्याकरण और संगीत के स्वर विकसित हुए। इसी भावना से प्रेरित होकर महाशिवरात्रि को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाता है। घोष संघ की शारीरिक रचना का अभिन्न अंग है। वर्तमान में लगभग पूरे भारत वर्ष में 70000 से अधिक स्वयंसेवक में घोष का वादन करते हैं। 1982 में आयोजित एशियाड खेलों में संघ के द्वारा विकसित शिवराज रचना का नौसेना के द्वारा वादन किया गया। संघ केवल व्यक्तियों का समूह ही नहीं है बल्कि ऐसे के व्यक्तियों का संगठन है जो कदम से कदम और स्वर से स्वर मिलाकर चलता है। इस अवसर पर नगर संघचालक दिलीप, नगर सहसंघ चालक श्रीराम, विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख वीरेंद्र, जिला प्रचारक रजत, जिला सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख मुकेश, नगर कार्यवाह हनुमान, विनय, रूपेश व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# गौरा मेहंदी लगाओ हाथ में भोले लेके आएंगे बारात...



**मुंगराबादशाहपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अंजही मोहल्ले में स्थित प्राचीन शिव बाबा मनोकामेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती को महिलाओं ने मेहंदी, तेल लगाने की रस्म निभायी। रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न हुआ।

महिलाओं में सीता देवी, पूजा ऊमरवैश्य, मंजू देवी, अदिति गुप्ता, सन्नो देवी, वंदना गुप्ता व स्मृति ने एक-दूसरे के गाल पर हल्दी लगा कर खुशी का इजहार किया। ढोल-नगाड़े बजाकर बधाई गीत गाए गए। भोलेनाथ के विवाह पर चल रहे दो दिवसीय रस्म के दौरान मंदिर के आसपास का पूरा इलाका भक्तिभाव में भरा नजर आया। महिलाओं द्वारा गौरव मेहंदी लगाओ हाथों में, भोले लेकर आएंगे बारात...., शिव शंकर को जिसने पूजा उसका बेड़ा पार हुआ आदि गीतों से मंदिर परिसर गुंजमान हो उठा। महिलाओं को मां पार्वती को चढ़ाई गई हल्दी, मेहंदी व श्रृंगार का सामान प्रसाद के रूप में वितरित कर दिया। क्षेत्र के विद्वान पंडित अभिषेक महाराज ने कहा कि जिस घर में किसी के विवाह में अड़चन है तो उसे प्रसाद रूपी हल्दी, मेहंदी लगाने से जल्द उसकी शादी हो जाती है। महिलाओं ने माता पार्वती और शिव जी के लग्न मुहूर्त रीति-रिवाज के साथ माता पार्वती व भगवान भोलेनाथ की विवाह संपन्न कराया। विवाह के बाद उनकी विदाई की गई। इस अवसर पर आलोक कुमार गुप्ता पिंटू, आशीष ऊमरवैश्य, रानू, बजरंगी, दीपक, निर्मला देवी, वंदना गुप्ता, सपना, माधुरी, चंदा देवी, गोदावरी देवी, नव्या व श्रेया गुप्ता आदि लोग मौजूद रह।

### दुग्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**चंदवक।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव में गोमती नदी के किनारे स्थित बराह धाम परिसर में स्थित दुग्धेश्वर महादेव मंदिर में भारी तादात में श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति मेला भी लगा जिसमें लोगों ने अपनी जरूरत के सामने खरीदे। अल सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया था। गोमती नदी में स्नान कर लोग दुग्धेश्वर महादेव की पूजा अर्चना आरंभ कर दी। जैसे जैसे समय बीतता गया श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। पौराणिक मान्यताओं के कारण दुकानें भी लगी थी। श्रद्धालुओं की काफी भीड़ के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत नायब तहसीलदार हुसैन अहमद, कानून गो अजीत पांडेय, थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता मय फोर्स डटे रहे। वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेमोहन सिंह पदाधिकारियों के साथ व्यवस्था संभालने में जुटे थे। शाम को गोमती की आरती भी हुई। इसके अलावा चंदवक स्थित चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर, हरिहरपुर स्थित बाबा बेलनाथ मंदिर, मोढ़ेला स्थित शिव मंदिर, मढ़ी स्थित महादेव मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कपड़े की दुकान में लगी आग से नकदी समेत छह लाख के कपड़े जलकर खाक

**अगलगी**

### बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जताई जा रही आशंका

### फायर बिग्रेड के दो घंटे की कड़ी मशक्कत से पाया जा सका आग पर काबू

**जनसंदेश न्यूज**



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कबीरपुर चौराहे पर बीती रात करीब 11 बजे कपड़े की दुकान में लगी आग से नकदी समेत करीब 6 लाख रुपए के बेशकीमती कपड़े जलकर खाक हो गए। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम के दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी अशोक कुमार यादव की कबीरपुर चौराहे पर एक कपड़े की दुकान है। बीती देर शाम करीब 9 बजे दुकान मालिक दुकान बंद कर घर चला गया। बीती रात करीब 11 बजे उनके मोबाइल पर पड़ोसियों का फोन आया कि आपके दुकान से तेज धुआं निकल रहा है। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक अशोक कुमार यादव ने स्थानीय पुलिस के साथ ही फायर बिग्रेड को भी फोन से सूचना दी। जब तक फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच कर आग को बुझाना शुरू किया तब तक अधिकांश बेशकीमती कपड़े जलकर राख हो गए।

इस संबंध में दुकान मालिक अशोक कुमार यादव ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखे 25 हजार रुपए नकद समेत करीब 6 लाख रुपए के बेशकीमती कपड़े जलकर राख हो गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने की संभावना बिजली की शार्ट सर्किट लग रही है। लगी आग से नकदी समेत भारी मात्रा में कपड़े जलकर राख हो गए हैं। आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा तो जांच के पश्चात ही हो सकेगा।

# महापर्व पर हर हर बम बम से गूंजे शिवालय, दर्शन पूजन को लगी कतारें



**गोपीगंज।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा विश्वास और भक्ति भावना के साथ हर्षोल्लास पूर्वक परम्परा गत ढंग से मनाया गया। स्नान ध्यान के साथ शुरू हुआ दर्शन पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर जहां देवाधिदेव महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया, वहीं मंदिर और शिवालय को आकर्षक ढंग से सजावट की गई। देवाधिदेव महादेव के अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन कर निहाल हुए भक्तो के जयकारे से नगर और गांव गूंजायमान रहा।

महापर्व पर नगर स्थित एतिहासिक व प्राचीन मंदिर बाबा बड़े शिव धाम, कबूतर नाथ, गोपेश्वर महादेव, सिद्धेश्वर महादेव, मनकामेश्वर महादेव, जोगीबीर, जागेश्वर महादेव के साथ ग्रामीण क्षेत्र के बाबा तिलेश्वरनाथ, पांडवानाथ, स्वामी बड़ा देव महादेव मंदिर, धनेश्वर महादेव, कमलेश्वर नाथ समेत अन्य मंदिरो पर प्रातः काल से ही कतार लग गई थी।मंदिर पहुचने वाले श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए कतार बद्ध होते गए और कतार समय के साथ लम्बी होती चली गई। दर्शन पूजन के साथ प्रमुख मंदिर और शिवालय मे धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन कीर्तन का क्रम चलता रहा। पांडव कालीन मंदिर बाबा तिलेश्वर नाथ श्रृंगार समिति द्वारा बाबा तिलेश्वर नाथ का भव्य श्रृंगार किया गया था।

## महा शिवरात्रि पर गंगा घाट पर जुटी आस्था की भीड़, लगाई पुण्य की डुबकी

**गोपीगंज।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्नान, दान और ध्यान का पर्व महा शिवरात्रि हर्षोल्लास पूर्वक परम्परा गत ढंग से मनाया गया। रामपुर गंगा घाट सहित अन्य प्रमुख घाटो पर बड़ी संख्या में लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई। शाही स्नान पर शुभ मुहूर्त में गंगा मे डुबकी लगाने के लिए अधिकांशतः लोग प्रयाग राज पहुच कर संगम मे स्नान पुण्य अर्जित किया वही जनपद, नगर व आसपास गांव के लोगों ने रामपुर, गुलौरी, चतुमुखीं, बिरोजपुर, बेरासपुर, जहागीर बाद, भवानी पुर, बरजी, डेरवा आदि प्रमुख घाटो पर स्नान ध्यान व दान देकर पुण्य अर्जित किया। स्नान के लिए प्रातः काल से ही लोग गंगा घाट पहुचने लगे थे समय के साथ घाटो पर भीड़ बढ़ती गई। गंगा घाट पर रहे लोगो ने पुण्य की डुबकी लगाकर शिवालयों में पूजन करते हुए देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक किया। सुरक्षा के मद्दे नजर महिला कांस्टेबल के साथ बड़ी संख्या में पुलिस के जवान ड्यूटी पर लगाए गए थे।

# बर्फ से निर्मित शिवलिंग से द्वादश ज्योतिर्लिंग की सजाई झांकी





ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति भवन में झंडा फहराकर और गुब्बारा उड़ा कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम

आस्था

### ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति भवन में डीएम ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**भदोही।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति भवन भदोही के परिसर में द्वादश ज्योतिर्लिंग की झाँकी सजाई गई और बर्फ से शिवलिंग बनाया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने शिवध्वजारोहण किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिलाधिकारी ने कहा कि आज अध्यात्म समय की जरूरत है, वो स्वयं भी ज्ञान मुरली के क्लास का मनन चिंतन करते है। आध्यात्म जीवन में रम जाने से व ईश्वर में विश्वास रखने पर मन विचलित नही होता। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ पहुँची उनकी धर्मपत्नी दिव्या सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज में आना उन्हें मायका जैसा लगता है।

यहाँ की सफाई सात्विकता उन्हें आकर्षित करती है। दीदी बी के विजयलक्ष्मी ने सभी को शिव जयंती के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और शिवरात्रि का अर्थ समझाया। बी के ब्रजेश भाई ने सभी को ब्रह्माकुमारीज की सेवाओ की जानकारी दी और आत्मा को शक्ति संपन्न बनाने की विधि बताई। इस मौके पर भारी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहें।

## संक्षेप

### प्रमुख समाजसेवी चुन्नू सिंह बघेल का निधन

**गोपीगंज।** विकास खंड औराई के डेरवा बघेल परिवार के प्रमुख समाजसेवी बागेश्वर प्रसाद (चुन्नू सिंह बघेल) नही रहे। 70 वर्ष की आयु मे बुधवार को उनका निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी पर नगर व गांव मे शोक व्याप्त हो गया। डेरवा स्थित आवास पर बड़ी संख्या में पहुचे लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की जानकारी पर सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक व धार्मिक संगठनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनो को सहन शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की है।

### अनियंत्रित अपाचे सवार ने मारी जोरदार टक्कर, वृद्ध की मौत

**गोपीगंज।** मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के जंगीगंज चौकी अंतर्गत जंगीगंज बाजार के पुलिस चौकी के पास अज्ञात अनियंत्रित अपाचे बाईक की चपेट में आ जाने से याकूब अली 65 पुत्र स्वर्गीय मुनौवर अली ग्राम कलनुआ चौकी जंगीगंज थाना गोपीगंज की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कलनुआ जंगीगंज निवासी याकूब अली पुत्र स्वर्गीय मुनव्वर अली उम्र लगभग 65 वर्ष किसी कार्य हेतु जंगीगंज बाजार गए हुए थे, लौटते समय अज्ञात अनियंत्रित अपाचे चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल एम्बुलेंस से गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। जिनका रो रोकर बुरा हाल था। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

### भदोही स्टेडियम को आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने 8 विकेट से हराया

**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में अलबक्श के बहुमुखी खेल से (2 विकेट, 55 रन) आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने भदोही स्टेडियम को 8 विकेट से हरा दिया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने टांस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। भदोही स्टेडियम की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर के मैच में 7 विकेट खोकर 208 रन बनाये। जिसमें आर्यन ने 43 रन, सुनील ने 39 रनों की पारी खेली इसके अलावा अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में अलबक्श व आदित्य यादव ने 2-2 विकेट लिए तथा मोनू यादव, नेहा बिंद को एक एक सफलता मिली। जवाब में उतरी आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने 28.2 ओवर में 2 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें संदीप कुमार ने नाबाद 78 रनों की पार खेली इसके अलावा अलबक्श ने 55 रन, आयुष यादव नाबाद 40 रन व प्रियांशु बिंद ने 32 रनों की पारी खेली।

### नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** वादिनी मुकदमा द्वारा थाना चौरी पर सूचना दिया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 13 वर्ष के साथ आरोपी ने घर में घुसकर छेड़खानी किया तथा पुनः अपने भाई के साथ आकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गुप्ता दिया गया व मारपीट की गई व जान से मारने की धमकी दी गई।घटना के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में बुधवार को थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी करने, परिजन को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज देने, मारने-पीटने व धमकी देने के दोनों आरोपियों- शराफत अंसारी पुत्र रशीद अंसारी व सलामत पुत्र रशीद अंसारी निवासीगण ग्राम अर्जुनपुर गोहिलांव थाना चौरी जनपद भदोही को ममहर बाजार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### सीएमओ ने किया सीएससी का औचक निरीक्षण

**गोपीगंज।** सीएमओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएचओ समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पूजा यादव एवं सुरेखा राज का 07 दिवस का वेतन बाधित किया गया। उनके द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया। तदुपरांत महाकुंभ मेला में लगाई गई ड्यूटी को लेकर थाना औराई का निरीक्षण किया गया एवं टोल प्लाजा औराई का निरीक्षण किया गया। टोल प्लाजा के समीप सभी मेडिकल टीम मौजूद पाई गई।

## संक्षेप

### हवन पूजन कर नपं अध्यक्ष ने की सुख समृद्धि की कामना



**बदलापुर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर पंचायत के पीजी कॉलेज में पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती के 187वें ऋषि बोधोत्सव गुरुकुल स्थापना समिति के आचार्य अमित और सरला के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन करवाया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह पत्नी बबलू सिंह व प्रतिनिधि वैभव सिंह नगरवासियों के साथ आहुति डालकर सुख समृद्धि की कामना की।

### यूजीसी नेट परीक्षा में विभा मौर्या ने मारी बाजी



**सुइथाकला।** नेवादा गांव निवासी व पेशे से शिक्षक अशोक मौर्य की बेटी विभा मौर्या ने यूजीसी नेट परीक्षा में बाजी मारकर अन्य बेटियों के लिए अलग सन्देश दे दिया। इस सफलता से परिजनों समेत क्षेत्रीय लोगों में हर्ष का माहौल पाया गया। ग्रामीण परिवेश में रहकर माध्यमिक शिक्षा अर्जित करने वाली विभा उक्त परीक्षा में 92 परसेंटाइल के साथ सफलता अर्जित कर अन्य बेटियों के लिए मिशाल बन गई। सफलता का श्रेय उसने मुख्य रूप से माता कृष्णा देवी, पिता अशोक मौर्य व गुरूजनों को देते हुए लक्ष्य निर्धारण के अनुरूप कठिन परिश्रम और पूरी लगन से तैयारी को महत्वपूर्ण बताया। उसने युवाओं को यह संदेश दिया कि सोशल साइट्स से दूर रहकर प्रतिभागियों को मोबाइल को बतौर जानकारी के लिए ही प्रयोग करना चाहिए। इस उपलब्धि पर परिजन व रिश्तेदारों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### बाइक सवार भिड़े, दो घायल

**सुइथाकला।** क्षेत्र के समोधपुर में बुधवार शाम दो बाइकर्स आमने-सामने भिड़ गए, जिसमें दो लोगों के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। चिकित्सक ने स्थिति भांपते हुए बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम बूढ़ूपुर निवासी जितेन्द्र अपनी बाइक से सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के हरी गांव निवासी संबंधी मेशन व मनोज पुत्रगण साधू को बैठाकर जौनपुर जा रहा था। वह समोधपुर गांव से जैसे ही निकला कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक से आपस में भिड़ गए जिसमें मेशन व मनोज घायल हो उठे। उधर दूसरे बाइक सवार निकल लिए। फिलहाल सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा उन्हें स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कंचा खेलने में हुई मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया केस

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बैजापुर गांव में सोमवार शाम कंचा खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट के दौरान एक 9 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर विधिक कार्यवाई में जुट गई। बैजापुर गांव के निवासी लक्ष्मन बिंद ने तहरीर दी कि बीते सोमवार शाम को जब उसका 9 वर्षीय पुत्र विनोद कांचा खेल रहा था इसी दौरान गांव के कुछ बच्चों से उसका कांचा को लेकर विवाद हो गया विवाद बढ़ा तो दूसरे पक्ष ने उसके लड़के को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान उसके हाथ में गंभीर चोट आ गई जिसका इलाज सिद्दीकपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित के द्वारा तहरीर प्राप्त हुई थी केस दर्ज कर लिया गया है और विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### स्व. सुधाकर सिंह की मनी 15वीं पुण्यतिथि

**गौराबादशाहपुर।** क्षेत्र के पिलखिनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय में 26 फरवरी बुधवार को संस्थापक स्व. सुधाकर सिंह की 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि मेरे बड़े भाई स्व. सुधाकर सिंह हम लोगों के बीच नहीं हैं। लेकिन उनका आशीर्वाद और प्रेरणा परिवार को मिलता रहता है। संचालन संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक डा. अरविंद सिंह, प्राचार्या डा. रूबी राय, राहुल सिंह, अमन सिंह, कार्तिकेय सिंह, मयूरी सिंह, समर्थ सिंह, देव सिंह, अनीता त्रिपाठी, मनीष सिंह, सदानन्द सिंह, भानवीय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के लुरखुरी गांव में बुधवार को सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए, दोनों पक्षो में जमकर झड़प हो गई जिसमें सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। थाना क्षेत्र के लुरखुरी गांव के राम आसरे यादव और प्रकाश यादव में काफी दिनों से भूमि विवाद विवाद चल रहा है। इसी भूमि विवाद को लेकर बुधवार को सुबह 11:30 बजे दोनों पक्षों में जमकर झड़प हो गई, जब तक मारपीट की नौबत आती तब तक एक पक्ष ने थाने पर सूचना दे दिया, जिस पर थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय ने पुलिस टीम भेज दिया। पुलिस ने प्रकाश यादव एवं राम आसरे को हिरासत में ले लिया।

### भण्डारा में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद, देर रात तक चलता रहा भंडारा

**खेतासराय।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विभिन्न जगहों पर पंडाल लगाकर व अन्य तरीकों से विधि-विधान से शिवजी की पूजा अर्चना किया गया। इसके पश्चात भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जिसके क्रम में स्थानीय कस्बा के गोलाबाजार रामलीला मैदान में शिव मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जमकर प्रसाद छका। भण्डारा देर रात तक चलता रहा। जानकारी के अनुसार उक्त शिव मंदिर पर शिवरात्रि के दिन बाबा बर्फानी ग्रुप की तरफ से विशाल भण्डारा का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्षेत्र के आस-पास इलाकों के लोग प्रसाद ग्रहण करते है। युवा भाजपा मनीष धर्मरक्षक ने बताया कि यह भण्डारा शिव मन्दिर के निर्माण व मूर्ति स्थापित के उपलक्ष्य में नगरवासियों के सहयोग से किया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से संजय विश्वकर्मा, शांतिभूषण मिश्रा, महेश जायसवाल, गुडू प्रजापति, गोलू प्रजापति, संदीप साहू, सुनील साहू, राजेश साहू, मनोज गुप्ता, शनि गुप्ता, अनूप गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता व पप्पू पटवा समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

### 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी नारों से गूंजा त्रिलोचन महादेव

**जलालपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध त्रिलोचन महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। देवाधिदेव भगवान शंकर की नगरी में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। पूरा मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के गगनभेदी नारों से गूंजायमान हो उठा। भक्तों ने विधि-विधान के साथ धूप, बत्ती, बेलपत्र, गन्ना, अक्षत, रोली और दूध चढ़ाकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। मंदिर प्रशासन द्वारा भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग की गई थी, वहीं मेले की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पीएसी, कई थानों की पुलिस फोर्स, पुरुष एवं महिला कांस्टेबल तैनात किए गए थे। साथ ही, मंदिर परिसर स्थित तालाब में नौका विहार की भी व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा को लेकर क्षेत्राधिकारी केराकत अजीत कुमार रजक व थाना प्रभारी निरीक्षक धनानंद त्रिपाठी लगातार मेले का निरीक्षण करते रहे और अपने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक व एसपी सिटी ने भी मेले का जायजा लिया। मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाएं और पुरुष भक्त, पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए। पुलिस की कड़ी चौकसी के चलते कोई अप्रिय घटना नहीं घटी और मेला सकुशल संपन्न हुआ।

### महाशिव रात्रि पर भोलेनाथ की निकाली गई बारात

**गोपीगंज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर की निकाली गई अद्भूत बारात में शामिल रहे, अड़भंगी बाराती व श्रद्धालुओं के जयकारे से नगर का वातावरण देर रात तक गुंजायमान रहा। शिव बारात की शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मां सिंहवाहिनी श्रृंगार समिति शिवम क्लब के तत्वावधान में बुधवार की देर शाम बड़ेशिव मंदिर से शिव बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दर्जन भर डीजे व ढोल-तासा से निकल रहे धार्मिक गीत की धुन पर थिरकते अड़भंगी बारातियों का काफिला नगर की ओर चल पड़ा। फूलों से सुशोभित आकर्षक रथ पर सवार भोलेनाथ की झांकी के साथ अन्य देवी-देवताओं की झांकी नगर के कालीदेवी, खड़हट्टी, पश्चिम मोहाल, अंजही मोहाल, सदर मोहाल, जीटी रोड, ज्ञानपुररोड सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण किया। शोभायात्रा के दर्शन-पूजन के लिए देर रात तक लोग कतारबद्ध खड़े रहे। मकान की छतों से पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया गया। शिव बारात की शोभायात्रा में रामकृष्ण खड्ड, शंकराचारी दुबे, मोहित उमर, अश्वनी अग्रवाल, नितिन गुप्ता, रतन गुप्ता, सनी जायसवाल व अन्य लोग शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। गोपीगंज थानाध्यक्ष श्याम बिहारी दलबल के साथ पूरे शिव बारात के दौरान मुस्तैद रहे।

# वर्दी पहनकर घूम रही महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कार्रवाई

### फर्जी एसआई बनकर राहगीरों को कर रही थी परेशान



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को एक अभियुक्ता को उपनिरीक्षक की वर्दी पहनकर फर्जी उपनिरीक्षक बनकर घूमते हुए रामचौकी मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में महाशिवरात्रि त्योहार में शान्ति व्यवस्था ड्यूटी व यातायात ड्यूटी में मामूर थे कि मुखबीर ने सूचना दी कि एक महिला जो उ.प्र. पुलिस विभाग के उपनिरीक्षक की वर्दी पहनकर फर्जी पुलिस बनकर आने जाने वाले राहगीरो पर रोब दिखा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा रामचौकी गाँव जाने वाले रोड पर महिला को रोककर पहने हुए वर्दी व चाल ढाल से पुलिस न लगने पर पूछताछ किया गया तो उसने अपना नाम नूरजहां पुत्री अली शेर खाँ निवासी ग्राम जगदीशपुर, पो. कटरा गुलाब सिंह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ समेत उम्र करीब 50 वर्ष बतायी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा-205 बीएनएस थाना मुंगराबादशाहपुर में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस ने उसके पास से एक अदद उ.प्र. पुलिस का लेदर बेल्ट मय चपरास लगा हुआ, दोनों कंधा फ्लैप दो स्टार मय उ.प्र.पु. बैज लगा हुआ, एक अदद लाइनयार्ड मय सीटी, मोनोग्राम, पी.कैप गोल्डेन चिन्ह लगा हुआ, जूती ग्रे कलर की फूलहार (मोजा स्क्रीन कलर) रेक्सीन कपड़े, एक लाल रंग का पर्स जिसमें रु0 550 नकद बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार यादव, हे.का. रामचन्दर सिंह, म.का. विनीता शुक्ला शामिल रहीं।

### महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री पर की अभद्र टिप्पणी, सपा नेता पर मुकदमा दर्ज

**मड़ियाहूं।** समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख पर महाकुंभ को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। यह प्राथमिकी प्रधान संघ जौनपुर के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह छोटे ने दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पूर्व ब्लाक प्रमुख शुद्र लाल प्रताप यादव पुत्र रामसूरत यादव निवासी औरैला थाना मड़ियाहू द्वारा महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अभद्र टिप्पणी किया है जिसमें इसने लिखा है कि यह गिद्ध हजारों लाखों को खा गया। जिससे सनातन धर्म व हिंदू धर्म में आस्था रखते वाले लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। जिसको लेकर सनातन धर्मावलंबियों में आक्रोश है। पूर्व में भी उक्त सपा नेता पर हिंदू देवी देवताओं के चित्र जलाने व अभद्र टिप्पणी करने के आरोप है। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# महाशिवरात्रि के दिन पेड़ से बह रहा दूध जैसा पदार्थ

**300 साल पुराने पेड़ में शीतला माता के वास की है मान्यता**



**जौनपुर।** मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के बदौवां गांव में एक प्राचीन नीम का पेड़ आकर्षण का केंद्र बन गया है। महाशिवरात्रि के दिन इस पेड़ से दूध जैसा सफेद पदार्थ निकलने लगा जिसके बाद आस-पास के गांवों से श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना के लिए जुटने लगे। स्थानीय लोगों की माने तो इस वृक्ष में शीतला माता का वास माना जाता है। गांव की महिला श्रद्धालु वंदना मिश्रा बताती हैं कि इस नीम के पेड़ में पूरे क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था है। दूर-दूर से लोग यहां पूजा करने आते हैं। मान्यता है कि यह वृक्ष लगभग 300 साल पुराना है। उनके पूर्वजों ने भी इसे इसी रूप में देखा है। ग्रामीणों का मानना है कि यह पेड़ गांव का सबसे पुराना नीम का वृक्ष है। यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। महाशिवरात्रि के दिन पेड़ से निकले सफेद द्रव्य को लोग शीतला माता का प्रसाद मानकर अपने माथे पर लगा रहे हैं।

# वर्तमान युग, डिजिटल युग है: एनएन पाठक

**जौनपुर।** वर्तमान युग डिजिटल युग है, पहले लाइब्रेरी में किताबों को पढ़ने के लिये हम लोग जाते थे अब लाइब्रेरी इंटरनेट पर ही उपलब्ध है। ऐसे में साइबर इंस्टीच्यूट का नया स्वरूप डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में छात्रों को कैरियर बनाने में अत्यधिक सहायता करेगा। उक्त बातें रिटायर्ड जेलर नगेन्द्र नाथ पाठक ने बुधवार को नगर के मियांपुर स्थित साइबर इंस्टीच्यूट पर डिजिटल लाइब्रेरी के उदघाटन के अवसर पर उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि यही उम्र अपने भविष्य को सवांरने की है, तो इसमें पूरे मनोयोग से लग जाओ। संस्था के प्रबंधक राजीव पाठक ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिये माहौल सबसे जरूरी होता है, ऐसे में बच्चों को अपने पढ़ाई के लिये उचित वातावरण उपलब्ध कराने के लिये साइबर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर संस्था की सीएमडी विजय लक्ष्मी ने पूजन अर्चन करके कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम में रश्मि पाठक, मंगल चौहान, अनुज पटेल, अंजली यादव, शुभांशु, प्रियांशी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव के जयकारे से गूंजे घर और शिवालय




**सुइथाकला।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर बुधवार को सुबह की शुरूआत लोगों की हर हर महादेव के जयकारे से हुई। इस दौरान घरों समेत क्षेत्र के देवालय और शिवालयों में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

मंदिरों में जाकर लोग भांग, धतूरा, बेल पत्र, दूध और जल से अभिषेक कर महादेव का पूजन अर्चन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल पाया गया।बुधवार का दिन महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर क्षेत्रीय लोगों के लिए श्रद्धा और विश्वास का दिन रहा। सुबह उठते ही लोग स्नान आदि के बाद हर हर महादेव के जयकारे के साथ क्षेत्र के शिवालयों और देवालयों की तरफ भगवान महादेव की आराधना करने पहुंचे। क्षेत्र के भगासा (अहियाई), सारी जहांगीर पट्टी, भवानीपुर और बसौली धाम में महादेव के श्रद्धालुओं का तांता सा लग गया। लोगों ने भांग, धतूरा बेल पत्र दूध और जल से अभिषेक कर जहां भगवान महादेव का पूजन अर्चन किया वहीं भगासा अहियाई स्थित राधाकृष्ण मंदिर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश दुबे के नेतृत्व में ओम नमः शिवाय के जाप के साथ भगवान महादेव की आराधना करते हुए लोग पाए गए। श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या अधिक पाई गई। इस दौरान कहीं कहीं भण्डारे का भी आयोजन हुआ, लोगों ने छककर प्रसाद ग्रहण किया।

### नगर में गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी शिव बारात



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज रामलीला मैदान स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर में अल सुबह से श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं द्वारा रामेश्वर महादेव भोलेनाथ के दरबार से दोपहर 1.30 बजे के आसपास प्राचीन कांवरिया महा समिति द्वारा लाग डीजे हाथी घोड़ा खच्चर गाजे बाजे के साथ पूरे नगर का भ्रमण करते हुए सायं 6.30 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर गोला बाजार में पूजा अर्चना कर समाप्त किया। इस अवसर पर कांवरिया संघ अध्यक्ष विवेक कुमार निगम, सरदार कंवलजीत सिंह गब्बर, माता प्रसाद उर्फ मतई, विनोद कुमार निगम, मनोज चौरसिया, भाजपा विधानसभा अध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा नेता अखिल प्रताप सिंह, भाजपा नेता विनोद जायसवाल, विनोद कुमार साहू सहित सैकड़ों संभ्रांत नागरिकों ने भोलेनाथ की बारात में शिरकत की। इस बारात में रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ-साथ पुलिस के जवान भी काफी सक्रिय रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।



# भस्म व भभूति रमाये बाबा दरबार पहुंचे नागा साधु







**आस्था का सैलाब**

### साधुओं ने किया दर्शन-पूजन, गेट नं. 4 पर हुई पुष्पवर्षा

### हर-हर-महादेव का लगता रहा उद्घोष

### लोगों ने भव्य नजारे का किया दर्शन

### इस दौरान काशी में प्रयागराज महाकुंभ जैसा दिखा नजारा

### पांच अखाड़ों ने महाकुंभ की 'पूर्णाहुति' के लिए किया 'अभिषेक'

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर नागा साधुओं की पेशवाई निकाली। महाशिवरात्रि पर हनुमान घाट, दशाश्वमेध घाट और राजघाट से बुधवार को अखाड़ों की पेशवाई निकली। इस दौरान काशी में प्रयागराज महाकुंभ जैसा नजारा दिखा। गंगा घाटों से बाबा के धाम तक श्रद्धालुओं ने दिव्य और भव्य नजारे का दर्शन किया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम में अखाड़ों की पेशवाई के दौरान हर-हर महादेव का उद्घोष होता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दिव्य और भव्य नजारे का दर्शन किया। हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए नागा संन्यासियों की टोली विश्वनाथ धाम में पहुंची। बता दें कि इससे पहले नागा संन्यासियों को ढुंढिराज गणेश मार्ग से मंदिर परिसर में प्रवेश मिलता था। नागा संन्यासियों ने बाबा दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान महाकुंभ की पूणार्हुति की गई। काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी पांच अखाड़ों ने महादेव की पूजा-अर्चना की और महाकुंभ की 'पूणार्हुति' के लिए 'अभिषेक' किया।

**शंख, घंटा घड़ियाल से गूंज उठा अस्सी से दशाश्वमेध घाट**

महाशिवरात्रि पर अस्सी से दशाश्वमेध घाट तक हर ओर शंख, घंटा घड़ियाल और हर-हर महादेव की गूंज सुनाई देती रही। केदारेश्वर महादेव मंदिर में जाने वाली केदारघाट की सीढियां पूरी तरह से भर गईं।

# नागा साधुओं व शिव भक्तों पर हेलिकाप्टर से पुष्पवर्षा

**आस्था**

### श्रीकाशी विश्नाथ मंदिर परिक्षेत्र में देर रात से ही डटे रहे कमिश्नर व सीपी

### कतार में लगे श्रद्धालुओं से लगातार करते रहे व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर श्रीकाशी विश्वनाथ दरबार में नागा साधुओं के साथ ही लाखों की संख्या में काशी आए श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए थे। व्यवस्था की कमान स्वयं मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा व पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने संभाल रखी थी। अधिकारीद्वय देर रात से ही मंदिर परिक्षेत्र में डटे रहे।

बुधवार की भोर में 2.15 बजे मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए लगातार 46 घंटे से भी अधिक समय तक कपाट खोलने का फैसला किया गया है। शाही जुलूस के साथ श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे विभिन्न अखाड़ों के नागा साधुओं का स्वागत मंदिर प्रशासन तथा अधिकारियों द्वारा ढ़ोल-नगाड़े बजाकर व हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा किया गया। श्रद्धालुओं पर भी हेलिकाप्टर से लगातार पुष्प वर्षा होती रही।

इस दौरान मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा व पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने लाइन में लगे श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए सभी से व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग की अपील की गयी। श्रद्धालुओं ने व्यवस्था को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए हर हर महादेव का उद्घोष किया।

पूरा गोदौलिया क्षेत्र काफी संख्या में श्रद्धालुओं से भरा पड़ा रहा। अधिकारियों ने हर संभव प्रयास किया ताकि अधिक से अधिक भक्तों को बाबा का दर्शन सुविधाजनक तरीके से कराया जा सके। अधिकारियों द्वारा कंट्रोल रूम से भी सभी व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए लगातार नजर रखी जा रही थी। महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में स्नानार्थी भी गंगा घाटों पर स्नान करने पहुंचे तथा घाटों से लगायत मंदिर परिक्षेत्र तक श्रद्धालुओं की भारी संख्या उपस्थित है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा घाटों पर भी सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे।





# एक सप्ताह में फार्मर रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**

**पहल**

### एक लेखपाल को प्रतिदिन करना होगा 50 फार्मर रजिस्ट्रेशन : एसडीएम

**बैरिया।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फार्मर रजिस्ट्रेशन अधिकारियों के लाख प्रयास के बावजूद गति नहीं पकड़ पा रही है। अभी तक 47 हजार किसानों के सापेक्ष महज 15 हजार किसानों का ही फार्मर रजिस्ट्रेशन हो पाया है, जबकि मात्र एक महीना और अवधि बचा है फार्मर रजिस्ट्रेशन की।

विभिन्न तरह के सरकारी लाभ के लिए सरकार ने फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है, किंतु लेखपालों की उदासीनता, सर्वर में परेशानी एवं खसरा खतौनी में किसानों का नाम राजस्व कर्मियों द्वारा गलत दर्ज करने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि एक सप्ताह में फार्मर रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य शत-प्रतिशत मातहतों को पूरा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं स्वयं इस मामले में ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार कर रहा हूं। गांवों में जाकर किसानों से अपील कर रहा हूं कि हर हाल में आप फार्मर रजिस्ट्रेशन करा ले। एक लेखपाल को प्रतिदिन कम से कम 50 फार्मर रजिस्ट्रेशन करना है। उन्होंने जनसेवा केंद्रों के संचालकों से भी सहयोग का आग्रह किया है। साथ ही ब्लाक के कर्मियों, अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों से अपील किया है कि हर हाल में फार्मर रजिस्ट्रेशन करने में सहयोग करे।

# श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के साथ किया भ्रमण

**रेवती।** श्रीश्री 1008 श्री नागेश्वर नाथ शिव मंदिर पर चल रहे सात दिवसीय सर्व देवता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़े, डीजे आदि के साथ नगर भ्रमण किया गया।

यह यज्ञस्थल श्रीश्री 1008 श्री नागेश्वर शिव मंदिर से शुरू होकर बिचलागढ़ हनुमान मंदिर, पोस्ट आफिस, बुढ़वा शिव मंदिर, काली माता मंदिर, योगी बाबा स्थान, दुर्गा मंदिर, बीज गोदाम, चंद्रमौली महादेव बड़ी मठिया, मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर बस स्टैंड, महादेव स्थान, मौनी बाबा हनुमान मंदिर से पुनः वापस लौटा। यज्ञाधीश श्रीराम दास ने बताया कि नगर भ्रमण के पश्चात सभी मूर्तियों का अन्नाधिवास, जलाधिवास तथा रात्रि में सैयाधिवास होगा।

प्रातःकाल विद्वत विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजन आदि करके मूर्तियों का नवनिर्मित मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। उसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। नगर भ्रमण में हजारों श्रद्धालुओं के बीच मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

# केंद्रीय आयकर विभाग ने नहीं भेजी है कोई सूची

**दिक्कत**

### आयकरदाता बताकर कार्ड धारकों को किया जा रहा परेशान

**आजमगढ़।** कहते हैं की डबल इंजन सरकार में भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है लेकिन वहीं जनता में चर्चा है कि धन उगाही के लिए विभाग नए-नए फंडे अपना रहे हैं जिसका जीता-जागता प्रमाण जिला पूर्ति विभाग में देखा जा सकता है। पूर्ति विभाग द्वारा जिन राशन कार्ड धारकों को आयकर दाता बताया जा रहा है, उन लोगों को कोटेदार के बायोमेट्रिक मशीन में क्यों पूर्ति विभाग से संपर्क किए जाने का लिख कर आ रहा है, क्यों नहीं आजमगढ़ के आयकर विभाग से संपर्क करने का मैसेज आ रहा है।

दूसरा सवाल यह उठता है कि क्या सरकार का खाद्य एवं रसद विभाग केंद्रीय आयकर विभाग से आयकर दाता राशनकार्ड धारकों की जानकारी प्राप्त की है। तो हर जिला पूर्ति अधिकारी को भेजना चाहिए। सवाल यह भी उठता है कि केंद्रीय आयकर विभाग को पूर्ति विभाग से क्या लेना देना है, फिर भी जिला पूर्ति अधिकारी सीमा सिंह द्वारा राशनकार्ड धारकों को बताया जा रहा है कि हमारे पास केंद्रीय आयकर विभाग की सूची आई है। पीड़ित राशनकार्ड धारकों का कहना है कि जो सूची कार्ड धारकों को दिखाई जा रही है वह विभाग द्वारा बनाई गई सूची है। अगर आयकर विभाग की सूची है तो बिना जांच कराए ही किसी भी राशनकार्ड धारक को आयकरदाता क्यों बताया जा रहा है। सूची को धन उगाही का फंडा बनाया गया है। यही कारण है कि आयकर दाता न होने का सबूत दिए जाने के बाद भी जिला पूर्ति अधिकारी उसे मानने को तैयार नहीं। यह भी देखने को मिला कि कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत भी दर्ज करा चुके हैं। शिकायतकर्ताओं का यह कहना है कि समस्या का निस्तारण न करके गलत और भ्रमित कर देने वाली रिपोर्ट भेजकर गुमराह किया जा रहा है। जो जांच का विषय है। पीड़ित राशनकार्ड धारकों ने जनपद के उच्चाधिकारियों से पूर्ति विभाग में फैले भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने और निरस्त किए गए राशन कार्ड को बनाए जाने की मांग किया है।

## धर्म का कार्य अवश्य सफल होता है : ललित नारायण

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज क्षेत्र के पटवध कौतुक शिव मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा व मानस यज्ञ के पांचवें दिन सुबह श्रीकांत पांडेय के नेतृत्व में राहुल दुबे, सौरभ तिवारी, सोनू आदि विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ मानस पाठ एवं यज्ञ का कार्यक्रम चला। वहीं श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। शाम को मानस मर्मज्ञ कथावाचक ललित नारायण गिरी महाराज ने श्रीराम के बाल्यावस्था का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम मानवीय रूप में पृथ्वी पर आए तो किसी को एहसास नहीं हुआ। केवल विश्वामित्र को जानकारी हुई कि भगवान राजा दशरथ के घर पुत्र के रूप में अवतरित हुए हैं। भगवान श्री राम के जन्म से लेकर अशोक वाटिका का वर्णन करते हुए माता सीता द्वारा सती मंदिर में पूजा-अर्चन तक की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि विश्वामित्र ने राजा दशरथ से भगवान श्रीराम को मांगने से पहले वचन दिलाया कि आप राजा हैं मैं तभी मांगूंगा जब आप हां कहिए। राजा दशरथ ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जायी। तब उन्होंने भगवान श्रीराम को ले जाने के लिए कहा कि मैं उन्हें एक अच्छी शिक्षा एवं संसार के कल्याण के लिए ले जा रहा हूं।

# गोंड समाज ने की प्रतीक चिह्न की स्थापना



प्रकृति शक्ति फड़ापेन बड़ादेव में प्रतीक चिह्न की स्थापना करते गोंड समाज के लोग

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** स्थानीय तहसील अंतर्गत ग्राम निधरिया में आदिवासी जनजाति गोंड समुदाय के लोगों द्वारा कोयापुनेम गोंडीधर्म प्रकृति शक्ति फड़ापेन बड़ादेव प्रतीक चिन्ह की स्थापना छितेश्वर गोंड एवं गुप्तेश्वर गोंड के संरक्षण में हुआ। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर मोहन गोंड, शंकर गोंड, ओमप्रकाश गोंड, सुदेश शाह, संजय गोंड, कन्हैया गोंड, सुक्खू गोंड, राजेश गोंड, श्रीनिवास गोंड, मंजीत गोंड, सूचित गोंड, बच्चालाल गोंड, श्रीभगवान गोंड, उर्मिला देवी, अनीता देवी, अरविंद गोंडवाना, मनोज शाह, सुमेर गोंड आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने नहीं जारी की जिलाध्यक्षों की सूची

**बलिया।** भाजपा के नये जिलाध्यक्षों की सूची अब तक जारी नहीं हो पायी है। अब चर्चा यह हो रही है कि 25 प्रतिशत दलित एवं महिलाओं को भी पार्टी स्थान देगी। शायद यही वजह हो सकती है कि नये जिलाध्यक्षों की घोषणा में विलंब हो रही है। करीब डेढ़ माह से नये जिलाध्यक्षों की सूची जारी करने की कवायद चल रही है। क्षेत्रीय कार्यालय से गयी सूची लखनऊतक पहुंची और लखनऊसे सूची दिल्ली केंद्रीय कार्यालय पहुंची है। नये जिलाध्यक्ष की घोषणा के पीछे जातिगत समीकरण को भी पार्टी विशेष महत्व देने में लगी हुई है। क्योंकि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में छोटी जातियों को अपने पाले में लेने के लिये भाजपा दलित और महिलाओं को महत्व दे सकती है। अब चर्चा यह हो रही है कि फरवरी बाद जिलाध्यक्ष की घोषणा होगी।

# ओटीएस योजना का लाभ नहीं उठा रहे बकायेदार

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** ओटीएस योजना का लाभ बकायेदार नहीं उठा रहे हैं। इसके लिए प्रतिदिन कनेक्शन काटे जा रहे है। इसके बाद भी राजस्व वसूली का ग्राफ नहीं बढ़ रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में 226075 कनेक्शनधारियों पर 440 करोड़ का बकाया था। बकाया बिल के ब्याज माफ कर धनराशि जमा करने के लिए सरकार ने तीन चरण में ओटीएस योजना का संचालन किया। योजना अब 28 फरवरी तक ही होगा। अभी तक 55588 बकायेदारों ने ओटीएस में पंजीयन कराया है। इनसे 39.44 करोड़ की राजस्व वसूली की गई है। यह कुल बकाया का 8. 9 प्रतिशत है। इस दौरान चार हजार से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन भी काटा है। विभाग की तरफ से ओटीएस योजना शुरू होने पर सबसे पहले इस तरह के 97 हजार उपभोक्ताओं से फोन से संपर्क किया था। साथ ही नोटिस भी जारी किया गया। अधीक्षण अभियंता लाल सिंह ने कहा कि ओटीएस योजना में कम समय बचा है। बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए टीम बनाकर छापा मारा जा रहा है। इसके लिए अधिशासी अभियंता, एसडीओ व जेई को भी लक्ष्य दिया गया है।